हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • सोमवार • 31.03.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 246 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### हिमाचल : मणिकर्ण में भारी भूस्खलन छह लोगों की मौत

**कुल्लू :** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के प्रसिद्ध धार्मिक पर्यटन स्थल मणिकर्ण में रविवार को बड़ा हादसा हो गया। गुरुद्वारे के पास अचानक भूस्खलन होने से छह लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। घटना के तुरंत बाद प्रशासन और पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया है। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर बाद गुरुद्वारे के पास की पहाड़ी से अचानक भूस्खलन हुआ। इस दौरान एक विशाल चीड़ का पेड़ मलबे के साथ नीचे आ गिरा और सड़क किनारे खड़े तीन से चार वाहनों को अपनी चपेट में ले लिया। इन वाहनों में कई लोग सवार थे, जिनमें से कुछ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई घायल हो गए।

### कामाख्या एक्सप्रेस के 11 डिब्बे बेपटरी, एक की मौत, आठ लोग घायल

**कटक :** ओडिशा में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने की खबर है। हादसे में एक शख्स की मौत हुई है, जबकि आठ यात्री घायल हुए हैं। ट्रेन के 11 डिब्बे पटरी से उतर गए थे। स्थानीय अधिकारी मौके पर मुस्तैद हैं। रेल मंत्रालय ने भी मामले पर नजर बना रखी है। यात्रियों के लिए वैकल्पिक ट्रेन का इंतजाम किया गया है। ओडिशा से रेल हादसे की खबर आ रही है। बताया जा रहा है कि यहां कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए हैं। कटक में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास यह हादसा हुआ है। दुर्घटना में एक शख्स की मौत हुई है, जबकि सात यात्री घायल भी हुए हैं। कटक में नेरगुंडी रेलवे स्टेशन के पास कामाख्या एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने के मामले में डीएम दत्तात्रेय भाऊसाहेब शिंदे ने कहा, 'घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई है और 8 लोग घायल हैं। जिन घायलों को रेफर करने की जरूरत थी और उन्हें बेहतर इलाज के लिए स्थानांतरित किया गया है। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

# 68 लाख के इनामी 50 नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

एजेंसी

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में रविवार को 68 लाख के इनामधारी 50 नक्सलियों ने सामूहिक आत्मसमर्पण कर माओवादी संगठन को करारा झटका दिया है। नक्सलियों ने आत्मसमर्पण बीजापुर पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र यादव के समक्ष किया। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों के सरेंडर करने से माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है।

समर्पण करने वालों में कई वांछित नक्सली शामिल थे। आत्मसमर्पित नक्सलियों पर कुल 68 लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने एसपी, डीआईजी और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) अधिकारियों के सामने अपने हथियार डालकर मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। प्रशासन ने इसे नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में एक अहम कदम बताया है। इस पर राज्य के गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा यह आत्मसमर्पण सरकार की प्रभावी



नीति और सुरक्षा बलों की रणनीतिक कार्रवाई का परिणाम है। हम नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति और विकास लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। आत्मसमर्पण करने वाले सभी नक्सलियों को सरकार की पुनर्वास नीति के तहत सहायता दी जाएगी।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में शनिवार का दिन भी पुलिस व सुरक्षा बलों के नाम रहा। सुरक्षा बलों के जवानों ने अलग-अलग स्थानों पर हुई मुठभेड़ में 11 महिलाओं समेत 18 नक्सलियों को ढेर कर दिया जबकि 15 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया।

एक ओर सुकमा जिले केरलापाल के गोरगुंडा पहाड़ियों में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 17 नक्सली मारे गये जबकि केन्द्रीय सुरक्षा बल का एक जवान समेत चार जवान घायल हो गये। दंतेवाड़ा जिले में रविवार 15 माओवादियों ने पुलिस समक्ष आत्मसमर्पण किया। वहीं बीजापुर में नक्सली-पुलिस मुठभेड़ में एक नक्सली मारा गया। गौरतलब है कि दंतेवड़ा जिले में अबतक 987 माओवादियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसर्पण किया है।

इधर बीजापुर जिले में बासागुड़ा थाना क्षेत्र के टेकमेटा नरसापुर के जंगल में पुलिस और नक्सलियों के मुठभेड़ एक नक्सली मारा गया। घटनास्थल से एक हथियार व विस्फोटक पदार्थ बरामद किया गया। इस बीच बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी ने बताया कि वर्ष 2025 में बस्तर संभाग के अंतर्गत सुरक्षाबलों द्वारा माओवादियों विरोधी अभियान संचालित के परिणाम स्वरूप 87 दिनों में 117 हार्डकोर नक्सली मारे गए।

इससे पहले सुरक्षा बलों ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र के सुकमा और बीजापुर जिलों में दोहरे मुठभेड़ों में 11 महिलाओं सहित 18 नक्सलियों को मार गिराया। यह 31 मार्च 2026 से पहले नक्सलवाद को खत्म करने के मिशन में एक बड़ी सफलता है।

इन ताजा सफलताओं के साथ इस साल अब तक राज्य में अलग-अलग मुठभेड़ों में 134 नक्सली मारे गए हैं। इनमें से 118 बस्तर संभाग में मारे गए। पुलिस के अनुसार, 2024 में सात जिलों वाले बस्तर क्षेत्र में कुल 792 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया था।

## मुख्यमंत्री से कांग्रेस के झारखंड प्रभारी सहित अन्य नेताओं ने की मुलाकात



**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से रविवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर राज्य में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं, जनहित से जुड़े मुद्दों एवं वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य के मद्देनजर प्रासंगिक विषयों पर विचार विमर्श हुआ। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव मौजूद थे।

## आदर्श और सिद्धांतों पर टिका संघ का वटवृक्ष : प्रधानमंत्री मोदी



एजेंसी

**नागपुर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक वटवृक्ष की तरह है और यह वटवृक्ष बीते 100 वर्ष से आदर्श और सिद्धांतों पर टिका हुआ है। किसी भी देश का अस्तित्व उस देश की संस्कृति के विस्तार पर निर्भर करता है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती रहती है। देश पर कई विदेशी आक्रमण हुए, संस्कृति को नष्ट करने के प्रयास हुए लेकिन भारतीय संस्कृति की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई। प्रधानमंत्री मोदी रविवार को नागपुर स्थित माधव नेत्रालय के प्रीमियम सेंटर इमारत के भूमि पूजन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी देश का अस्तित्व उस देश की संस्कृति के विस्तार पर निर्भर करता है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ती रहती है। हमारे देश पर कई विदेशी आक्रमण हुए, हमारी संस्कृति को नष्ट करने के प्रयास किए गए, फिर भी भारतीय संस्कृति की चेतना कभी समाप्त नहीं हुई।


## यूपी एसटीएफ-झारखंड पुलिस ने मुख्तार अंसारी गिरोह के शूटर अनुज कनौजिया को किया ढेर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पूर्वी सिंहभूम :** जमशेदपुर में मुख्तार अंसारी गिरोह के शूटर अनुज कनौजिया को यूपी एसटीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने शनिवार देर रात मुठभेड़ में मार गिराया है। छोटा गोविंदपुर के जनता मार्केट स्थित अमलतास सिटी के पास उसकी पुलिस से मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में दोनों ओर से 25 राउंड से अधिक गोलियां चली। इस गोलाबारी में एसटीएफ के डीएसपी धर्मेंश कुमार शाही घायल हुए हैं। उनके बाएं कंधे पर गोली लगी है। उन्हें टीएमएच में भर्ती कराया गया है। मौके पर पुलिस को कई गोलियां मिली है। अनुज पर दो दिन पहले ही मऊ पुलिस ने ढाई लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। जमशेदपुर



के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल ने बताया कि यूपी एसटीएफ की टीम ने जमशेदपुर में इनामी अपराधी अनुज कनौजिया को गिरफ्तार करने के लिए आई थी। जिसमें जमशेदपुर पुलिस के द्वारा सहयोग किया गया। उत्तर प्रदेश एसटीएफ और झारखंड पुलिस की संयुक्त टीम ने जब अनुज की घेराबंदी कि तब उसने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई में वह मारा गया। अनुज कनौजिया उत्तर प्रदेश से फरार होकर झारखंड के जमशेदपुर में छिपकर रह रहा था। उस पर हत्या, लूट, रंगदारी और गैंगस्टर सहित दो दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज थे। यूपी एसटीएफ को यह जानकारी मिली थी कि अनुज कनौजिया फिलहाल झारखंड के जमशेदपुर में रह रहा है। यूपी एटीएस के एडीजी अमिताभ यश ने बताया कि लोकेशन मिलने के बाद झारखंड एटीएस की सहायता से अनुज को गिरफ्तार करने के लिए टीम शनिवार की देर रात जमशेदपुर के गोविंदपुर के पास स्थित जनता मार्केट पहुंची थी। यूपी पुलिस और झारखंड पुलिस ने घेराबंदी की तो अनुज ने फायरिंग शुरू कर दी थी।




# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में राजग सरकार बिहार का चहुंमुखी विकास कर रही है : अमित शाह

एजेंसी

**पटना :** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग के एक कार्यक्रम में बिहार को कई योजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राजग सरकार बिहार में चहुंमुखी विकास कर रही है।उन्होंने मिथिलांचल के लोगों को सौगात देते हुए मखाना प्रोसेसिंग यूनिट का ऑनलाइन उद्घाटन किया।

केंद्रीय सहकारिया मंत्री अमित शाह ने कहा कि लालू और राबड़ी का जब-जब शासनकाल आया तब-तब बिहार में विनाश हुआ। उन्होंने कहा कि लालू जी ने अगर बिहार की जनता के लिए कुछ अच्छा काम किया है तो हिसाब-किताब लेकर आइये और बताइये। उन्होंने विभिन्न योजनाओं का नाम गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के लिए बहुत कुछ किया है। सहकारिता का सबसे ज्यादा फायदा बिहार को मिलने वाला है।



लालू प्रसाद के समय सहकारिता चौपट हो गयी थी। इसको बर्बाद करने का श्रेय लालू एंड लालू कंपनी ने किया और सहकारी समितियों को भी संबोधित किया।

अमित शाह ने कहा कि बिहार की बंद पड़ी चीनी मिल को चालू करने के लिए पूरी ऊर्जा लगा देंगे। बिहार लालू-राबड़ी कालखंड में जातीय नरसंहार, चारा घोटाला को लेकर पूरे देश-दुनिया में बदनाम हुआ। बीते 20 वर्षों से नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली राजग गठबंधन सरकार में बिहार ने विकास के नए आयाम गढ़े हैं। उन्होंने कहा कि जब-जब इनकी सरकार (लालू-राबड़ी) आई है तब तब विनाश आया है। उन्होंने 2025 के चुनाव में राजग सरकार बनाने का आह्वान किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि आज बिहार में बहुत अच्छे से काम हो रहा है। कभी कोई इतना नहीं कर पाया। उन्होंने कहा कि महिलाएं कितना अच्छे से काम कर रही हैं। पहले शाम होने से पहले कोई निकलता तक नहीं था। मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए कहा कि आज तक उन्होंने कोई कुछ किया है। शुरू से हमलोग काम करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2005 के पहले लोग शाम होने के बाद घर से निकलने से भी डरते थे। सड़कें भी नहीं थीं। यहां तक कि हिंदू-मुस्लिममें भी खूब झगड़े होते थे, लेकिन मैंने जो काम किया मैंने किया, आप लोगों ने नहीं। पहले क्या स्थिति थी। पहले स्वास्थ्य व्यवस्था की कैसी हालत थी? पहले स्वास्थ केंद्र में एक दिन में एक या दो मरीज आते थे। अस्पतालों में दवाई की व्यवस्था करवाई।

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार पटना के बापू सभागार में सहकारिता विभाग के कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां उन्होंने 4 विभागों की 823 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, सहकारिता मंत्री प्रेम कुमार मौजूद थे।

कार्यक्रम में 100 सहकारी समितियों को माइक्रो एटीएम भी बांटे गए। साथ ही गृहमंत्री ने मिथिलांचल के लोगों को सौगात देते हुए मखाना प्रोसेसिंग यूनिट का ऑनलाइन उद्घाटन किया। यहां से उन्होंने 7000 सहकारी समिति को संबोधित भी किया।

## एक नजर

### सौहार्दपूर्ण माहौल में सभी पर्व हो संपन्न : थाना प्रभारी

**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत की उरीमारी थाना परिसर में थाना प्रभारी रंथू उरांव की अध्यक्षता में की गई। बैठक का संचालन एस आई रसिक किस्कू के द्वारा किया गया ।ताकि सौहाद्रपूर्ण माहौल में सरहुल, ईद, रामनवमी पर्व संपन्न हो सके। पोंटगा पंचायत के मुखिया चरका करमाली ने कहा उरीमरी ओपी क्षेत्र अंतर्ग हम सभी लोग एक दुसरे के त्यौहार को अदब करते हैं और मिलजुल कर मनाते हैं। उरीमारी ओपी क्षेत्र अंतर्गत के पूरे प्रखंड में एक अलग पहचान है। और हिंदू - मुस्लिम एकता मिसाल कायम कर के रखा है। जिसे हम सभी लोग कभी टूटने नहीं देंगे। बैठक में मुख्य रूप से नए थाना प्रभारी रथू उरांव, एस आई रसिक किस्कू, सीताराम सिंह, पोटंगा पंचायत मुखिया चरका करमाली, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कानू मरांडी, न्यू बिरसा विस्थापित नेता संजय करमाली, विस्थापित नेता विश्वनाथ मांझी, डा. जीआर भगत, आरसीएमयू (इंटक) बिरसा शाखा सचिव कंचन मांझी, ऑल इंडिया एससी/ एसटी/ ओबीसी एम्पलाई कोडिनेशन काउंसिल उरीमारी शाखा सचिव गणेश राम, गिरधारी प्रजापति, जय हिंद मानव अधिकार एसोसिएशन के प्रमंडल अध्यक्ष मो. हसन, दशाराम हेंब्रम, चंदू जायसवाल, ब्रिज बिहारी प्रसाद, शिव शंकर बेदिया, रणजीत करमाली, भोला रविदास, राजकुमार करमाली, फिरोज अंसारी, असलम अंसारी, सुखदेव सोरेन, मोहन साव, राम लखन साव सहित कई लोग मौजूद थे।

### सनातन धर्म में नए वर्ष के शुभारंभ पर निकाली गई स्वर्वेद यात्रा



**बड़कागांव** : सम्पूर्ण विश्वव्यापी स्वर्वेद यात्रा आयोजन के तहत रविवार को बड़कागांव में स्वर्वेद यात्रा निकाली गई। सनातन धर्म के नए वर्ष के शुरूआत में पूरे विश्व मे एक दिन और एक समय मे यह यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में सिर पर स्वर्वेद रखकर नगर भ्रमण करते हुए लोगों को स्वर्वेद महाग्रंथ की महत्ता के प्रति जागृत किया गया। बताया गया की विहंगम योग के प्रणेता अनंत सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज द्वारा रचित स्वर्वेद, सद ग्रंथ विहंगम योग का प्राण तत्व है एवं मानव मात्र के भौतिक एवं आध्यात्मिक उत्कर्ष का साधन भी। इस चेतन ज्ञान को जन-जन तक पहुंचाना ही इस स्वर्वेद यात्रा का उद्देश्य बताया गया। आध्यात्म, भक्ति, मन और प्राण को आत्म चेतना से अलग करके परमानंद की प्राप्ति का अनुभव कराना ही इस विहंगम योग का लक्ष्य है। विदित हो कि उत्तरी झारखंड प्रचार प्रसार मंत्री नागेश्वर प्रसाद मेहता एवं स्वर्वेद प्रभारी उ. झा. एवं प्रधान संजोजक हजारीबाग, पंकज मिश्रा, गौसेवा मंत्री उ. झा. गोपाल शरण दुबे, हजारीबाग में होने वाले इस यात्रा में शामिल रहे। हजारीबाग के सभी प्रखंडों में यह स्वर्वेद यात्रा निकाली गई। बड़कागांव के आयोजन में स्वर्वेद प्रभारी उ. झा. एवम हजारीबाग प्रधान संयोजक पंकज मिश्रा, जिला सत्संग प्रभारी, भोला नाथ महतो, प्रखंड प्रभारी, जगलाल साव, सह प्रभारी कुलेश्वर साव, अन्न प्रभारी, कुलदीप ठाकुर, भुनेश्वर राणा, गीता देवी, सोहरी देवी, निशा मिश्रा, सुमन देवी, यशोदा देवी, रेशमी देवी, शोभा कुमारी, बीरा कुमारी, मीरा कुमारी, हीरा कुमारी, रूबी कुमारी, जीरवा देवी, बांधनी देवी, पद्दम महतो गुरुजी, महेश महतो, प्रयाग साव, टेक्नारायन साव, गोपाल महतो, नवल सिंह, गौतम कुमार, रामचंद्र साव, बोधन साव, मोहन साव, अजय कुमार मिश्रा, सर्वेश सिंह के अलावा सभी गुरु भाई बहन शामिल हुए ।

# रामनवमी व ईद में शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए डीसी के नेतृत्व में निकला फ्लैग मार्च

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**हजारीबाग** : रामनवमी एवं ईद पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए उपायुक्त नैंसी सहाय एवं पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह के नेतृत्व में शहरी क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। इस दौरान प्रशासनिक पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी समेत पुलिस बल के जवानों ने रामनवमी जुलूस मार्गों पर फ्लैग मार्च किया। पर्व, त्योहारों के अवसर पर विधि व्यवस्था संधारण के लिए जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न स्थानों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल के जवानों की प्रतिनियुक्ति की जानी है। जिला प्रशासन द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने जुलूस मार्गों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम बिजली के झूलते तारों, सड़क किनारे पड़े भवन निर्माण सामग्री, पेड़ों की सुखी डालियों, सड़कों की स्थिति एवं विभिन्न स्थानों पर जुलूस के समय लगने वाले बैरिकेटिंग, अस्थाई शौचालय आदि को लेकर अधिकारियों को कई निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रशासनिक तैयारियों को ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि रामनवमी व ईद का पर्व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो इसके लिए हजारीबाग पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ कार्य कर रही है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। विधि व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कानूनी कारवाई की जाएगी। शांति व्यवस्था बनाये रखने तथा शहरी क्षेत्र के हर गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ड्रोन कैमरे की ली जा रही है मदद, माइकिंग कर आमजनों को जिलापर्व के दौरान सभी इलाकों को ड्रोन कैमरे से निगरानी रखी जा रही है। शहरी क्षेत्र एवं शोभा यात्रा के रास्ते आने वाले छतों और खाली पड़े ग्राउंड की तस्वीर कैद की जा रही है। ड्रोन के मदद से यह देखा जा रहा है कि कहीं भी किसी प्रकार का कोई आपत्तिजनक सामान या फिर ईंट- पत्थर जमा तो नहीं किया जा रहा है। जिन-जिन जगहों पर ड्रोन कैमरे में ईंट- पत्थर के जमा होने की तस्वीर कैद हुई, उसके मकान मालिक और लोगों को अविलंब सभी ईंट- पत्थर हटाने का निर्देश दिया जा रहा है। साथ ही जिला प्रशासन द्वारा जारी दिशा निदेशों को माइकिंग कर जरूरी एहतियात संबंधी जानकारी दी जा रही है। सैलेश चंद्रवंशी, अरुण कुमार वर्मा, देबू जैन, मेहुल कुमार उपस्थित थे।

## भव्य कलश यात्रा के साथ चैती वासंती दुर्गापूजा का हुआ आगाज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**केरेडारी** : केरेडारी प्रखंड रविवार को ग्राम- जमीरा में सार्वजनिक चैती वासंती दुर्गा पूजा का 108 कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया। जिसकी अध्यक्षता श्री बद्रीनारायण सिंह ने किया। वही बतातेचाले की 108 कलश जलयात्रा महिला भक्तों ने घाघरा जप्रपात से उत्पन्न नदी जमीरा से जल भरकर ग्रामीण पथो में भ्रमण कर दुर्गा मंदिर प्रांगण का परिक्रमा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के गाँव, राज्य, एवं देश की खुशहाली, सुख, शांति व समृद्धि के लिये मंगल कामना करते हुए मां दुर्गा का कलश स्थापन किया गया। इस मौके पर पंडित जी महराज श्री आशुतोष मिश्रा, पुजारी श्री महेंद्र सिंह, सुनील राज उर्फ शेर सिंह, सर्वश्री नागेश्वर सिहं, रामस्वरूप सिंह, बसंत सिंह, विनय कुमार,संजय सिंह, सुरेश सिंह, महेश सिंह, केदार सिंह, सरकार सिंह, यदुवीर सिंह (मंत्री जी), हरदेव सिंह, लुटवरण सिंह,राजू सिहं, सत्येन्द्र नारायण सिंह, बजेन्द्र सिंह रवींद्र कुमार सिंह, विकास सिंह, नरेंद्र सिंह, रेशमी देवी, कंचन देवी, रीता देवी, कलावती देवी, मसोमात यशोदा देवी, ढोल वादक बासदेव राम, महावीर राम, करम राम, होरिल राम (शहनाई वादक) सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

## क्षेत्र वासियों के हितार्थ सांसद मनीष का कार्य सराहनीय : लोकनाथ महतो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : सांसद मनीष जायसवाल ने हजारीबाग की ऐतिहासिक और प्रख्यात रामनवमी की परंपरा को जीवंत रखने के लिए सांसद अस्त्र-शस्त्र वितरण अभियान- 2025 की शुरूआत की और लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र में निर्बाध रूप से इस अभियान के तहत पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र वितरण कार्य उनके द्वारा किया जा रहा है। रविवार को सांसद मनीष जायसवाल ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में सात जगहों पर पारंपरिक अस्त्र-शस्त्र वितरण शिविर लगाकर राम भक्तों का उत्साह वर्धन किया और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कुल 285 अखाड़ा धारियों को पारंपरिक कला-कौशल और करतब दिखाने के लिए लाठी और तलवार भेंट किया। सांसद मनीष जायसवाल ने रविवार को इस अभियान की शुरूआत पिपरवार भाजपा मंडल से की जिसके बाद पतरातु प्रखंड के पतरातु, भदानीनगर, भुरकुंडा, बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के हरली, बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड के केरेडारी में शिविर लगातार अखाड़ा धारियों के बीच अपना भेंट पहुंचाया। जिसमें पिपरवार भाजपा मंडल में 14, पतरातु भाजपा मंडल में 41, भदानीनगर भाजपा मंडल में 35, भुरकुंडा भाजपा मंडल में 20, उरीमारी भाजपा मंडल में 35, बड़कागांव पश्चिमी भाजपा मंडल में 60 और केरेडारी भाजपा मंडल में 80 को यह सौगात दिया गया। मौके पर सांसद मनीष जायसवाल ने अपने इस अभियान के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हजारीबाग की रामनवमी पुराने समय में अस्त्र-शस्त्र परिचालन एवं शोभायात्रा में शामिल विभिन्न अखाड़ों के राम भक्तों द्वारा लाठी, तलवार, गदा, मुकदर और बड़े- बड़े पत्थरों का वेट लिफ्टिंग का हैरतअंग्रेज कला कौशल का शानदार प्रदर्शन होता था लेकिन हाल के दिनों में पुरानी पारंपरिक प्रथा में बदलाव हुआ अब पुनः रामनवमी शोभायात्रा में प्राचीन संस्कृति जीवंत हो इस दिशा में हमारा एक प्रयास है। सांसद मनीष जायसवाल ने इस दौरान सभी अखाड़ों के राम भक्तों से अपील करते हुए कहा कि नशा मुक्ति जुलूस की परंपरा को कायम रखें और रामनवमी की परंपरा जीवंत हो इसके लिए पारंपरिक कला कौशल प्रदर्शन का समावेश शोभायात्रा में जरूर करें।

## मन की बात कार्यक्रम केवल संवाद नहीं बल्कि एक जन आंदोलन है : प्रदीप प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने रविवार को अपने विधायक सेवा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 120वें एपिसोड को भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों के साथ मिलकर सुना। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, भाजपा कार्यकर्ता, व्यापारी वर्ग, समाजसेवी और युवा उपस्थित रहे। इस दौरान विधायक प्रदीप प्रसाद ने कार्यक्रम को जनता के प्रति समर्पित एक प्रेरणादायक संवाद बताया और कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम सिर्फ एक संवाद नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन है, जो हमें अपनी जड़ों से जोड़ता है और राष्ट्रहित में योगदान देने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम सामाजिक और सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस माह के मन की बात में कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जिसमें भारतीय संस्कृति और त्योहारों की विशेषता युवाओं के लिए प्रेरणा, महुआ के फूल से बने उत्पादों का प्रोत्साहन,टेक्सटाइल वेस्ट प्रबंधन और सतत विकास जैसे अनेकों मुख्य बिंदुओं पर उन्होंने संदेश दिया। कार्यक्रम के उपरांत विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात सिर्फ एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश को दिशा देने वाला प्रेरणास्त्रोत है। यह कार्यक्रम हमें अपनी संस्कृति, परंपराओं और सामाजिक दायित्वों की ओर लौटने की प्रेरणा देता है। आज उन्होंने जो विषय उठाए, वे हर नागरिक के लिए प्रासंगिक हैं चाहे वह युवा हो, किसान हो, महिला उद्यमी हो या कोई भी आम नागरिक।

## हजारीबाग के रिहायशी इलाके में गजराज ने दिया दस्तक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : हजारीबाग में हाथियों का आतंक कोई नई बात नहीं है कई बार हाथी रिहायशी इलाकों में पहुंच गए हैं शहर के बीचो-बीच लगभग 10 से अधिक हाथियों का समूह उत्पात मचा रहा है हाथियों का समूह डेमोटांड़ रांची हजारीबाग मार्ग स्थित राइस रिसर्च सेंटर के जंगली क्षेत्र में प्रवेश कर गया है। जिसका एक छोर कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अधिकरण (आत्मा) से मिलता है। अब स्थानीय लोगों को यह भय है की आत्मा के चाहरदिवारी के अंदर अगर हाथी प्रवेश कर गया तो वह जनसंख्या बहुल क्षेत्र है जहां बड़ी घटना भी घट सकती है। डेमोटांड़ में हाथियों का आतंक कोई नई बात नहीं है इस बार लगभग 10 हाथियों का झुंड शहर के बीचो-बीच उत्पात मचा रहा है। जिसमें दो छोटे हाथी है और 8 से अधिक बड़े हाथी बताएं जा रहे हैं। हाथी डेमोटांड़ के रास्ते से होते हुए राइस रिसर्च सेंटर के जंगली क्षेत्र में प्रवेश कर गए हैं। यह क्षेत्र में पहले भी हाथी का उत्पात देखने को मिला है। स्थानीय बताते हैं कि शनिवार देर रात को हाथियों का समूह राइस रिसर्च सेंटर के आसपास देखा गया था। उनके आवाज से यह पता चला कि संख्या काफी अधिक है। रात में भय के कारण स्थानीय घर से बाहर नहीं निकले। सुबह जब घर से बाहर निकले तो पता चला कि 10 से अधिक हाथी क्षेत्र में घुस आए हैं। स्थानीय का यह भी कहना है कि राइस रिसर्च सेंटर का पिछला हिस्सा आत्मा से मिलता है। इसके आसपास दो स्कूल भी है। रविवार होने के कारण विद्यालय बंद है।

## हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी के सफल संपादन के लिए सबों का सहयोग जरूरी है : एसपी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** : हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी 2025 के सफल संपादन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन के बैठक का दौर जारी है रामनवमी जुलूस को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर स्थानीय प्रशासन लगातार काम कर रही है इसी क्रम में हजारीबाग की रामनवमी में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले धार्मिक और सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी सदस्यों और पूर्व महासमिति अध्यक्षों के साथ हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह के अध्यक्षता में पुलिस अधीक्षक आवास स्थित सभाकक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में रामनवमी जुलूस के सफल संपादन को लेकर बैठक में उपस्थित लोगों ने बारी बारी से अपने सुझाव दिए। सभा कक्ष में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बड़ा अखाड़ा के महंत विजय आनंद दास ने कहा की मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलते हुए मर्यादित होकर रामनवमी का त्योहार मनाना चाहिए और नशा मुक्ति रामनवमी के लिए सबों को आगे आना चाहिए ताकि हजारीबाग के ऐतिहासिक रामनवमी की गरिमा बरकरार रहे और दूर दराज से आए लोगों को किसी भी तरह की फजीहत का सामना न करना पड़े वही सभा कक्ष में उपस्थित रामनवमी संरक्षण समिति कार्यकारी अध्यक्ष निशांत प्रधान ने कहा कि हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी में जुलूस देखने के लिए भारी संख्या में महिलाऐं आती हैं जिनको पेयजल और शौचालय की समस्या से दो चार होना पड़ता है आगे उन्होंने कहा कि हजारीबाग की ऐतिहासिक रामनवमी के सफल संचालन के लिए महासमिति के साथ साथ संरक्षण समिति और विभिन्न संगठन अपनी सक्रिय भूमिका के रहता है। वहीं संरक्षण समिति संरक्षक राजकुमार गोप ने कहा कि हजारीबाग की रामनवमी का अपना इतिहास है और इस को बरकरार रखने के लिए युवाओं को भी अपनी भागीदारी समझनी होगी आगे उन्होंने युवाओं से अपील किया है कि इस बार की रामनवमी को नशामुक्त बनाने में अपना योगदान से और आने वाली पीढ़ियों को नया संदेश दें।

## संक्षिप्त खबरें

### हजारीबाग में डिजनीलैण्ड मेला का सदर विधायक ने किया उद्घाटन



**हजारीबाग** : हजारीबाग में डिजनीलैण्ड मेला का उद्घाटन शुभारंभ इन्द्रपुरी सिनेमा हॉल प्रांगण में रविवार शाम को हुआ। इस बार भी लोगों के मनोरंजन के लिए विशेष तैयारियाँ की गई हैं। उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद, जबकि विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बटेश्वर मेहता, जदयू नेता राकेश गुप्ता, मनोज सिन्हा ने फीता काट कर और दीप प्रज्वलित कर किया। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा की डिजनीलैण्ड मेला हजारीबाग के नागरिकों के लिए मनोरंजन, व्यापार और सांस्कृतिक समागम का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। यह मेला न केवल बच्चों और परिवारों के लिए आनंददायक है, मैं इस आयोजन की सराहना करता हूँ। संचालक मनोज कुमार साव ने बताया कि इस मेले का आयोजन बच्चों और बड़ों दोनों की रुचि को ध्यान में रखते हुए किया गया है। इस वर्ष मेले को पहले से अधिक भव्य और आकर्षक बनाया गया है। मेले में कई प्रकार की व्यापारिक और खरीदारी की स्टॉल्स लगाई गई हैं, जहाँ विभिन्न प्रकार के उत्पाद उपलब्ध हैं। मौके पर क्षेत्र के समाजसेवी बटेश्वर प्रसाद मेहता, जदयू नेता राकेश गुप्ता, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजकरण पाण्डेय, सागर कुमार, कृष्णा कुमार साव, मनोज कुमार सिन्हा, प्रकाश कुमार, घनश्याम मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

### पांच दिवसीय गैर आवसीय स्वास्थ्य एवं आरोग्य दूत का प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**हजारीबाग** : डाइट प्रांगण में चल रहे 5 दिवसीय गैर आवसीय स्वास्थ्य एवं आरोग्य दूत का प्रशिक्षण पूर्ण हुआ। ज्ञात हो कि विद्यालय स्वास्थ्य एवं कल्याण कार्यक्रम जिले के 640 विद्यालय में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग एवं सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के तकनीकी सहयोग से संचालित है। जिसके अंतर्गत हर माध्यमिक विद्यालय के 2 शिक्षक और उच्य माध्यमिक में 4 शिक्षकों को स्वास्थ्य एवं आरोग्य दूत के रूप में प्रशिक्षण दिया जाना था। इसके लिए 2023-24 में 140 विद्यालयों का प्रशिक्षण हो चुका था। वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिसंबर 2024 से मार्च 2025 के बीच 20 बैच में 500 स्कूलों का रिफ्रेशर ट्रेनिंग और 9 बैच में 148 स्कूल का अतिरिक्त आरोग्य दूतों का प्रशिक्षण पूर्ण किया गया है। इस प्रशिक्षण के अंतर्गत जिले में अब तक 1458 शिक्षक को स्वास्थ्य एवं आरोग्य दूत के रूप में प्रशिक्षण दिया गया है। इस मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक आकाश कुमार ने आरोग्य दूतों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया । DSE ने 4 महीने तक चले इस प्रशिक्षण के लिए सभी DRG को शुभकामनाएं दी साथ ही सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज संस्था को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया । इस मौके पर डाइट संकाय सदस्य रंजीत वर्मा, महेंद्र प्रसाद, जिले के सारे DRGs और सी 3 के अभिनव कुमार मौजूद थे।

### भारत माता चौक पर बदला गया ध्वज, की गई मां की पूजा



**हजारीबाग** : हजारीबाग शहर के प्रवेश मार्ग पर स्थित भारत माता चौक में 9 वर्ष पर ध्वज बदला गया 35 फीट ऊंचे पल में वर्ष में दो बार बदलने की परंपरा है इसी परंपरा के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की सदस्यों ने ध्वजा रोहण हुआ भारत माता पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संस्थापक और गौ सेवा प्रमुख टेकलाल साहू की अध्यक्षता में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मौके पर उपस्थित संघ स्वयंसेवकों ने भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाए सभी को नव वर्ष की बधाई दी और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। मौके पर मौजूद अखिल भारतीय ग्राम पंचायत के जिला कार्यकारिणी सदस्य संतोष यादव बृजेश कुमार हुआ छठ पूजा फल वितरण समिति के अध्यक्ष चंदन मेहता ने भारत माता का पूजन किया पुष्प अर्पित की और मन से देश की समृद्धि का कामना की श्री मेहता ने कहा कि चौक पर भारत माता का मंदिर प्रस्तावित है और मंत्री के निर्माण के लिए जल्द ही भारत माता परिवार के सदस्य सांसद व स्थानीय विधायक से मुलाकात कर सांसद तथा विधायक मदद से भारत माता का मंदिर निर्माण करने की मांग करेगी पता है कि पूरे राज्य में भारत माता का मंदिर कहीं नहीं है और 2022 में विधिवत चौक पर भारत माता मंदिर के लिए चौक स्थापित किया गया था। ज्ञात हो कि चौक का देखरेख जिम्मा सामाजिक कार्यकर्ता शहर अमेरिका भवानी सिक्योरिटी कंपनी करती है वही प्रत्येक वर्ष ध्वज उपलब्ध कराने का कार्य खंडेलवाल वस्त्रालय / फैशन हाउस और हैंडलूम की ओर से की जाती है। वर्ष में दो बार विशेष रूप से ध्वज बदला जाता है। नव वर्ष पर मौके पर टेकलाल साहू ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा की विशेषता बताई और संगठन के उद्देश्य की जानकारी दी। मौके पर काजल शादी घर के संचालक तिलेश्वर साहू, सुदामा राम, सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

### रामनवमी, सरहुल और ईद को लेकर हुई शांति समिति की बैठक



**चौपारण** : जिले में रामनवमी, सरहुल और ईद के त्यौहारों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। पर्वों के दौरान शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को चौपारण थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अंचल अधिकारी संजय कुमार यादव ने किया। जबकि थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने कानून-व्यवस्था को लेकर अहम दिशा-निर्देश दिए। बैठक में दोनों समुदायों के गणमान्य लोग, पंचायत प्रतिनिधि और रामनवमी महासमिति व अखाड़ा समितियों के सदस्य मौजूद रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी, डीजे पर प्रतिबंध रहेगा और झांकियां पूर्व निर्धारित रूट से ही निकाली जाएंगी।

# सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप विवाद को लेकर आदिवासी समुदाय ने किया प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। प्रकृति पर्व सरहुल से पूर्व रविवार को आदिवासी समुदाय के लोग सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप हटाने को लेकर फिर एक बार एकजुट दिखे। रैंप के समीप खड़े होकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आदिवासी समुदाय के एकजुट होने की सूचना पर चुटिया पुलिस सहित कई डीएसपी और थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे। पहले तो सभी को समझाने का प्रयास किया गया। लेकिन, कोई मानने को तैयार नहीं हुआ। इसके बाद माहौल को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिकोण से मौके पर अतिरिक्त पुलिस फोर्स



की तैनाती की गई है। रैफ, रैप समेत जिला पुलिस की कई बटालियन मुस्तैद हैं। रांची पुलिस की ओर से समझाने का प्रयास किया जा रहा है।

**फ्लाईओवर रैंप तोड़ने को लेकर कर रहे हैं नारेबाजी**

सरना स्थल के बाहर एकजुट हुए आदिवासी समुदाय के लोग सिरमटोली फ्लाईओवर रैंप तोड़ने को लेकर डटे हुए हैं। सभी लोग रैंप तोड़ने को लेकर नारेबाजी कर रहे हैं। आदिवासी समुदाय के लोग तीनों बैरिकेटिंग तोड़ कर आगे बढ़ गए। मौके पर आदिवासी संगठन के प्रेमशाही मुंडा, गीता श्री उरांव, राहुल सहित कई आदिवासी नेता मौजूद हैं। उल्लेखनीय है कि 22 मार्च को आदिवासी संगठनों ने सिरमटोली केंद्रीय सरना स्थल के पास बने फ्लाईओवर के रैंप हटाने को लेकर रांची बंद बुलाया था। बंद को लेकर अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद, राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा, आदिवासी जन परिषद, जय आदिवासी केन्द्रीय परिषद, केन्द्रीय सरना समिति, आदिवासी मूलवासी मंच झारखंड, आदिवासी सेना, आदिवासी छात्र संघ, राष्ट्रीय आदिवासी छात्र संघ सहित अन्य 40 बड़े संगठन और 200 से अधिक सरना समिति के लोग बंद के समर्थन में थे।

## सकारात्मक विचारों का उपयोग कर संगठन को प्रत्येक स्तर पर करें मजबूत : के. राजू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत आयोजित शिविर मंथन के पांचवें दिन रविवार को बैठक दो सत्रों में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र में विगत लोकसभा और विधानसभा के प्रत्याशियों(वर्तमान सांसदों एवं विधायकों को छोड़कर) और द्वितीय सत्र में प्रदेश मीडिया प्रभारी, चेयरमैन, प्रवक्ता, सोशल मीडिया एवं जिला प्रवक्ताओं की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर झारखंड के कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने कहा कि बैठक में आये सुझाव और सूचना को गंभीरता से लिया जाएगा। सभी 14 लोकसभा क्षेत्रों से जो बातें आई है वह विचारणीय है और इससे एक सांगठनिक मजबूती की पहल होगी। उन्होंने कहा कि सकारात्मक विचारों का उपयोग करके हम संगठन को प्रत्येक



स्तर पर मजबूत कर सकेंगे। एक साल के अंदर झारखंड में लोकसभा और विधानसभा का चुनाव हुआ। उम्मीद के अनुसार परिणाम से हम दूर रहे। यदि चुनाव में संगठन के स्तर पर समन्वय में थोड़ी भी चुक होती है तो परिणाम बदल सकते हैं। इस गंभीर स्थिति पर हमें अभी से नजर रखकर कार्य करना होगा। चुनाव में परिणाम को मुद्दे और परिस्थितियां बदल सकती हैं। प्रथम सत्र की बैठक में विगत लोकसभा चुनाव के प्रत्याशियों ने चुनाव में आई समस्याओं तथा हर के कारणों पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखंड में आने वाले समय में शहरी निकाय के चुनाव है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में शहरी क्षेत्र में परिणाम संतोषजनक नहीं है। शहरी क्षेत्र के मतदाताओं के रूख को भांपना होगा। आपसी तालमेल के साथ उम्मीदवारों का चयन कर उन्हें समर्थन देकर जीताने की कोशिश करनी होगी। इस मौके पर कांग्रेस विधायक दल नेता प्रदीप यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव हम जितने की स्थिति में थे। कांग्रेस के पक्ष में चुनावी लहर थी। राहुल गांधी के संघर्ष से हमें फायदा मिल रहा था, गठबंधन भी एकजुट और मजबूत था लेकिन फिर भी हम कई सीटों पर हारे। हमें गहरी समीक्षा कर उसमें सुधार करना होगा। किसी भी स्तर के चुनाव में उम्मीदवारों का चयन समय पर होना चाहिए, ताकि पूरी तैयारी के साथ पार्टी चुनाव लड़ सके। बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, राजेश ठाकुर, बंधु तिर्की, जलेश्वर महतो, के एन त्रिपाठी, बन्ना गुप्ता, बादल पत्रलेख, अजय शाहदेव, अरुण साहू, पूर्णिमा नीरज सिंह, यशस्विनी सहाय सहित अन्य उपस्थित थे।

## झारखंड में तापमान में गिरावट से गर्मी से राहत

**रांची :** रांची समेत झारखंड के कई जिलों में तापमान में एक से चार डिग्री की गिरावट से गर्मी से लोगों को राहत मिली है। अगले एक-दो दिनों में तापमान में और गिरावट होने की संभावना हैं। तापमान में गिरावट होने पलामू, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम, देवघर सहित कई जिलों में गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली है। रांची में तापमान में दो डिग्री, जमशेदपुर में दो डिग्री, डालटेनगंज में तीन डिग्री, बोकारो में एक डिग्री और चाईबासा में भी तापमान में एक डिग्री की कमी दर्ज की गई है। रविवार को रांची में मौसम साफ रहा और दिन में गर्मी का एहसास हुआ। रांची में तापमान 33.4, जमशेदपुर में 38.6, डालटेनगंज में 37.5 और बोकारो में अधिकतम तापमान 38.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## कांग्रेस के लोग आरएसएस कार्यालय जाकर संघ को समझें : बाबूलाल मरांडी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड में भाजपा के नेता और कार्यकर्ताओं ने रविवार को आम जनता के साथ बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 120 वां एपिसोड सुना। कांग्रेस के लोग आरएसएस कार्यालय जाकर संघ को समझें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रविवार को नागपुर संघ मुख्यालय जाने को लेकर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इसकी तो प्रशंसा होनी चाहिए। पीएम राष्ट्र भक्तों के संगठन के मुख्यालय गए हैं। और कांग्रेस को पेट में दर्द है तो उसे दूर से नहीं बल्कि संघ मुख्यालय जाकर नजदीक से संघ को समझना चाहिए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी तो कसाब जैसे आतंकवादी को बचाने के लिए रात दिन एक कर देती है। प्रधानमंत्री तो वहां गए जहां देश भक्ति पढ़ाई जाती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी इधर उधर घूमते रहते हैं अच्छा होता एक बार संघ कार्यालय जाकर संघ को देखते और समझते। इसके पूर्व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी रांची महानगर की ओर से मोरहाबादी के पाही बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में महानगर भाजपा अध्यक्ष वरुण साहू सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने लोगों को भारतीय नव वर्ष एवं ईद और सरहुल की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारत प्राचीन गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत से परिपूर्ण देश है। कहा कि नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मन की बात कार्यक्रम में भारत की परंपरा, संस्कृति, विरासत, योग, आयुर्वेद की चर्चा सभी एपिसोड में प्रायः रहती ही है। उन्होंने कहा कि मन की बात में आज फूलों की यात्रा जैसे विषय में महुआ की चर्चा काफी प्रेरक है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री के जरिये विदेशों में बसे भारतीय मूल के लोगों के जरिये अपनी विरासत और संस्कृति से जुड़े रहने की बातों को उजागर किया। कहा कि प्रधानमंत्री का अपनी जड़ों से जुड़ने वालों को बड़ा तूफान भी विचलित नहीं कर सकता, यह प्रेरित करने वाला आह्वान है। उन्होंने कहा कि मन की बात में महान सांस्कृतिक विरासत, भारत की प्रगति, आम जन की सहभागिता, नवाचारों की चर्चा तथा विश्व और भारत की चुनौतियों की चर्चा भी शामिल है। उन्होंने गौरशाली अतीत से प्रेरित होते हुए विकसित भारत, एक भारत, श्रेष्ठ भारत बनाने में हर नागरिक की भूमिका सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

## पुलिस ने 22 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राजधानी के रातू थाना पुलिस ने किराये के मकान में रहकर गांजा की तस्करी करने वाले एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित का नाम गंगा सागर राय है। वह मूल रुप से उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। इसके पास से 22 किलो गांजा और दो मोबाईल फोन बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने रविवार को एक प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि रातू थाना क्षेत्र महाराजा तालाब शिवाला कॉलोनी के आस-पास चांदनी गुड्डू उर्फ हाजी गुडू अंसारी के घर में रह रहे किरायेदार के जरिये अवैध गांजा का कारोबार किया जा रहा है। सूचना के बाद डीएसपी मुख्यालय टू अरविंद कुमार के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम का गठन किया गया। टीम ने उक्त स्थल पर पहुंचकर घेराबंदी की। घेराबंदी के बाद उक्त कमरे का दरवाजा खुलवाया गया और कमरे की तालाशी ली गयी तो पाया कि उसके रूम में रखे दो बैग जिसका रंग क्रमश बैगनी और ग्रे रंग के बैग में संदिग्ध सामान है। पूछने पर बताया कि इसमें करीब 22 कि०ग्रा० गांजा है, जिसे मैं ओड़िसा के झारसुगुढा से लाकर बेचने का काम करता हूं।

## संस्कृत सनातनी भाषा है, प्रत्येक भारतीय को इसका अध्ययन करना चाहिए : स्वामी परिपूर्णानंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** संस्कृत भारती झारखंड प्रांत का प्रदेशस्तरीय दो दिवसीय प्रांत सम्मेलन का शुभारंभ रविवार को नामकुम स्थित आचार्यकुलम विद्यालय के सभागार में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी परिपूर्णानंद ने कहा कि किसी भी भाष्य या टीका का अध्ययन भाषा ज्ञान के बिना असंभव है। संस्कृत भाषा सनातनी और प्राचीन भाषा है, इसका अध्ययन प्रत्येक भारतीय को करना चाहिए। किसी भी व्यक्ति के अभ्युदय का स्रोत स्वधर्म है और यह गीता के अनुसार योग बुद्धि से ही संभव



है। योग बुद्धि से चित्त अर्थात अंतःकरण निर्मल हो जाता है, जिससे सत ज्ञान को धारण करने में सहायता मिलती है। अध्यक्षीय भाषण में चंद्रकांत शुक्ल ने कहा कि पृथ्वी की सृष्टि एक अरब, 95 करोड़, 58 लाख, 126 वर्ष पूर्व आज ही के दिन हुई थी। इस हिंदू नववर्ष संवत्सर का नाम सिद्धार्थ है। उन्होंने प्रतिनिधियों को संस्कृत भाषा की उपयोगिता और कार्य क्षेत्र के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए प्रोत्साहित किया। इस सम्मेलन के मुख्य वक्ता हुलास चंद्र ने कहा कि सतयुग में ज्ञान शक्ति, त्रेता में मंत्र शक्ति, द्वापर में युद्ध शक्ति और कलयुग में संघ शक्ति से समाज में परिवर्तन लाया जा सकता है। कोई भी कार्य समाज को सही दिशा प्रदर्शित करने के लिए करना चाहिए। उपदेशों को जानने से अधिक उसे व्यवहार में लाने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सारस्वत अतिथि दिव्य स्वामी ने कहा कि जिस भाषा का अभ्यास मुख से होता है, उसी से संबंधित विचार मस्तिष्क में आते हैं। जो संस्कृत की पढ़ाई करते हैं, उनकी आत्मशक्ति का संवर्धन होता है। संस्कृत भारती का ऐसा आयोजन संस्कृत भाषा के रक्षार्थ है। मानव जीवन की सार्थकता ऐसे कार्य से हैं, जो समाज और राष्ट्र को समर्पित हो। तामसिक विचारों से अधिक सात्विक विचार वाले लोगों की मानसिक स्थिति सुदृढ़ होती है, जिसके लिए संस्कृत भाषा सहयोगी होती है।

## एक नजर

### सरहुल हमें सिखाता है प्रकृति से प्रेम करना : के राजू

**रांची :** कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के.राजू ने कहा कि सरहुल का पर्व हमें प्रकृति से प्रेम करना सिखाता है। आदिवासी समाज का सरहुल का पर्व पूरे भारतवर्ष में पर्यावरण, जंगल, पहाड़ और पानी को संरक्षण करने का संदेश है। के. राजू रविवार को बनहौरा में सरहुल के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जिस समाज में प्रकृति की पूजा की जाती है, वह निश्चित रूप से संवेदनशील समाज होता है। प्रकृतिपूजक आदिवासी समाज पर्यावरणीय संतुलन को बरकरार रखने जंगलों की रक्षा के लिए कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि सरहुल के संदेश से पूरे विश्व को सीखने की आवश्यकता है। आज पूरे विश्व में वनों को बचाने और उनके क्षेत्रफल बढ़ाने पर चर्चा की जा रही है। झारखंड में इस दिशा में काफी प्रयास जारी है। झारखंड अपने प्राकृतिक परिवेश के लिए जाना जाता है, आज आदिवासी समुदाय के संरक्षण और विकास की आवश्यकता है। जंगलों को बचाने में आदिवासी समुदाय का प्रमुख योगदान है। प्रकृति पूजक यह समुदाय सरहुल के रूप में सामूहिक उत्सव का यह एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करता है। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, बंधु तिर्की सतीश पौल मुजनी, शांतनु मिश्रा, अजय नाथ सहदेव, रियाज अंसारी उपस्थित थे।

### आदिवासी-मूलवासी विरोधी है सरकार : डॉ. देवशरण भगत

**रांची :** आजसू पार्टी ने झारखंड सरकार पर आदिवासी-मूलवासी विरोधी होने का आरोप लगाया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने सिरम टोली सरना स्थल के मार्ग को बाधित करने वाले फ्लाईओवर के रैंप विवाद का समाधान नहीं किया, जिससे आदिवासी समाज में आक्रोश है। मुख्यमंत्री ने रैंप विवाद को नजरअंदाज कर साबित कर दिया है कि उन्हें आदिवासी संस्कृति और सरना स्थल की कोई चिंता नहीं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरना समिति तथा अन्य संगठनों के आंदोलन का आजसू समर्थन करती है। रैंप विवाद पर रांची बंद को मिले जनसमर्थन के बाद भी राज्य सरकार की आंख नहीं खुली है। डॉ. भगत ने कहा कि सरना स्थल के सामने रैंप को उतरने का औचित्य समझ में नहीं आता। उन्होंने कहा कि डोरंडा फ्लाईओवर को कांटा टोली फ्लाईओवर के साथ मिला दिया जाना चाहिए था, ताकि सिरम टोली चौक पर ट्रैफिक जाम न हो।

### राशन कार्डधारियों को राहत, ई-केवाईसी की तारीख बढ़ी

**रांची :** झारखंड के 85 लाख राशन कार्डधारियों के लिए राहत की खबर है। केंद्र सरकार ने ई-केवाईसी की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ा दी है। इससे पहले 31 मार्च तक ई-केवाईसी कराने की समय सीमा तय थी। खाद्य आपूर्ति मंत्रालय के संयुक्त सचिव जय पाटिल ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि 30 अप्रैल तक शत-प्रतिशत ई-केवाईसी का काम पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी साफ किया कि अगर कोई राज्य ई-केवाईसी पूरी नहीं करता है तो उसकी सब्सिडी होल्ड पर रखी जाएगी और अनाज आवंटन में भी कटौती की जा सकती है। जानकारी हो कि ई-केवाईसी का उद्देश्य राशन वितरण प्रणाली में पारदर्शिता लाना और डुप्लीकेट राशन कार्ड को खत्म करना है। झारखंड में अभी तक करीब 70 प्रतिशत का ई-केवाइसी पूरा हो चुका है। हालांकि नेटवर्क की समस्या और ई-पॉश मशीनों के 2जी होने के कारण लोगों को घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है।

## संक्षिप्त खबरें

### रैंप विवाद का समाधान क्यों नहीं करना चाहती सरकार : आजसू



**रांची :** आजसू पार्टी ने आरोप लगाया है कि सरकार आदिवासी-मूलवासी विरोधी है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत और झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर ने कहा है कि आदिवासी समाज कई दिनों से आंदोलनरत है कि फ्लाईओवर के रैंप से सिरम टोली सरना स्थल का मार्ग बाधित नहीं किया जाए, लेकिन सरकार के रैंप विवाद का समाधान नहीं करना चाहती। उन्होंने कहा कि आज भी सैकड़ों सुरक्षा बलों को तैनात कर सरना स्थल की किलेबंदी कर आंदोलन को कुचलने का प्रयास किया गया। मुख्यमंत्री ने रैंप विवाद को नजरअंदाज कर साबित कर दिया है कि उन्हें आदिवासी संस्कृति और सरना स्थल की कोई चिंता नहीं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय सरना समिति तथा अन्य संगठनों के आंदोलन का आजसू समर्थन करती है। रैंप विवाद पर रांची बंद को मिले जनसमर्थन के बाद भी राज्य सरकार की आंख नहीं खुली है। डॉ भगत ने कहा कि सरना स्थल के सामने रैंप को उतरने का औचित्य समझ में नहीं आता। उन्होंने कहा कि डोरंडा फ्लाईओवर को कांटा टोली फ्लाईओवर के साथ मिला दिया जाना चाहिए था, ताकि सिरम टोली चौक पर ट्रैफिक जाम न हो।

### बिना आधार लिंक किए भी 20 लाख महिलाओं को मिलेगी मंईयां की राशि

**रांची :** झारखंड सरकार की मंईयां सम्मान योजना में एक महत्वपूर्ण संशोधन किया गया है, जिसके तहत राज्य की 20 लाख महिलाओं को जनवरी, फरवरी और मार्च 2025 की तीन माह की राशि 7500 रुपये दी जाएगी। यह राशि उन महिलाओं को दी जाएगी, जिनका बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है या जिनके एक से अधिक बैंक खाते हैं। राज्य सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि अगर इन महिलाओं ने अप्रैल 2025 तक अपना बैंक खाता आधार से लिंक नहीं कराया और एक सिंगल खाता नहीं किया, तो वे इस योजना का लाभ नहीं ले पाएंगी। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में इस निर्णय पर सहमति दी गई। बैठक के बाद, कैबिनेट की प्रधान सचिव वंदना दादेल ने बताया कि मंईयां सम्मान योजना में आंशिक संशोधन किया गया है। पहले योजना में यह प्रावधान था कि जिन महिलाओं का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं है या जिनके एक से अधिक खाते हैं, उन्हें दिसंबर 2024 तक आर्थिक सहायता दी जाएगी। अब इस अवधि को बढ़ाकर मार्च 2025 कर दिया गया है। इसके तहत, जिन महिलाओं का खाता आधार से लिंक नहीं है और उनके पास एक से अधिक खाते हैं, उन्हें जनवरी से मार्च तक की राशि दी जाएगी। सभी लाभार्थियों को अपना आधार बैंक से लिंक कराना अनिवार्य होगा और एक सिंगल खाता रखना होगा, तभी वे अप्रैल 2025 से इस योजना के तहत आर्थिक सहायता प्राप्त कर सकेंगी। यदि ऐसा नहीं होता है तो उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा। अब तक 38 लाख महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना के तहत 7500 रुपये की राशि मिल चुकी है। यह राशि होली के पहले ही महिलाओं के खातों में भेज दी गई थी। वहीं, जिन 20 लाख महिलाओं को यह राशि मिलनी बाकी है, उन्हें 31 मार्च से पहले राशि प्रदान कर दी जाएगी। यह योजना मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की पार्टी द्वारा विधानसभा चुनावों के दौरान किए गए वादे का हिस्सा है, जिसमें यह सुनिश्चित किया गया था कि हर महिला को 2500 रुपये प्रति माह की सहायता दी जाएगी।

### झारखंड में कोर्टयार्ड बाय मैरियट का हुआ शुभारंभ



**रांची :** मैरियट बोनवॉय के तीस से अधिक असाधारण होटल ब्रांडों के पोर्टफोलियो का हिस्सा, कोर्टयार्ड बाय मैरियट ने आज कोर्टयार्ड बाय मैरियट रांची के उद्घाटन की घोषणा की, जो झारखंड में पहले मैरियट इंटरनेशनल ब्रांड की शुरूआत है। राज्य के सबसे अधिक मांग वाले क्षेत्रों में स्थित, जो आश्चर्यजनक रॉक गार्डन और सुरम्य कांके बांध के लिए प्रसिद्ध है, यह एक सो ग्यारह कमरों वाला होटल परिष्कृत जीवन और आधुनिक डिजाइन का उदाहरण है। यह बेहतर आराम, यादगार अनुभव और स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यंजनों के रमणीय मिश्रण के साथ व्यापार और अवकाश यात्रियों दोनों के लिए एक स्वागत योग्य स्थान प्रदान करता है। कोर्टयार्ड बाय मैरियट रांची बिरसा मुंडा हवाई अड्डे से केवल पैंतीस मिनट और रांची जंक्शन और हटिया रेलवे स्टेशनों से तीस मिनट की दूरी पर आदर्श रूप से स्थित है। मैरियट इंटरनेशनल के दक्षिण एशिया के एरिया वाइस प्रेसिडेंट रंजू एलेक्स ने कहा, हम झारखंड की जीवंत राजधानी रांची में कोर्टयार्ड बाय मैरियट रांची के उद्घाटन के साथ भारत में अपनी विस्तार यात्रा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर चिह्नित करने के लिए उत्साहित हैं। यह लॉन्च रांची जैसे आशाजनक बाजारों में प्रवेश करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है, जो शहरी ऊर्जा और प्राकृतिक सुंदरता का एक अनूठा मिश्रण प्रदान करता है। कोर्टयार्ड बाय मैरियट आधुनिक यात्रियों की विकसित जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो नवीन प्रौद्योगिकी, आराम और शैली को एक साथ जोड़ता है। हम व्यापार, अवकाश या दोनों के मिश्रण के लिए मेहमानों का स्वागत करने के लिए तत्पर हैं, क्योंकि हम नए गंतव्यों में अपनी सिग्नेचर आतिथ्य लाना जारी रखते हैं। कोर्टयार्ड बाय मैरियट रांची में आधुनिक यात्रियों के आराम और सुविधा के लिए सोच-समझकर डिजाइन किए गए एक सो ग्यारह विशाल कमरे हैं। स्मार्ट सुविधाओं के साथ, प्रत्येक कमरा चिकना, समकालीन सौंदर्यशास्त्र को कार्यक्षमता के साथ जोड़ता है, जिसमें हाई-स्पीड वाई-फाई, एक फ्लैट-स्क्रीन टीवी और एक अच्छी तरह से सुसज्जित लेखन डेस्क जैसी सुविधाएं मिलती हैं। कमरों से कांके बांध के प्राचीन, शांत जल और हरे-भरे, सुंदर बगीचों के दृश्य दिखाई देते हैं, जो मेहमानों को काम की प्रतिबद्धताओं के बीच एक ताजा विराम का विकल्प प्रदान करते हैं। होटल में भोजन के स्थानों में एक पूरे दिन का भोजन - विरासत शामिल है, जहां एक गर्म, हलचल भरी खुली रसोई और स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय व्यंजनों का एक आकर्षक चयन हर तालू को संतुष्ट करने के लिए तैयार है।

### करियर काउंसलिंग सत्र का हुआ आयोजन

**रांची :** कन्या पाठशाला, अपर बाजार में दृष्टि एनजीओ और A-Squared के सहयोग से नारी Inspire — Educate to Empower करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। A-Squared, जो कि रांची के लालपुर में स्थित एक प्रमुख संस्थान है, CAT, XAT, CMAT, IPMAT और CLAT जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने के साथ-साथ छात्रों को ग्रुप डिस्कशन पर्सनल इंटरव्यू और समग्र कौशल विकास में मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को विज्ञान, तकनीक, गणित और तर्कशक्ति के क्षेत्र में करियर के नए अवसरों से परिचित कराना और उन्हें प्रतियोगी परीक्षाओं (JPSC, JSSC) की तैयारी में मार्गदर्शन देना था। कार्यक्रम के दौरान, DAMINI (नारी सशक्तिकरण) और DAKSHA (शिक्षा व कौशल विकास) के अंतर्गत छात्राओं को रळएट फील्ड में करियर के विभिन्न रास्तों पर गहराई से जानकारी दी गई। प्रवीण शर्मा ने छात्राओं के सवालों के जवाब देते हुए उन्हें सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर

### अवैध कोयला लदा ट्रक जब्त, एफआईआर दर्ज

**धनबाद** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सुश्री माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिले में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए खनन टास्क फोर्स ने चिरकुंडा में अवैध कोयला लदा एक ट्रक जब्त किया है। साथ ही चिरकुंडा थाना में एफआईआर दर्ज कराई है। अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा तथा जिला परिवहन पदाधिकारी दिवाकर सी द्विवेदी के नेतृत्व में खान निरीक्षक श्री बसंत उराँव तथा आवंटित पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से चिरकुंडा थाना क्षेत्र में सुबह औचक छापेमारी की। छापेमारी के दौरान जोगरात पंचायत, राय टोला में सामुदायिक भवन के पास ट्रक संख्या डब्ल्यू.बी. 33 सी 5142, जिसपर कोयला लदा हुआ था, को रोकने का इशारा किया। परंतु खनन टास्क फोर्स को देखते ही वाहन चालक मौके का फायदा उठाकर फरार हो गया।ट्रक की विस्तृत जांच करने पर कोयला से संबंधित कोई परिवहन चालान (फॉर्म-डी), वैध कागजात आदि नहीं मिला।

### ईद-उल-फितर को लेकर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन

**बोकारो** : इस वर्ष ईद-उल-फितर मनाया जायेगा। ईद के दिन काफी संख्या में लोग नमाज पढ़ने के लिए निकलते हैं तथा कई जगह मस्जिद-इमामबाड़ा जाने के लिए सड़क पार करते हैं। इस दौरान दुर्घटना होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। इसको लेकर अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री प्रांजल ढ़ांडा एवं ट्रैफिक डीएसपी श्री विद्या शंकर ने यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है। उक्त परिपेक्ष्य में दिनांक 31.03.2025 को समय पूर्वा० 06.00 बजे से पूर्वा० 10.00 बजे तक यातायात को सुव्यवस्थित रखने एवं विधि-व्यवस्था के मद्देनजर निम्न व्यवस्था की जाती है। पेटरवार की ओर से उकरीद मोड़ की ओर आनेवाली भारी वाहनों को जरीडीह टोल प्लाजा के पास रोका जायेगा। पिण्ड्रांजोरा से जोधाडीह मोड़ एवं उकरीद मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को आई०टी० आई० मोड़ के पास रोका जायेगा। धनबाद की ओर से जोधाडीह मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को पुपुनकी टोल प्लाजा के पास रोका जायेगा। इलेक्ट्रोस्टील की ओर से जोधाडीह मोड़ की ओर आने वाले भारी वाहनों को तेलगड़िया मोड़ के पास रोका जायेगा।

### ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन

**बोकारो** : नव विहान साहित्य कला सांस्कृतिक मंच बोकारो इकाई, के तत्वाधान में रविवार को काव्य गोष्ठी का ऑनलाइन आयोजक सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कवि कवयित्रियों ने अपनी रचनाओं का पाठ कर काव्य बयार बहाया। कार्यक्रम का आरंभ संजू कुमारी की सरस्वती वंदना से हुई। कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष गीता कुमारी गुस्ताख ने किया। अमृता शर्मा ने वो लड़की, रिंकू ने पता नहीं था, ज्योति वर्मा ने वक्त गीता कुमारी ने राम बिन जन्म व्यर्थ है, आशा पुष्प ने परिवर्तन, सोनी कुमारी ने राम कथा, सुप्रिया कुमारी सरस ने हौसला, संजू कुमारी ने हाय री परिक्षा, माला ने चैता,मनोज बरनवाल ने पलटवार कौन व कल्पना दास ने आया मौसम गर्मी का शीर्षक कविता की।

### ओडिशा रेल हादसे के कारण रिलीफ ट्रेन के तौर पर चलेगी संपर्क क्रांति

**धनबाद** : कटक निर्गुंडी में बेंगलुरु-कामाख्या एसएमवीटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस की 11 डिब्बे पटरी से उतर गए। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं कई लोग घायल हैं। हालांकि, रेलवे के अधिकारियों द्वारा मृतक के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गई है।

# सिटी सेंटर में यूनिफार्म बाजार का हुआ उद्घाटन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : सेक्टर 4 में रविवार को नवरात्रि के शुभ अवसर पर 'यूनिफार्म बाजार' नामक प्रतिष्ठान का भव्य उद्घाटन कोयलांचल डीआईजी सुरेंद्र कुमार झा ने किया। उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित सुरेन्द्र कुमार झा ने यूनिफॉर्म बाजार का अवलोकन करने के उपरांत बताया की स्कूल यूनिफार्म के फैब्रिक काफी अच्छी क्वालिटी के हैं और हम आशा करते हैं बोकारो के स्कूल में पढ़ने वाले सभी सीबीएसई के प्रतिष्ठित स्कूलों के बच्चों एवम विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस सस्ते दामों पर उपलब्ध होंगे। इससे यहां का शिक्षा का स्तर ऊंचा उठाने में सहायक होगा। इस अवसर पर चैंबर अध्यक्ष मनोज चौधरी, संरक्षक संजय बैद, राजकुमार जायसवाल महामंत्री बीसीसीआई, नरेंद्र सिंह, विनय सिंह, पंकज सिंह, कमलेश जायसवाल, बिनोद जायसवाल, रिटायर्ड डीएसपी बिनोद गुप्ता, सैलेश कुमार, मुकेश जायसवाल, दीवान सिंह, छाया जायसवाल ,माया गुप्ता, बिनीता जायसवाल, सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। प्रतिष्ठान के रोशन जायसवाल ने बताया कि यहां बोकारो के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों जैसे डीपीएस, चिन्मय, डीएवी, जीजीपीएस, एमजीएम, अयप्पा पब्लिक स्कूल, क्रिसेंट पब्लिक स्कूल, केन्द्रीय विद्यालय, पेंटाकॉस्टल सहित अन्य स्कूलों की यूनिफॉर्म उचित मूल्य पर उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि बच्चों की शिक्षा के साथ उनकी ड्रेस और अन्य आवश्यक वस्तुएं भी महत्वपूर्ण होती हैं, इसलिए यह प्रतिष्ठान माता-पिता और विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खोला गया है। इस अवसर पर बोकारो चैंबर ऑफ कॉमर्स के संरक्षक संजय बैद ने कहा कि यह प्रतिष्ठान उच्च गुणवत्ता के स्कूल परिधान उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्कूल बैग, टिफिन बॉक्स, वाटर बोतल आदि की भी बिक्री करेगा। इससे अभिभावकों को एक ही स्थान पर स्कूल से संबंधित सभी आवश्यक चीजें आसानी से मिल सकेंगी।चैंबर के अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कहा की यह नया प्रतिष्ठान छात्रों और अभिभावकों के लिए काफी सहायक साबित होगा और उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्रदान करेगा। बोकारो यूनिफॉर्म बाजार के प्रोपराइटर रोशन जायसवाल ने बताया की बोकारो जिले के सभी तमाम प्रतिष्ठित स्कूलों के यूनिफॉर्म अच्छी क्वालिटी के कम दामों पर विद्यार्थियों को उपलब्ध कराया जाएगा साथ ही स्कूल बैग्स जूते मुझे एवं स्पोर्ट्स वियर भी काम कीमत पर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## इस्पात नगर के गुरुद्वारा में गुरु अमर दास जी का गुरु गद्दी दिवस मनाया गया




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो इस्पात नगर के सेक्टर दो स्थित गुरुद्वारा में रविवार को गुरु अमर दास जी की गुरु गद्दी दिवस श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर गुरुद्वारा के सचिव गुरमेल सिंह ने बताया कि गुरु अमर दास जी सिख धर्म के तीसरे गुरु थे, जिन्होंने गुरु अंगद देव जी के बाद गुरु गद्दी संभाली थी। उन्होंने लोगों को ईमानदारी, प्रेम, और भाईचारे का संदेश दिया और उनके बताए मार्ग का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। जीजीईएस के सचिव सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि गुरु अमर दास जी ने मन को वश में रखने, धर्मात्मा व्यक्ति की संगति करने और एकांत में ध्यान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों का विरोध किया और श्री गुरु ग्रंथ साहिब में 907 भजनों का योगदान दिया। गाइंदवाल शहर की स्थापना के साथ-साथ सिख संगत के प्रबंधन के लिए मंजी प्रणाली की शुरूआत भी की। गुरुद्वारा में ग्रंथी ने शबद-कीर्तन के माध्यम से गुरु जी की महिमा का गुणगान किया। अंत में श्रद्धालुओं ने लंगर का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर सुरजीत सिंह, सरबजीत सिंह, राम सिंह, यशपाल सिंह, तरसेम सिंह, तजिंदर सिंह, मंदीप सिंह, इंदर सिंह, लखविंदर सिंह, असतार सिंह सहित कई श्रद्धालु उपस्थित थे।

## धनबाद में लघु पत्रिकाओं का मेला सभी राज्यों के लिए मॉडल है : प्रो डॉडीके सेन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : रविवार को लिंडसे क्लब हीरापुर, धनबाद में शिल्पे अनन्या त्रैमासिक बंगला पत्रिका द्वारा आयोजित तक तीन दिवसीय कार्यक्रम लघु पत्रिका मेला सह सम्मेलन का सफलता पूर्वक आयोजन के पश्चात आज आयोजन समिति के साथियों का समीक्षात्मक बैठक आयोजन समिति के अध्यक्ष सह शिल्पे अनन्या के संपादक प्रो. डॉ. दीपक कुमार सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। संचालन आयोजन समिति के सचिव डॉ. काशी नाथ चटर्जी द्वारा किया गया। मंचासिन में विश्वजीत गुप्ता, रानी मिश्रा, शर्मिष्ठा सरकार, अधिवक्ता सोमनाथ चौधरी व मैत्री गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे। आज के बैठक का अध्यक्षता कर रहें प्रो. डॉ. डी. के . सेन द्वारा कहा गया कि सभी आयोजन समिति के साथियों को बधाई देते हुए कहें कि धनबाद में लघु पत्रिकाओं का मेला सभी राज्यों के लिए मॉडल है। सभी राज्यों में इसका विस्तार किया जाएगा। संचालन कर रहे डॉ. काशी नाथ चटर्जी द्वारा कहा गया कि पढ़ने की संस्कृति इस देश में समाप्त हो रहा है। इसीलिए लिटिल मैगजीन मेला विस्तार करने का एक हथियार है हम इसे निरंतर करते रहेंगे। अभी भी भारत में 40 प्रतिशत लोगों के पास इंटरनेट की सुविधा नहीं है एक मात्र हथियार पुस्तक है। आज के बैठक में लघु पत्रिका मेला को लेकर अधिवक्ता सोमनाथ चौधरी, विकाश कुमार ठाकुर,भोला नाथ राम, मनोज मजूमदार, कल्याण घोषाल, परेश नाथ बनर्जी, शर्मिष्ठा सरकार, चंदन पाल, रजनीकांत मिश्रा आदि द्वारा अपना विचार रखा गया। इसके साथ ही आज के बैठक में उत्तराखंड से प्रकाशित सुप्रसिद्ध पत्रिका प्रेरणा अंशु का विमोचन किया गया। इसके पश्चात लघु पत्रिका मेला का सफल आयोजन को लेकर आयोजन समिति के सभी साथियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

## कांग्रेस कमेटी का संगठन सृजन वर्ष अभियान के तहत हुआ मंथन कार्यक्रम का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी का संगठन सृजन-वर्ष 2025 अभियान के तहत आयोजित मंथन कार्यक्रम में झारखण्ड प्रदेश प्रभारी आदरणीय श्री के राजू जी के द्वारा बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी के सम्मानित अध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता जी को बोकारो जिला संगठन सशक्तिकरण हेतु जिला समिति, प्रखंड, नगर, मंडल,पंचायत और वार्ड कमेटीयो को पुनर्गठन तथा प्रत्येक माह प्रखंड,नगर,मंडल, पंचायत और वार्ड कमेटीयो को बैठक करने एवं उक्त बैठको की निगरानी समेत आवश्यक टास्क प्राप्त हुआ। उक्त टास्क को पूरा करने के लिए सहयोग हेतु प्रदेश वरीय नेताओं को पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया हैं। साथ ही साथ जिला कमेटी द्वारा हर माह समीक्षा बैठक आयोजित कर उक्त बैठको की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रदेश कमेटी को सौपने का निर्देश प्राप्त हुआ। मौके पर श्री गुप्ता ने कहा कि संगठन सृजन का यह वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसमें किसी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बोकारो जिला कांग्रेस कमेटी संगठन सृजन के तहत प्रखंड, नगर, मंडल, पंचायत और वार्ड स्तर के कार्यकताओं से बैठक कर संगठन सशक्तिकरण पर विशेष चर्चा करेगें। साथ ही साथ नुक्कड़ सभा कर आम जनता के बीच पहुंचकर अपनी व वर्तमान गठबंधन सरकार की उपलब्धियों को बताएंगे।

## दो सड़क हादसे में दो की मौत, एक घायल, पुलिस ने जब्त की कार





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : अलग अलग दो सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई जबकि एक घायल है। मालूम हो की दोनों घटना चास मुफ्फसिल थाना क्षेत्र की है, पहली घटना देर रात को तेलमोच्चो ब्रिज के पास घटी जिसमे धनबाद जिले के महूदा निवासी रेलवे कर्मी उभय रंजन की मौत हो गई, जबकि दूसरी घटना आज थाना के समीप घटी जहाँ बाइक सवार को कार ने जोरदार टक्कर मार दी, घटना मे कमल कांत महतो की मौत हो गई जबकि दीपक कुमार महतो गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों सियालगजरा गांव का रहनेवाला है। दोनो बोकारो स्टील प्लांट के ठेका कर्मी थे जो सुबह ए शिफ्ट में काम करने के लिए प्लांट जा रहे थे। इसी दौरान कार से जोरदार टक्कर हो गई और एक की मौत दूसरा घायल हो गया। पुलिस ने घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कार को जब्त कर लिया है वाही चालक भागने में सफल रहा है। थाना प्रभारी प्रकाश कुमार ने बताया की दोनों बॉडी को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है, पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने मुआब्जा की मांग की है।

# नव वर्ष नव संकल्प वृक्षारोपण ही स्वस्थ पर्यावरण का विकल्प : राजन जी महाराज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बोकारो के मजदूर मैदान में आयोजित राजन जी महाराज द्वारा चल रहे नौ दिवसीय श्री राम कथा आयोजन के चौथे दिन कल प्रभु राम लल्ला अद्भुत प्रसंग से कथा अद्भुत विश्राम तक पहुँची। राजन जी महाराज ने बताया कि हर बच्चे में प्रभु के दर्शन करिये। हर बच्चा प्रभु का ही रूप है। खेलते बच्चे देखकर खुश होइए। सोचिए कि प्रभु आपके सामने लीला कर रहे है। हमारे हृदय में उत्साह है या नही यह बता कर नही व्यवहार से पता चलता है। रामजी के बाललीला की कथा सुनकर पूरा बोकारो हर्षित उल्लासीत हो गया। बोकारो में चल रहे श्रीराम कथा आयोजन में देशभर से लोग आ रहे । पूरा पंडाल कार्यक्रम से पहले ही भर जा रहा है जिससे श्री राम कथा आयोजन ट्रस्ट के समिति सदस्यों एवम वालंटियर्स को अतिरिक्त मेहनत की जरूरत पड़ रही है ताकि श्रोता रामकथा में शामिल होकर निर्बाध रूप से श्रवण का लाभ उठाएं। मंच के माध्यम से राजन जी ने सभी को पर्यावरण के प्रति सचेत किया एवम सभी से हर तरह से इसकी सुरक्षा का आह्वाहन किया। उन्होंने कहा कि घर के हर मंगल अवसर पर वृक्ष लगाएं। अगर हमने ऐसा किया तो यह पृथ्वी बस 5 वर्ष में ही 500 वर्ष का भार उठा लेगी। रामजी के बाललीला की कथा सुनकर पूरा बोकारो हर्षित उल्लासीत हो गया। बोकारो में चल रहे श्रीराम कथा आयोजन में देशभर से लोग आ रहे । पूरा पंडाल कार्यक्रम से पहले ही भर जा रहा है जिससे आयोजक समिति के सदस्यों को अतिरिक्त मेहनत की जरूरत पड़ रही है ताकि श्रोता रामकथा में शामिल होकर निर्बाध रूप से श्रवण का लाभ उठाएं। मंच के माध्यम से राजन जी ने सभी को पर्यावरण के प्रति सचेत किया एवम सभी से हर तरह से इसकी सुरक्षा का आह्वाहन किया। जैसे ही राजन जी महाराज ने राजा जी खजनवा दे द का भजन गाया पूरा पंडाल झूम उठा । लोग जहाँ थे वहीं खड़े होकर झूमने लगे।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस नेता शाहिद कमर द्वारा इफ्तार पार्टी का किया गया आयोजन



**धनबाद** : कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता शाहिद कमर एवं शाहिदा कमर के आजाद नगर स्थित आवास पर शानदार दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया। इस खास मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता सूरज महतो बतौर अतिथि शामिल हुए। अमन-शांति और भाईचारे की दुआ इस अवसर पर सभी ने इफ्तार किया और राज्य में अमन-शांति और भाईचारे की दुआ मांगी। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, स्थानीय लोगों और रोजेदारों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। ईदी गमछा पहनाकर सम्मान शाहिद कमर ने सूरज महतो को ईदी गमछा पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री महतो ने कमर परिवार एवं उपस्थित लोगों को ईद की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। ईद का त्योहार और आभार व्यक्त सूरज महतो ने भव्य इफ्तार पार्टी के आयोजन के लिए शाहिद कमर एवं उनके परिवार को धन्यवाद दिया और आमंत्रण के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ईद खुशियों का त्योहार है, और इस तरह के आयोजन से इन खुशियों में चार चांद लग जाता है।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव वर्ष बड़े धूमधाम से मनाया गया



**धनबाद** : रविवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, तेतुलमारी के प्रांगण में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव वर्ष बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कतरास नगर संघ संचालक सुशील कुमार चौधरी के द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया गया। उन्होंने कहा कि ब्रह्मा जी के द्वारा आज के दिन सृष्टि की रचना हुई है और हमारा नव वर्ष वैज्ञानिक दृष्टिकोण से प्रमाणिक ह। आज ही के दिन उत्सव की श्रृंखला प्रारंभ होती है, हमारी परंपरा ऐसी है कि हम पत्थर में भी ईश्वर के दर्शन करते हैं। प्रकृति आज के दिन यह बताती है कि नव वर्ष का आगमन हो चला है और हम सभी मिलकर के इसको सामाजिक समरसता के साथ मनाते हैं। आज ऐसा देखा जा रहा कि परिवारों मैं सदस्यों की संख्या घटती चली जा रही है परिवार एकत्र नहीं रहते हैं हमें पुनः एक बार संयुक्त परिवार एवं संस्कार को स्थापित करने की आवश्यकता है। इसके बाद उन्होंने बताया कि हमें पर्यावरण की रक्षा करना अति आवश्यक है। जल प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाना होगा,प्लास्टिक का उपयोग कम से काम करना होगा। विशिष्ट अतिथि रूप में विद्यालय के उपाध्यक्ष नकुलचंद्र दास का कहना था कि संघ द्वारा संचालित शाखा में प्रतिदिन जाने का प्रयास करना चाहिए। संघ पत्थर में भी जान डाल देते हैं। उपाध्यक्ष महोदय का उद्बोधन एक गीत के साथ समाप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के अष्टम,नवम एवं दशम के भैया/ बहन के साथ -ही -साथ विद्यालय के संरक्षक अवधेश कुमार सिंह, सचिव संजय शर्मा ,प्रधानाचार्य चितरंजन कुमार सिंह और विद्यालय के सभी आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित थे।

### भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी ने गोविंदपुर जैप 3 में किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**धनबाद** : रविवार को भारतीय रेडक्रास समिति धनबाद द्वारा गोविंदपुर जैप 3 में ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। जिसमें जैप 3 के जवानों ने बढ़चढ़ कर ब्लड डोनेट किया। सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य कुमार मधुरेंद्र सिंह ने भी कैंप में पुनः ब्लड डोनेट करते हुए कहा कि जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें इससे बड़ा मानवता का कार्य कोई दूसरा नहीं,आपका रक्तदान किसी गंभीर इलाजरत व्यक्ति की जान बचा सकता है। आयोजित कैंप में चेयरमैन कौशलेंद्र कुमार सिंह,ब्लड डोनेशन नोडल पदाधिकारी बेनजीर परवीन,कुमार मधुरेन्द्र सिंह कार्यकारिणी सदस्य सह चेयरमैन सलाहकार भारतीय रेडक्रास समिति धनबादआजीवन सदस्य सुजीत कुमार,उज्जवल नायक,मो.इरशाद,ब्लड बैंक से, संजीता,राजु,शिवप्रसाद, राजकुमार जैप 3 के हवलदार दिवाकर कुमार एवं अन्य ने अपने सहभागिता सुनिश्चित की। कैंप का सफल समापन हुआ।

### मैथन डैम में टेमरॉन की ओर से प्री वेडिंग कार्यशाला का हुआ आयोजन




**धनबाद** : शनिवार को मैथन डैम धनबाद में टेमरॉन कंपनी की ओर से प्री वेडिंग फोटोग्राफी वर्कशॉप किया गया। इस वर्कशॉप में धनबाद, मैथन के आसपास क्षेत्र के फोटोग्राफर ने अधिक संख्या में भाग लिया। मेंटर सुजीत कुमार गुप्ता ने प्री वेडिंग के संबंध में फोटोग्राफी एवं वीडियो ग्राफी के तकनीक से सभी फोटोग्राफरों को रूबरू कराया। इस कार्यक्रम के दौरान झारखंड फोटोग्राफी एसोसिएशन सेंट्रल के द्वारा फिफ्थ फोटो वीडियो एक्सपो आगामी 8, 9 एवं 10 अप्रैल 2025 को हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में होने जा रहा है, जिसका पोस्टर लॉन्च किया गया।

### नव वर्ष विक्रम संवत की पूर्व संध्या पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बोकारो** : नव वर्ष विक्रम संवत के पूर्व संध्या पर संस्कार भारती धनबाद के तत्वावधान में श्री श्री स्वामी हरिदास संगीत समारोह शनिवार को भटमरना शिव काली मंदिर प्रांगण में आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत नीलिमा कुमारी, रिचा रानी, प्रज्ञा कुमारी, देवी दत्त, गुरु नित्यानंद सिंह ने गणेश वंदना से की। समारोह में कुशान सेनगुप्ता ने गायन प्रस्तुत की। बांसुरी वादन नित्यानंद हल्दीपुर द्वारा प्रस्तुति दी गयी। अखिलेश गुदेचा, ज्ञानेश्वर देशमुख द्वारा पखावज की जुगलबंदी की। स्मृति राय द्वारा भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुत किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो विशिष्ट अतिथि गोविंदपुर एरिया के महाप्रबंधक गणेश चंद्र साहा, संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री संजय श्रीवास्तव, एलआइसी कतरास शाखा के प्रबंधक संजय सिंह उपस्थित थे।

## एक नजर

### अफीम के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**खूंटी** : पुलिस ने शनिवार को खूंटी थाना क्षेत्र के कुदाडीह गांव के स्थित मुख्य सड़क के पास से एक किलो तैयार अफीम के साथ प्रभु सहाय तिड़ू ( 25) को गिरफ्तार किया है। प्रभु सहाय अड़की थाना क्षेत्र के ग्राम बारूटोला बनमगढ़ा का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से एक किलो तैयार अफीम, एक अपाची मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर (जेएच 10 बी 5607 )और एक काले रंग का बैग बरामद किया है। पुलिस की ओर से रविवार को बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खूंटी थाना क्षेत्र के कुदाडीह के पास एक संदिग्ध व्यक्ति अपनी मोटरसाइकिल के साथ में अफीम की बिक्री के लिए खड़ा है। सूचना पर एसपी ने एक छापेमारी टीम का गठन किया। टीम ने छापेमारी उक्त आरोपित को पकड़ लिया। छापेमारी टीम में खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरूण रजक, खूंटी थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मोहन कुमार, खूंटी थाना के पुलिस अवर निरीक्षक मणिदीप, सीताराम डांगी विकास कुमार, हवलदार भागवत मांझी, आरक्षी दिनेश कुमार के अलावा एसआरबी 2 के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

### वासंतिक नवरात्र के पहले दिन निकली भव्य कलश यात्रा

**खूंटी** : हिंदू नववर्ष पर चैत्र नवरात्र कें पहले दिन रविवार को तोरपा प्रखंड की दियांकेल पंचायत के बांदू स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। सुंदारी के पुरोहित प्रकाश पंडा के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महिलाएं और युवतियों ने कलश पर जल भरा। गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में महिलाएं साथ सिर पर कलश लिए निकली। भक्तों के जयकारों के साथ नवरात्र के प्रसिद्ध भजनों से पूरा बांदू क्षेत्र गुंजायमान होता रहा। कलश यात्रा में शामिल युवाओं की भीड़ जय दुर्गे, जय भवानी का उद्घोष करते चल रही थी। कलश यात्रा जिस-जिस रास्ते से गुजरी, वहां का वातावरण भक्तिमय हो गया। मौके पर मंदिर परिसर में अखंड हरि कीर्तन का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संचालन समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह, केशवर सिंह, शंकर सिंह सहित अन्य ग्रामीणों का योगदान रहा।

### विधायक ने आवासीय विद्यालय का किया उद्घाटन

**चतरा** : पत्थलगड़ा-चतरा मुख्य मार्ग में दुम्बी देवी मंडप के समीप रविवार को आवासीय गुरुकुल पब्लिक स्कूल का विधिवत उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास ने आवासीय विद्यालय का फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। इस मौकै पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए विधायक दास ने कहा कि शिक्षा मनुष्य के लिए अनिवार्य है। शिक्षा से ही परिवार, समाज व देश की उन्नति हो सकती है। गांव स्तर पर इस तरह के स्कूल का संचालन सराहनीय कार्य है। बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अब बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पत्थलगड़ा कृषि के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी बहुत आगे है। ऐसे संस्थान के खुलने से क्षेत्र की पहचान बढ़ती है। उन्होंने कहा कि विद्यालय में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले इसके लिए अभिभावकों को भी सजग रहना होगा। विद्यालय के संचालक अरविंद कुमार राणा ने बताया कि इस विद्यालय में प्रशिक्षित शिक्षकों के द्वारा सीबीएसई व एनसीईआरटी पाठ्यक्रम आधारित शिक्षा दी जाएगी। विद्यालय में कंप्यूटर शिक्षा, हॉस्टल की सुविधा उपलब्ध है। यहां अनाथ बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान की जाएगी। उद्घाटन समारोह में पंचायत प्रतिनिधि, विभिन्न राजनीति दलों के लोग, गणमान्य व अन्य उपस्थित थे।

# बिहार फाउंड्री के चिमनी से धुआं निकलना हुआ बंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : रामगढ़ शहर के इंडस्ट्रियल एरिया में स्थापित बिहार फाउंड्री प्लांट ने जीरो पॉल्यूशन की तरफ अपने कदम बढ़ा दिए हैं। लगभग दो महीने की कड़ी मशक्कत के बाद रविवार को चिमनी से धुआं निकलना बंद हो गया है। निरंतर पॉल्यूशन की मिल रही शिकायत को दूर करते हुए प्लांट प्रबंधन ने कहा कि बिहार फाउंड्री पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। पावर प्लांट को शुरू करने के दौरान कुछ दिनों तक चिमनी से धुआं निकल रहा था। तकनीकी खामियों को दूर करने में कर्मचारी 24 घंटे लगे हुए थे। रविवार की सुबह प्रबंधन को सफलता मिली और अब प्लांट जीरो पॉल्यूशन की कगार पर पहुंच गया है।



**पर्यावरण संतुलन बनाए रखना प्रबंधन का है लक्ष्य**

बीएफसीएल के जीएम राकेश गुप्ता ने बताया कि प्रबंधन पर्यावरण संरक्षण के प्रति पूरी तरह से समर्पित है और प्रदूषण मुक्त उद्योग संचालन की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। कंपनी की चिमनी से किसी भी प्रकार का वायु प्रदूषण नहीं हो रहा है। प्रबंधन का स्पष्ट कहना है कि कंपनी शून्य प्रदूषण के संकल्प के साथ काम कर रही है और इसे शीघ्र ही प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से, कंपनी की टीम आधुनिक उपकरणों के माध्यम से आसपास के गांवों में नियमित रूप से पर्यावरण की गुणवत्ता की जांच कर रही है। परीक्षणों से यह स्पष्ट हुआ है कि फैक्ट्री का उत्सर्जन सभी औद्योगिक मानकों के अनुरूप है।

**8.67 एकड़ में लगाए जाएंगे पौधे**

प्लांट प्रबंधन ने बताया कि 8.67 एकड़ में 3861 पौधे बिहार फाउंड्री की बाउंड्री वॉल के बगल में लगाने हैं। जिसमें काम तेज गति से चल रहा है। इसके अतिरिक्त, प्लांट परिसर की सीमा से सटे भूमि पर लगभग 3500 पौधे रोपित हो रहे हैं। इससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ेगी और पर्यावरण अधिक स्वच्छ एवं सुरक्षित बनेगा। यह अभियान तेजी से प्रगति कर रहा है। राकेश गुप्ता ने बताया कि कुछ असामाजिक तत्व पुराने वीडियो और भ्रामक जानकारियों के माध्यम से प्लांट की छवि धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन, सच्चाई यह है कि कंपनी पूरी पारदर्शिता के साथ पर्यावरणीय दिशा-निदेर्शों का पालन कर रही है और हरित उद्योग, स्वच्छ भविष्य की परिकल्पना को साकार करने के लिए सतत कार्य कर रही है।

## जनजाति समाज और परंपरा का संरक्षण जरूरी : सुगुन मुंडा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददात

**खूंटी** : संघ भवन खूंटी में रविवार को वनवासी कल्याण केंद्र के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में खूंटी जिले में चलने वाले कार्यों पर विचार विमर्श किया गया। सभी प्रखंडों में प्रखंड समिति और शिशु मंदिर, विद्या मंदिर, एकल विद्यालय और श्रद्धा जागरण तथा विभिन्न कार्यों पर मजबूती से कार्य करने पर बल दिया गया। कहा गया कि सभी प्रखंडों और गांवों में संपर्क तथा कार्यों को बढ़ाने की आवश्यकता है। अप्रैल और मई महीने में गांव में संपर्क करने की योजना बनी है सभी प्रखंड कार्यकर्ताओं को संपर्क करने के निर्देश दिये गये हैं। बैठक को संबोधित करते हुए कल्याण केंद्र के संरक्षक सुगुन दास मुंडा ने कहा कि वनवासी कल्याण आश्रम के कार्यों को लेकर जनजाति समाज मजबूती के साथ खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज और परंपरा का संरक्षण देना जरूरी है। जनजाति समाज अस्तित्व को बचाने में आगे है, जनजाति समाज की रूढ़िवादिता परंपरा, संस्कृति को संरक्षण देना जरूरी है। वनवासी कल्याण केंद्र के माध्यम से आज जनजाति समाज जागरूक हो रहा है। खूंटी जिला अध्यक्ष विजय कश्यप ने कहा कि कल्याण आश्रम के माध्यम से ही समाज बच सकता है और देश को आगे बढ़ाने में विशेष रूप से केंद्र योगदान दे रहा है। बैठक में प्रांत के श्रद्धा जागरण प्रमुख मुसाफिर विश्वकर्मा, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप साहू, नगर अध्यक्ष जयप्रकाश भगत, जिला अध्यक्ष नौरी पूर्ति, नगर अध्यक्ष गौरा कुमारी, लीलावती देवी, प्रदीप गुप्ता, रमेश राम, संघ के सह जिला कार्यवाह पुष्पराज, जिला संपर्क प्रमुख अश्विनी मिश्र, बंदगांव के प्रखंड अध्यक्ष दिलीप सिंह तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## जेएलकेएम प्रखंड कमेटी ने क्रेशर खदान की शिकायत डीसी से की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पटमदा** : झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की पटमदा प्रखंड कमेटी ने शनिवार को पत्थर खदान, क्रशर एवं भारी वाहनों के संचालन से उत्पन्न हो रही समस्याओं के समाधान हेतु जिले के उपायुक्त अनन्य मित्तल को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि पटमदा प्रखंड अंतर्गत बनकुंचिया, ओड़िया, काशमार एवं कुमीर पंचायत में पूंजीपतियों के द्वारा पत्थर खदानों एवं क्रशर मशीनों का संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है। जिससे कई समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। जैसे ओड़िया पंचायत के प्राथमिक विद्यालय से लगभग 50 मीटर की दूरी पर स्थित पत्थर खदान में अवैध ब्लास्टिंग के द्वारा खनन कार्य संचालित करने के कारण विद्यालय तथा ग्रामीणों का निवास वाले मकान में दरार आना और मकान टूट जाना,



सरकार द्वारा तय मापदंड तथा ग्राम सभा का उल्लंघन करते हुए ड्रील मशीन द्वारा परिमाप से ज्यादा गर्त कर विषैला रसायनिक बम ब्लास्ट करना, सरकार के नियमों का उल्लंघन करते हुए ग्रामीण रास्ता में भारी वाहनों का आवागमन करने के कारण रास्ता का स्थिति अत्यधिक खराब हो जाना, तथा अत्यधिक धूलकण से आम जनमानस को आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावे अन्य कई मांगें शामिल हैं। पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री समेत जिले के सभी वरीय अधिकारियों को भी भेजी गई है। इस संबंध में जिला प्रवक्ता सुब्रतो महतो ने बताया कि उपायुक्त ने मामले को खुद संज्ञान में लेने का आश्वासन दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला प्रवक्ता सुब्रत महतो व फनी महतो, प्रखंड अध्यक्ष अनिल बास्के, श्याम सुंदर महतो, मृत्यंजय महतो, फुलचांद महतो, विकास महतो, सैकत महतो, हरेकृष्ण महतो आदि शामिल थे।

## वासंतिक नवरात्र पर पहले दिन माता शैलपुत्री की हुई आराधना



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी** : हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के मौके पर खूंटी जिले कें विभिन्न स्थानों पर कलश स्थापना के साथ ही जगत जननी माता दुर्गा की आराधना का पर्व वासंतिक नवरात्र शुरू हो गया। विभिन्न मंदिरों के अलावा घरों में भी सुबह शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना की गई। वासंतिक नवरात्र कें पहले दिन माता के पहले स्वरूप शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। चैती नवरात्र के मौकें पर विभिन्न मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। भक्तिभाव से पूजा-अर्चना के बाद चंडीपाठ शुरू हुआ। पूरा क्षेत्र या देवी सर्वभूतेषु के मंत्रों से गुंजायमान हो उठा।

**बाबा आम्रेश्वर धाम में डीसी-एसपी ने की पूजा-अर्चना**

बाबा आम्रेश्वर धाम में हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 के शुभ अवसर पर स्वंभू शिवलिंग बाबा आम्रेश्वर का भव्य श्रृंगार पूजा की गई। इसके साथ ही धाम परिसर स्थित दुर्गा मंदिर में चैत नवरात्र का अनुष्ठान शुरू हुआ। जिले के उपायुक्त लोकेश मिश्रा और पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने परिवार के साथ बाबा भोलेनाथ और अन्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर अपने परिवार के साथ ही खूंटी जिले की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। खूंटी की प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी बाबा भोलनाथ और दुर्गा महारानी की पूजा-अर्चना की। उपायुक्त, एसपी और बीडीओ ने श्रृंगार पूजा और महाआरती के बाद धाम परिसर के बाकी मंदिरों के भी दर्शन-पूजन किये। इस अवसर पर बाबा आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के महामंत्री मनोज कुमार, कैलाश भगत, प्रेमचंद महतो, महेंद्र कश्यप, दानिएल भगत, श्रीपाल चंद जैन, महेंद्र प्रसाद भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

## ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर सिल्ली थाना में हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली** : सिल्ली थाना परिसर में रविवार को संध्या 5 बजे से ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर के नेतृत्व में सदस्यों के बीच समीक्षा बैठक की गई। बैठक का संचालन मोहम्मद फारूख ने किया। वहीं थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने कहा कि पूर्व की भांति ही उक्त सभी त्यौहार को शांतिपूर्ण व भाईचारगी के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाया जाए। त्योहार के दौरान यदि नवयुवक सड़क सुरक्षा का पालन न करते हुए तेज रफ्तार में दो पहिया वाहन चलाते हुए पकड़े जाने पर पुलिस द्वारा कठोर कार्रवाई करते हुए जेल भेजा जाएगा। बैठक के दौरान समिति के सदस्यों ने पेयजल सुविधा, स्वास्थ्य चिकित्सा एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। सदस्यों ने कहा कि सिल्ली वासियों की सामूहिक भागीदारी से त्यौहार में शांति



व्यवस्था कायम रहेगा एवं विधि व्यवस्था संधारण में प्रशासन को मदद मिलेगी। इसी क्रम में रांची जिला परिषद उपाध्यक्ष बिना चौधरी ने कहा कि ईद, सरहुल और रामनवमी पर्व के मद्देनजर सिल्ली में सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने की आवश्यकता है। पर्व त्यौहार खुशियां मनाने और एक दूसरे से प्रेम बांटने का अवसर प्रदान करता है। मौके पर प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बडाईक, उप प्रमुख आरती देवी, शांति समिति के सदस्य, प्रबुद्धजन, समाजसेवी एवं जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

# रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर में चैत्र नवरात्रि की पूजा शुरू, बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : झारखंड के प्रसिद्ध सिद्ध पीठ रजरप्पा मां छिन्नमस्तिका मंदिर में चैती नवरात्र की शुरूआत हो गई है। रविवार की सुबह से ही श्रद्धालुओं की कतार दर्शन के लिए लग गई। नवरात्रि में माता छिन्नमस्तिका का दर्शन और पूजन कर श्रद्धालु अपनी मनोकामना पूर्ण करते हैं। चैत्र नवरात्र को लेकर मंदिर न्यास समिति और जिला प्रशासन के जरिये तैयारियां की गई है। मंदिर को बेहद आकर्षक तरीके से सजाया गया है। श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए भी व्यवस्था की गई है। माता का भोग प्रसाद भी श्रद्धालुओं को मिलेगा। झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल, बिहार,



उत्तर प्रदेश, ओडिशा और छत्तीसगढ़ से भी श्रद्धालु रजरप्पा मंदिर आते हैं और मां की आराधना करते हैं।

**अमावस्या से ही लगने लगी है श्रद्धालुओं की भीड़**

चैती नवरात्रा में मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा रजरप्पा मंदिर में होती है सिद्ध पीठ होने की वजह से श्रद्धालु अमावस्या के दिन भी होने वाले विशेष पूजन में शामिल होते हैं। नवरात्र से एक दिन पहले ही श्रद्धालु रजरप्पा पहुंचते है। अमावस्या के दिन आयोजित होने वाले विशेष पूजन संध्या आरती में लोगों ने हिस्सा लिया पुजारी सुभाशीष पांडा ने बताया कि इस चैत्र नवरात्रि में मां हाथी पर सवार होकर आ रही हैं। जिसे समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। मां के पूजन से लोगों की मनोकामना पूर्ण होगी।

**रजरप्पा मंदिर और पार्किंग में भी होगी सुरक्षा की व्यवस्था**

रजरप्पा आने वाले श्रद्धालुओं को पूजा करने में परेशानी नहीं हो इसके लिए मंदिर न्यास समिति ने पूरी व्यवस्था की है। लेकिन श्रद्धालुओं को पूरी सुरक्षा मिले इसके लिए पुलिस ने भी सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। मंदिर प्रांगण बाहरी क्षेत्र और यहां तक की पार्किंग में भी पुलिस मौजूद रहेगी। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने बताया कि मंदिर के पास पुलिस की व्यवस्था तो है ही, रजरप्पा थाने को भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा में लगे रहने का विशेष निर्देश दिया गया है। नवरात्र में वीआईपी मूवमेंट भी होता है, इसका भी ख्याल रखा जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए मंदिर परिसर के चारों तरफ शेड लगाए गए हैं, ताकि भक्तों को चिलचिलाती धूप में भी किसी प्रकार की परेशानी न हो। दूर-दूर से आने वाले भक्तों के लिए धर्मशाला में ठहरने की व्यवस्था की गई है। सभी हवन कुंडों की सफाई की गई है ताकि यहां आने वाले भक्त और श्रद्धालु पूजा हवन कर सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### नववर्ष और नवरात्र के शुभारंभ पर हर तरफ रहा उत्सव का वातावरण



**लोहरदगा** : लोहरदगा में नव वर्ष और नवरात्र के शुभारंभ के मौके पर रविवार को हर तरफ उत्साह का माहौल देखने को मिला। वर्ष प्रतिपदा को लेकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शंख नदी से पवित्र जल लेकर महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होकर गुरुकुल शांति आश्रम पहुंची जहां धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुआ। वहीं कलश स्थापना के साथ ही मां दुर्गा की आराधना जगह-जगह हो रही है। मंदिरों और घरों में सुबह से ही मां दुर्गा की पाठ पंडितों की ओर से करायी गयी। हर तरफ भक्ति गीतों के बजने से वातावरण भक्तिमय हो गया। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के अलावे ग्रामीण इलाकों में भी नवरात्र को लेकर उत्साह का माहौल देखा गया। सुबह से ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गयी। पंडित मनोज पांडेय के अनुसार वासंतिक नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर विधिवत पूजा-अर्चना की। नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के पहले स्वरुप माता शैलपुत्री की पूजा की गयी।

### सिल्ली की अंजू गाड़ी और माधुरी कुमारी ने जीता कांस्य पदक




**सिल्ली**: 25 मार्च से 29 मार्च तक आयोजित मिनी राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन आंध्र प्रदेश के गुंटूर शहर में आयोजित की गई थी जिसमें आवासीय तीरंदाजी बालक बालिका प्रशिक्षण केंद्र सिल्ली के तीन तीरंदाज शामिल हुए जिसमें कंपाउंड डिवीजन में बालिका टीम ने कांस्य पदक लेकर केंद्र के साथ साथ रांची जिला और झारखंड राज्य का नाम रोशन किया। टीम में शामिल सिल्ली केंद्र की अंजू गाड़ी, माधुरी कुमारी, जोना डे बॉडिंग केंद्र की आरुषि कुमारी और जमशेदपुर की अनुष्का सिन्हा शामिल थी। वहीं इंडियन राउंड में सोनी कुमारी ने चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। इस उपलब्धि में डीएसओ रांची शिवेंद्र सिंह, अंतर्राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रशिक्षक प्रकाश राम, शिशिर महतो एवं रोहित कोइरी ने बधाई दी।

### धार्मिक स्थल पर कब्जा करने के प्रयास को लेकर हिंदू संगठनों ने थाना में की शिकायत



**चैनपुर** : मुख्यालय के पीपल चौक के पास होलिका दहन धार्मिक स्थल को संजय खलखो द्वारा कब्जा करने का प्रयास से हिंदू समुदाय में रस व्याप्त है जिसे लेकर हिंदू समुदाय एवं कई हिंदू संगठनों ने इसका विरोध करते हुए चैनपुर थाना में रविवार को एक आवेदन सौंप कर संजय खलखो पर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी अनुसार संजय खलखो के द्वारा शनिवार को होलिका दहन स्थल को अपनी जमीन बताते हुए अंचल के माध्यम से जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया जिससे रोष में आए हिंदू समुदाय के द्वारा दुर्गा मंदिर परिसर में शनिवार की देर शाम एक बैठक रखकर विचार विमर्श किया गया जहां कई बुजुर्गों ने बतलाया कि होलिका दहन स्थल हिंदुओं का धार्मिक स्थल है और कई पीढ़ियों से इस स्थान पर प्रत्येक वर्ष होलिका दहन होते आ रहा है और समय-समय पर कई धार्मिक कार्यक्रम भी होते रहते हैं उक्त स्थल से हिंदू समुदाय की धार्मिक भावनाएं जुड़ी हुई है जिसे लेकर बैठक में निर्णय लिया गया कि संजय खलखो द्वारा हिंदू समुदाय के धार्मिक स्थल पर कब्जे के प्रयास से हिंदू समुदाय के धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंच रही है इसके विरोध में अनुमंडल पदाधिकारी अंचल तथा थाना को आवेदन देकर धार्मिक स्थल को बचाने व हिंदू समुदाय के भावनाओं को देखते हुए एवं पिढ़ीयों से चले आ रहे आस्था के केंद्र को बचाने की मांग की जाएगी।

### अवैध माइंस के पास से 350 टन कोयला जब्त



**रामगढ़** : रामगढ़ जिले के गोला थाना क्षेत्र में अवैध माइंस का संचालन हो रहा था। डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक ने कोयला तस्करों के खिलाफ कार्रवाई की। खनन पदाधिकारी ने रविवार को बताया कि गोला थाना क्षेत्र के बढ़काजारा में चल रहे अवैध माइंस के पास से 350 टन कोयला जब्त किया गया है। अवैध कोयला कारोबार को लेकर माइनिंग विभाग ने छापेमारी की। छापेमारी में भैरवी (भेड़ा) नदी के किनारे सुरंग नुमा माइंस और ओपेन माइंस की तर्ज पर अवैध कोयला उत्खनन हो रहा था। उत्खनन वाली जगह से लगभग 350 टन कोयला जब्त किया गया है। साथ ही इसमें शामिल कारोबारियों के खिलाफ मामला भी दर्ज किया जा रहा है। गोला थाना क्षेत्र से लगभग दो किलोमीटर दूर बढ़काजारा गांव में भैरवी (भेड़ा) नदी के किनारे कोयला को अवैध तरीके से निकाला जा रहा था। कोयला तस्करों ने वहां बड़े सुरंग बना दिए थे। साथ ही जेसीबी से कोयला निकाला जा रहा था। डीसी चंदन कुमार के निर्देश पर माइनिंग विभाग की टीम वहां पहुंची, तो उत्खनन को देखकर दंग रह गए। कोयला चोरी करने वाले वालों के जरिये मशीन लगाकर ओपन कास्ट माइंस का आकार देकर कोयला निकाला जा रहा था। साथ ही कई जानलेवा सुरंग भी बनाई गई थी। खनन विभाग की टीम पहुंची तो वहां से मशीन को हटा दिया गया और मौके से मजदूर फरार हो गए।

# राजस्थान का प्रमुख लोकोत्सव है गणगौर पर्व

गणगौर एक प्रमुख त्योहार है। यह मुख्य रूप से राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के ब्रज क्षेत्र में मनाया जाता है। गणगौर दो शब्दों गण और गौर से बना है। इसमें गण का अर्थ भगवान शिव और गौर का अर्थ माता पार्वती से है। इस दिन अविवाहित कन्याएं और विवाहित स्त्रियां भगवान शिव, माता पार्वती की पूजा करती हैं। साथ ही उपवास रखती हैं। कई क्षेत्रों में भगवान शिव को ईसर जी और देवी पार्वती को गौरा माता के रूप में पूजा जाता है। गौरा जी को गवरजा जी के नाम से भी जाना जाता है। धर्मग्रंथों के अनुसार श्रद्धाभाव से इस व्रत का पालन करने से अविवाहित कन्याओं को इच्छित वर की प्राप्ति होती है और विवाहित स्त्रियों के पति को दीघार्यु और आरोग्य की प्राप्ति होती है।

राजस्थानी परम्परा के लोकोत्सव अपने में एक विरासत को संजोए हुए हैं। राजस्थान को देवभूमि कहा जाय तो गलत नहीं होगा। यहां सभी सम्प्रदाय फले फूले हैं। यहाँ के शासकों ने विश्व कल्याण की भवना से अभिभूत होकर लोक मान्यताओं का सम्मान किया है। इसी कारण यहां सभी देवी देवताओं के उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाये जाते हैं। गणगौर का उत्सव भी ऐसा ही लोकोत्सव है। जिसकी पृष्ठ भूमि पौराणिक है। समय के प्रभाव से उनमें शास्त्राचार के स्थान पर लोकाचार हावी हो गया है। परन्तु भाव भंगिमा में कोई कमी नहीं आई है।

लगातार 17 दिनों तक चलने वाला गणगौर का पर्व मूलतः कुंवारी लड़कियों व महिलाओं का त्यौहार है। लेकिन सभी आयु वर्ग की विवाहिता महिलायें भी गणगौर की पूजा करती हैं।राजस्थान की महिलाएं चाहे दुनिया के किसी भी कोने में हों, गणगौर के पर्व को पूरी उत्साह के साथ मनाती है। होली के दूसरे दिन से सोलह दिनों तक लड़कियां प्रतिदिन प्रातः काल ईसर-गणगौर को पूजती हैं। जिस लड़की की शादी हो जाती है वो शादी के प्रथम वर्ष अपने पीहर जाकर गणगौर की पूजा करती हैं। इसी कारण इसे सुहागपर्व भी कहा जाता है।

राजस्थान की राजधानी जयपुर में गणगौर उत्सव दो दिन तक धूमधाम से मनाया जाता है। सरकारी कार्यालयों में आधे दिन का अवकाश रहता है।ईसर और गणगौर की प्रतिमाओं की शोभायात्रा राजमहल से निकलती है। इनको देखने बड़ी संख्या में देशी-विदेशी सैनानी उमड़ते हैं। सभी उत्साह से भाग लेते हैं। इस उत्सव पर एकत्रित भीड़ जिस श्रृद्धा एवं भक्ति के साथ धार्मिक अनुशासन में बंधी गणगौर की जय-जयकार करती हुई भारत की सांस्कृतिक परम्परा का निर्वाह करती हैं । उसे देख कर अन्य धर्मावलम्बी भी इस संस्कृति के प्रति श्रृद्धा भाव से ओतप्रोत हो जाते हैं। ढूंढाड़ की भांति ही मेवाड़, हाड़ौती, शेखावाटी सहित इस मरुधर प्रदेश के विशाल नगरों में ही नहीं बल्कि गांव-गांव में गणगौर पर्व मनाया जाता है एवं ईसर-गणगौर के गीतों से हर घर गुंजायमान रहता है।

कहा जाता है कि चैत्र शुक्ला तृतीया को राजा हिमाचल की पुत्री गौरी का विवाह शंकर भगवान के साथ हुआ था। उसी की याद में यह त्यौहार मनाया जाता है। गणगौर व्रत गौरी तृतीया चैत्र शुक्ल तृतीया तिथि को किया जाता है। इस व्रत का राजस्थान में बड़ा महत्व है। कहते हैं कि इसी व्रत के दिन देवी पार्वती ने अपनी उंगली से रक्त निकालकर महिलाओं को सुहाग बांटा था। इसलिए महिलाएं इस दिन गणगौर की पूजा करती हैं। कामदेव मदन की पत्नी रति ने भगवान शंकर की तपस्या कर उन्हें प्रसन्न कर लिया तथा उन्हीं के तीसरे नेत्र से भष्म हुए अपने पति को पुनः जीवन देने की प्रार्थना की। रति की प्रार्थना से प्रसन्न हो भगवान शिव ने कामदेव को पुनः जीवित कर दिया तथा विष्णुलोक जाने का वरदान दिया। उसी की स्मृति में प्रतिवर्ष गणगौर का उत्सव मनाया जाता है। गणगौर पर्व पर विवाह के समस्त नेगचार व रस्में की जाती है। होलिका दहन के दूसरे दिन गणगौर पूजने वाली लड़कियां होली दहन की राख लाकर उसके आठ पिण्ड बनाती हैं एवं आठ पिण्ड गोबर के बनाती हैं। उन्हें दूब पर रखकर प्रतिदिन पूजा करती हुई दीवार पर एक काजल व एक रोली की टिकी लगाती हैं।

### सूडोकु नवताल- 7386

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7385 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# नैतिक पतन के चलते खतरे में इंसानी रिश्ते

डॉ. सत्यवान सौरभ



समाज में कितना पतन बाकी है? यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है। महिला ने जेठ के साथ मिलकर अपने दो वर्ष के बेटे को मरवा दिया। पत्नी ने प्रेमी सँग मिलकर मर्चेंट नेवी मे अफसर पति के टुकड़े-टुकड़े कर ड्रम में डाल दियाा। पिता ने नौकर से अपने बेटे की हत्या करवायीं। ये कुछ वारदातें तो बानगी भर हैं। दरअसल नैतिक पतन के चलते इस तरह की खबरें अब आम हो रही हैं। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। लेकिन यह भी ध्यान देने की बात है कि नकारात्मक घटनाएँ समाचारों में ज्यादा दिखाई देती हैं, क्योंकि वे लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं। समाज में आज भी बहुत से लोग हैं जो प्रेम, सहयोग और नैतिकता से भरे हुए हैं। हमें जरूरत है कि हम अच्छाई को भी उतना ही महत्त्व दें और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में काम करें। इस पतन के कारणों को समझकर समाधान निकालना जरूरी है- परिवारों में संवाद बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना, नैतिक शिक्षा को मजबूत करना और अपराध रोकने के लिए सख्त कदम उठाना। हमें यह भी सोचना होगा कि हम किस तरह के मूल्यों को बढ़ावा दे रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा समाज बना रहे हैं। समाज के पतन को पूरी तरह रोकना कठिन हो सकता है, लेकिन हम सब मिलकर इसे धीमा कर सकते हैं और सही दिशा में मोड़ सकते हैं।

आज के समय में जब हम समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर नजर डालते हैं तो चारों ओर अपराध, धोखा, हिंसा और नैतिक पतन की खबरें देखने को मिलती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि समाज घोर कलयुग के प्रभाव में प्रवेश कर चुका है। पारिवारिक सम्बंधों में विश्वास की कमी, नैतिक मूल्यों का ह्रास और भौतिक सुखों की अंधी दौड़ ने मानवीय संवेदनाओं को कमजोर कर दिया है। समाज में नैतिकता, रिश्तों की अहमियत और मानवीय संवेदनाएँ धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही हैं। हत्या, विश्वासघात, स्वार्थ, लालच और नैतिक पतन की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। यह देखकर ऐसा लगता है कि समाज एक अंधकारमय दौर की ओर बढ़ रहा है। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। समाज में जिस तरह से नैतिक पतन बढ़ रहा है, वह केवल अपराधों की संख्या नहीं बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने के टूटने का संकेत भी देता है।

समाज में रिश्तों की अहमियत धीरे-धीरे कम होती जा रही है और इसके कई कारण हो सकते हैं। पहले जहाँ रिश्तों में अपनापन, विश्वास और त्याग होता था, वहीं अब स्वार्थ, लालच और दिखावे ने उनकी जगह ले ली है। माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी और दोस्तों के बीच भी आजकल स्वार्थ और लालच हावी होता जा रहा है। परिवार, जो पहले प्रेम और सहयोग का केंद्र हुआ करता था, अब झगड़ों और आपसी मतभेदों का शिकार बनता जा रहा है। छोटी-छोटी बातों पर हत्या, बलात्कार, लूटपाट और धोखाधड़ी जैसी घटनाएँ बढ़ रही हैं। परिवार के सदस्य तक एक-दूसरे के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। लोग नैतिकता और ईमानदारी को छोड़कर किसी भी तरह से धन और सफलता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे उसके लिए उन्हें किसी का शोषण ही क्यों न करना पड़े। पहले लोग जीवन में धैर्य रखते थे, कठिनाइयों को सहन करते थे, लेकिन आजकल गुस्सा और अधीरता लोगों पर हावी हो गई है। छोटे-छोटे विवाद हिंसक रूप लेने लगे हैं। धर्म केवल दिखावे का साधन बनता जा रहा है, जबकि नैतिकता और ईमानदारी की कीमत घटती जा रही है। लोग दूसरों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं, लेकिन खुद सही राह पर नहीं चलते। पहले संयुक्त परिवार होते थे, जहाँ बुजुर्गों का मार्गदर्शन रहता था लेकिन अब व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आधुनिकता के नाम पर पारिवारिक मूल्यों में कमी आ रही है। आर्थिक दबाव, रिश्तों में तनाव और व्यक्तिगत इच्छाओं के टकराव से लोग मानसिक रूप से अस्थिर हो रहे हैं, जिससे वे गलत फैसले लेते हैं। इंटरनेट पर हिंसा, अपराध और अनैतिकता को कहीं न कहीं सामान्य बना दिया गया है। लोग बिना सोचे-समझे घातक कदम उठा लेते हैं। स्कूलों और परिवारों में बच्चों को सही और गलत का फर्क कम सिखाया जा रहा है। लालच, ईर्ष्या और व्यक्तिगत स्वार्थ बढ़ रहे हैं। अपराधी जानते हैं कि सजा मिलने में देरी होगी या बचने का रास्ता मिल जाएगा, जिससे अपराधों की संख्या बढ़ रही है।

अब सवाल है कि इस नैतिक गिरावट को कैसे खत्म किया जाए। दरअसल, यदि परिवार, समाज और सरकार मिलकर सही कदम उठाएँ, तो इस गिरावट को रोका जा सकता है। पारिवारिक मूल्यों को पुनर्जीवित करने के लिए माता-पिता को बच्चों के साथ समय बिताना चाहिए। उन्हें नैतिक शिक्षा देनी चाहिए और सही-गलत का फर्क. समझाना चाहिए। तनाव, अवसाद और गुस्से से जुड़ी समस्याओं को नजरअंदाज न किया जाए। जरूरत हो तो थैरेपी और काउंसलिंग को अपनाया जाए। अपराधियों को कड़ी सजा मिले और कानूनी प्रक्रिया तेज हो, ताकि अपराधियों में डर बना रहे। सकारात्मक कहानियों और नैतिकता से जुड़े कंटेंट को बढ़ावा देना चाहिए, जिससे समाज में अच्छे मूल्यों की प्रेरणा मिले। स्कूलों में नैतिक शिक्षा, सहानुभूति और सामाजिक मूल्यों पर जोर दिया जाए। समाज में नैतिकता और इंसानियत बनाए रखने के लिए हम सबको अपनी ज़िम्मेदारी निभानी होगी। यह केवल सरकार या कानून का काम नहीं है, बल्कि हर व्यक्ति को अपने स्तर पर बदलाव लाने की जरूरत है।

स्पष्ट है कि घोर कलयुग के इस समय में भी अगर हम अपने कर्मों को सही दिशा में रखें, तो यह अंधकार थोड़ा कम हो सकता है। समाज में नैतिकता और इंसानियत बनाए रखने के लिए हमें खुद से शुरूआत करनी होगी। हम केवल सरकार और कानून व्यवस्था को दोष नहीं दे सकते, बल्कि हमें अपने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में बदलाव लाने होंगे। घोर कलयुग के इस समय में भी यदि हम अपने कर्मों को सही दिशा में रखें, तो समाज में अच्छाई का पुनर्जागरण संभव है। हमें यह तय करना होगा कि हम इस अंधकार में खो जाना चाहते हैं या फिर अपने प्रयासों से रोशनी की एक नई किरण लाना चाहते हैं।

**(लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# ईद पर सौगात तो दीपावली पर उपहार क्यों नहीं?

तनवीर जाफरी

भाजपा द्वारा गत दिनों सौगात-ए-मोदी नामक एक अभियान की शुरूआत की गयी। इस अभियान के अंतर्गत देश के 32 लाख मुसलमानों को ईद मनाने के लिए विशेष किट दिये जाने का समाचार है। खबरों के मुताबिक भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चे के कार्यकताओं के माध्यम से देश की अनेक चयनित मस्जिदों में कम से कम 100 लोगों को सौगात-ए-मोदी रुपी विशेष किट देकर उन्हें सहायता पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मोदी की इस सौगात में महिलाओं के लिए सूट, पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, दाल, चावल, सेंवई, सरसों का तेल, चीनी, कपड़े, मेवा, खजूर आदि शामिल हैं। देश भर में मुसलमानों के साथ केंद्र से लेकर अनेक भाजपा शासित राज्यों द्वारा जिसतरह का सौतेला व्यवहार किया जा रहा है इन हालात के मद्देनजर ईद पर 'सौगात-ए-मोदी' पर चर्चा होना लाजिमी है। सौगात-ए-मोदी से जुड़े ऐसे कई सवाल हैं जिसका जवाब देश की जनता सुनना चाहती है।

पहला सवाल तो यही कि अपनी स्थापना के समय से ही कांग्रेस पर मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाने वाली भाजपा की नजरों में क्या यह 'तुष्टिकरण' नहीं है? क्या कांग्रेस या अन्य दल अल्पसंख्यकों के फायदे के लिये कोई योजनाएं लाएं तो केवल वही तुष्टिकरण है और भाजपा जो करे उसे 'सन्तुष्टीकरण' का नाम दे दे?" दूसरी बात यह कि मोदी का मुस्लिम प्रेम न तो गुजरात में लंबे समय तक उनके मुख्यमंत्री रहते उमड़ा न ही पिछले दस वर्षों में उनकी प्रधानमंत्री काल में यह नजर आया। फिर अब आखिर इस सौगात की याद क्यों आई और इसकी जरुरत क्यों महसूस हुई? कहीं यह इसी वर्ष अक्टूबर या नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुस्लिम मतों को लुभाने का एक शगूफा तो नहीं? एक सवाल यह भी कि दूसरे दलों पर वोटों की खातिर 'मुफ़्त की रेवड़ियां' बांटने का आरोप मढ़ने वाली भाजपा ईद पर बंटने वाली सौगात-ए-मोदी को क्या 'मुफ़्त की रेवड़ी' नहीं कहेगी? और इन सबसे बड़ा सवाल यह कि यदि प्रधानमंत्री ईद पर मुसलमानों को सौगात दे रहे हैं तो क्या देश की बहुसंख्य हिन्दू आबादी दीपावली पर उपहार की हकदार नहीं? प्रधानमंत्री को फरवरी 2017 में उत्तर प्रदेश के फतेहपुर की एक जनसभा में राज्य की तत्कालीन समाजवादी सरकार के लिये दिये गये उस बहुचर्चित व विवादित 'प्रवचन 'को नहीं भूलना चाहिये जिसमें उन्होंने कहा था कि-' धर्म के आधार पर किसी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। यूपी में भेदभाव सबसे बड़ा संकट है। ये भेदभाव नहीं चल सकता। हर किसी को उसके हक का मिलना चाहिए ये सबका साथ सबका विकास होता है। उन्होंने कहा, अगर होली पर बिजली मिलती है तो ईद पर भी बिजली मिलनी चाहिए। अगर रमजान में बिजली मिलती है तो दिवाली पर भी बिजली मिलनी चाहिए। गांव में कब्रिस्तान बनता है तो श्मशान भी बनना चाहिए। भेदभाव नहीं होना चाहिए। धर्म और जाति के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। तो क्या उपरोक्त प्रवचन केवल विपक्ष के लिये ही है? आज यह सवाल जरूरी क्यों नहीं कि मुसलमानों को ईद पर सौगात तो हिन्दुओं को दीपावली पर क्यों नहीं? गुरुपर्व पर सिक्खों को तोहफा क्यों नहीं? ईस्टर या गुड फ्राइडे पर ईसाइयों को क्यों नहीं? यह भेदभाव क्यों और इसका कारण क्या है? दरअसल भाजपा ने कोरोना काल के बाद मुफ़्त राशन बांटकर आम जनता के वोट लेने का जो तरीका अपनाया है और उसे मतदाताओं की नयी श्रेणी अर्थात 'लाभार्थी श्रेणी' के रूप में चिन्हित किया है यह सौगात -ए -मोदी भी उसी तरह का एक खेल है जो बिहार चुनाव से पहले खेला जा रहा है। इस खेल के बहाने भाजपा लालू यादव व नितीश कुमार दोनों ही नेताओं के साथ खड़े मुस्लिम मतदाताओं को अपने पक्ष में लामबंद करने का एक प्रयास कर रही है। उसे लगता है कि जिसतरह मुफ़्त राशन बांटकर उसने भूखे व बेरोजगार लोगों को अपने पक्ष में कर लिया है शायद सौगात -ए -मोदी किट भी बिहार में भाजपा के लिये उसी तरह फायदेमंद साबित हो। परन्तु शायद ऐसा होने वाला इसलिए नहीं क्योंकि इस समय मुसलमानों की सबसे बड़ी चिंता उनकी सुरक्षा है,उनकी शिक्षा व रोजगार है। उनकी इबादतगाहों की सुरक्षा है। उनके धार्मिक रीति रिवाजों को अमल में लाने की स्वतंत्रता है। उनके साथ निष्पक्षता से पेश आना तथा न्याय करना है।

परन्तु इसी मोदी राज में देश के अनेक भाजपा शासित राज्यों में नमाज पढ़ने पर पाबंदी लगाई जा रही है। सड़कों,पार्कों यहाँ तक कि अपने घर की छतों पर भी नमाज पढ़ने पर रोक लगने की खबर है। हरियाणा में तो ईद का अवकाश ही 31 मार्च को बहाना बनाकर गजेटेड हॉलीडे की लिस्ट से हटा कर रिस्ट्रिक्टेड हॉलिडे कर दिया गया है। ऐसे में विपक्ष सवाल कर रहा है कि ईद मुसलमानों का एक ही सबसे बड़ा त्योहार होता है, जो पूरे देश में मनाया जाता है। ऐसे में आखिर ईद की गजेटेड छुट्टी को वैकल्पिक छुट्टी के रूप में क्यों बदल दिया गया? आज जगह जगह मुसलमानों के आर्थिक बहिष्कार की खबरें आ रही हैं। यहाँ तक कि महाकुंभ जैसे आयोजन में कुछ लोगों ने मुसलमानों के मेला प्रवेश तक का विरोध किया। खुले आम भाजपाई समर्थक नफरत फैला रहे हैं। अनेक स्थानों से पुलिस,प्रशासनिक पक्षपातपूर्ण कार्रवाई की खबरें आ रही हैं। मुसलमानों के धर्म स्थलों को निशाना बनाया जा रहा है। जगह जगह बेगुनाह लोगों के घरों पर बुलडोजर चलाये जा रहे हैं। दिसंबर 2019 में नागरिकता संशोधन विधेयक पर होने वाले विरोध प्रदर्शनों को लेकर यह मोदी ने ही तो कहा था कि 'जो आग लगा रहे हैं, टीवी पर जो उनके दृश्य आ रहे हैं, ये आग लगाने वाले कौन हैं, उनके कपड़ों से ही पता चल जाता है।' और आज उन्हीं को सौगात पेश की जा रही है? यदि भाजपा या मोदी वास्तव में मुसलमानों को सौगात देना चाहते हैं तो उन्हें व उनकी पार्टी व सरकार को भारतीय मुसलमानों से नफरत करने वाले लोगों की बयानबाजियों पर लगाम लगनी चाहिये। जब संसद में उनके सांसद खुले आम मुसलमानों को गालियां देने लगें तो समझा जा सकता है कि इस विरोध की जड़ें कितनी गहरी हैं। पक्षपात हर स्तर पर बंद होना चाहिये। इसी लिये यदि ईद पर सौगात दे रहे हैं तो दीपावली-होली,गुरुपर्व पर भी उपहार दिया जाना चाहिये।

# वृद्धों के लिए उजाला बना सुप्रीम कोर्ट का फैसला

ललित गर्ग

देश ही नहीं, दुनिया में वृद्धों के साथ उपेक्षा, दुर्व्यवहार, प्रताड़ना, हिंसा तो बढ़ती ही जा रही है, लेकिन अब बुजुर्ग माता-पिता से प्रॉपर्टी अपने नाम कराने या फिर उनसे गिफ्ट हासिल करने के बाद उन्हें यूं ही छोड़ देने, वृद्धाश्रम के हवाले कर देने, उनके जीवनयापन में सहयोगी न बनने की बढ़ती सोच आधुनिक समाज का एक विकृत चेहरा है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने वृद्धों के जीवन को नरक बनाया है। बच्चे अपने माता-पिता के साथ बिल्कुल नहीं रहना चाहते। ऐसे बच्चों के लिए सावधान होने का वक्त आ गया है, सुप्रीम कोर्ट ने इसको लेकर एक ऐतिहासिक फैसला दिया है। अपने इस महत्वपूर्ण फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अगर बच्चे माता-पिता की देखभाल नहीं करते हैं, तो माता-पिता की ओर से बच्चों के नाम पर की गई संपत्ति की गिफ्ट डीड को रद्द किया जा सकता है। यह फैसला माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम के तहत दिया गया है, जिससे वृद्धों की उपेक्षा एवं दुर्व्यवहार के इस गलत प्रवाह को रोकने में सहयोग मिलेगा। क्योंकि सोच के इस गलत प्रवाह ने न केवल वृद्धों का जीवन दुश्वार कर दिया है बल्कि आदमी-आदमी के बीच के भावात्मक फासलों को भी बढ़ा दिया है।


वसुधैव कुटुम्बकम्-की बात करने वाला देश एवं उसकी नवपीढ़ी आज एक व्यक्ति, एक परिवार यानी एकल परिवार की तरफ बढ़ रहे हैं, वे अपने निकटतम परिजनों एवं माता-पिता को भी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं, उनके साथ नहीं रह पा रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए सराहनीय पहल की है जिसमें कहा गया था कि अगर गिफ्ट डीड में स्पष्ट रूप से शर्तें नहीं हैं, तो माता-पिता की सेवा न करने के आधार पर गिफ्ट डीड को रद्द नहीं किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हाईकोर्ट ने कानून का ह्यसख्त दृष्टिकोणह्न अपनाया, जबकि कानून के वास्तविक उद्देश्य को पूरा करने के लिए उदार दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता थी। यह फैसला एक महिला की उस याचिका पर आया जिसमें उसने अपने बेटे के पक्ष में की गई गिफ्ट डीड को रद्द करने की मांग की थी क्योंकि बेटे ने उसकी देखभाल करने से इनकार कर दिया था। परिवारों में संपत्ति के विवाद तो पता नहीं कब से चले आ रहे हैं, लेकिन आधुनिक समाज में ये विशेष रूप से बढ़ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसले से समाज में बुजुर्ग लोगों की उपेक्षा, दुर्व्यवहार एवं उनके प्रति बरती जा रही उदासीनता की त्रासदी से उन्हें मुक्ति देकर उन्हें सुरक्षा कवच मानने की सोच को विकसित करने की भूमिका बनेगी ताकि वृद्धों के स्वास्थ्य, निष्कंटक एवं कुंठारहित जीवन को प्रबंधित किया जा सकता है। वृद्धों को बंधन नहीं, आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा है।

संवेदनशून्य समाज में इन दिनों कई ऐसी घटनाएं प्रकाश में आई हैं, जब संपत्ति मोह में वृद्धों की हत्या कर दी गई। ऐसे में स्वार्थ का यह नंगा खेल स्वयं अपनों से होता देखकर वृद्धजनों को किन मानसिक आघातों से गुजरना पड़ता होगा, इसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता। वृद्धावस्था मानसिक व्यथा के साथ सिर्फ सहानुभूति की आशा जोहती रह जाती है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। वरिष्ठ नागरिकों के हितों की रक्षा की आवश्यकता पर जोर देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे कई वरिष्ठ नागरिक हैं जिन्हें उनके बच्चे अनदेखा कर देते हैं और संपत्ति हस्तांतरित करने के बाद उन्हें अपने हाल पर छोड़ देते हैं। जस्टिस सीटी रविकुमार और संजय करोल की पीठ ने कहा कि यह अधिनियम एक लाभकारी कानून है जिसका उद्देश्य उन बुजुर्गों की मदद करना है जिन्हें संयुक्त परिवार प्रणाली के कमजोर होने के कारण अकेला छोड़ दिया जाता है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए इसके प्रावधानों की व्याख्या उदारतापूर्वक की जानी चाहिए, न कि संकीर्ण अर्थों में।

पहले परिवार से किसी भी मनुष्य की पहचान जुड़ी होती थी, इसलिए लोग परिवार से जुड़े रहते थे। अब उसकी पहचान उसकी कार या कपड़ों के ब्रांड आदि भौतिकतावादी चीजों से होती है। यह भौतिकवाद की मृगतृष्णा इंसान की सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक पहचान पर हावी हो गई है, बल्कि अब तो संस्कृति और आध्यात्मिकता भी उपभोक्ता वस्तु की तरह बाजार में हैं। एक बड़ी समस्या भारत जैसे देशों में है, जो इस दौड़ में शामिल हो गए हैं, पर इतने समृद्ध नहीं हुए हैं कि इस जीवनशैली को आसानी से अपना सकें। भारत में परिवार के सदस्यों में परस्पर दूरियां लगातार बढ़ रही हैं। भूमि संबंधी विवाद भाई-भाई के बीच होते-होते अब पिता-पुत्र के बीच भी होने लगे हैं और मामला हत्या तक पहुंच जाता है। ताजा मामला भी संपत्ति विवाद का ही है। आज के बेटों को पुश्तैनी संपत्ति का लाभ तो चाहिए, पर पिता-माता के साथ रिश्ते अच्छे रखना उनकी प्राथमिकता नहीं है। ऐसे में, कई माता-पिता भी अपनी संतानों को बेदखल करने के लिए मजबूर हो जाते हैं। यह वक्त है, जब हमें जानना होगा कि अपने लोगों से संबंध और संवाद ही जीवन को सार्थक बनाता है।

## दैनिक पंचांग

31 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



सोमवार 2025 वर्ष का 90 वा दिन दिशाशूल पूर्व ऋतु बसंत।
विक्रम संवत् 2081 शक संवत् 1946
मास चैत्र पक्ष शुक्ल
तिथि द्वितीया 09.12 बजे तदनन्तर तृतीया 05.43 बजे प्रात: को समाप्त।
नक्षत्र अश्विनी 13.45 बजे को समाप्त।
योग वैधृति 13.46 बजे को समाप्त।
करण कौलव 09.12 बजे, तैतिल 19.26 बजे तदनन्तर गर 05.43 बजे प्रात: को समाप्त। चन्द्रायु 01.6 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 04° 10'
सूर्य उत्तरायन कलि अहर्गण 1872300
जूलियन दिन 2460765.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना सव्वाल तारीख 01
विशेष झूलेलाल जयंती, गौरी पूजा, गणगौर, मत्स्य जयंती।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.39 बजे से |
| चंद्र | मेष में | वृष | 08.19 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.17 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 12.30 बजे से |
| गुरु | वृष में | सिंह | 14.47 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 16.58 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.09 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 21.24 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 23.40 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | मकर | 01.45 बजे से |
| | | कुंभ | 03.31 बजे से |
| | | मीन | 05.04 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

एक नजर

## झलपो ईदगाह में ईद की तैयारी जोरों पर, सुबह 8 बजे अदा होगी नमाज



**झुमरी तिलैया** : ईद उल-अजहा की तैयारियां झलपो ईदगाह में जोरों पर चल रही हैं। पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल है, और लोग धार्मिक उल्लास के साथ ईदगाह को सजाने में लगे हुए हैं।झलपो ईदगाह में ईद की विशेष नमाज सुबह 8:00 बजे अदा की जाएगी। इसके लिए सफाई,सजावट और अन्य तैयारियां अंतिम चरण में हैं। ईदगाह की तैयारियों की कमान मो. निशार ने संभाली है। उनकी अध्यक्षता में सभी लोग मिलकर ईदगाह को सुंदर और भव्य रूप देने में जुटे हैं।इस कार्य में सलाहकार मोजीब फैज, मो. शाहनवाज,मो. रईस, मोहम्मद हैदर, मोहम्मद तसलीम, अरशद नवाब, मोहम्मद गुफरान,मोहम्मद आफताब, मोहम्मद शाहनवाज आलम सहित अन्य स्थानीय लोग अपनी सेवाएं दे रहे हैं।सजावट और तैयारियों में लोगों की सहभागिता आपसी भाईचारे और सौहार्द का अनूठा उदाहरण पेश कर रही है। हर कोई इस पावन पर्व को श्रद्धा और समर्पण के साथ मनाने के लिए उत्साहित है।ईदगाह में उमड़ने वाली भीड़ और धार्मिक उत्साह को देखते हुए, सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त की जा रही हैं।

## कौंडिण्निया फाउंडेशन की ओर से भगवान बुद्ध की प्रतिमा व हॉस्टल का किया गया उद्घाटन




**झुमरीतिलैया** : कौंडिण्निया पब्लिक स्कूल में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें कौंडिण्निया फाउंडेशन की ओर से भगवान बुद्ध की प्रतिमा का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कौणिडनिया पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सह रिटायर्ड आईपीएस ऑफिसर राजीव रंजन सिंह की माता तारा देवी ने फीता काटकर भगवान बुद्ध की प्रतिमा का उद्घाटन किया। राजीव रंजन सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान बुद्ध की प्रतिमा का उद्घाटन करने का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नैतिकता, सच्चाई, कर्तव्य, निष्ठा, सदाचार और जीवन में शांति के मार्ग का चयन जैसे सद्गुणों को विकसित करना है,ताकि वे जीवन में एक सफल नागरिक बन सकें। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए एक प्रेरणा स्रोत साबित होगा और उन्हें भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात करने के लिए प्रेरित करेगा। उसके पश्चात उन्होंने स्कूल में छात्रों के लिए आधुनिक सुविधाओं से लैस हॉस्टल का भी उद्घाटन किया।

## लायम ग्रुप ऑफ कंपनी ने गवर्मेंट पॉलिटेक्निक में कैंपस चयन का किया आयोजन

**कोडरमा** : लायम ग्रुप ऑफ कंपनी ने गवर्मेंट पॉलिटेक्निक कोडरमा में एक कैंपस चयन का आयोजन किया गया। जिसमें गवर्मेंट पॉलिटेक्निक कोडरमा,राम गोविंद पॉलीटेकनिक इंस्टीटूटव और गवर्मेंट पॉलीटेकनिक खरसावां के छात्र भाग ले रहे थे। लायम ग्रुप ऑफ कंपनी के प्लेसमेंट ऑफिसर, प्रोफेसर रवि शंकर मोरिया, साथ ही गवर्मेंट पॉलीटेकनिक के सीनियर लेक्चरर अयोध्या कुमार और प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट समिति के सदस्य—लेक्चरर मनोज यादव , संतोष कुमार कुमार, और लेक्चरर भूपेंद्र कुमार ने कैंपस चयन प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रोफेसर रवि शंकर ने चयन प्रक्रिया और कंपनी के बारे में विस्तृत जानकारी भी प्रदान की।

# अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन और हुसैनिया यूथ क्लब में किया गया इफ्तार पार्टी का आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** चंदवारा प्रखंड के जोलहकरमा स्थित मस्जिद-ए-अक्सा में रमजान के 28वें रोजे के अवसर पर अंजुमन इस्लाहुल मुस्लिमीन और हुसैनिया यूथ क्लब द्वारा भव्य इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हिंदू,मुस्लिम,सिख,ईसाई सहित विभिन्न राजनीतिक और सामाजिक संगठनों के लोग एकजुट हुए और सौहार्द का संदेश दिया।

**गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल**

इस आयोजन ने गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल पेश की जहां सभी समुदायों के लोग एक साथ बैठकर इफ्तार में शामिल हुए और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का संदेश दिया। शाम करीब 6:00 बजे पहुंचे रोजेदारों ने हाफिज शमीम साहब की दुआ के साथ रोजा खोला। इफ्तार की शुरूआत खजूर और शरबत से हुई, जिसके बाद सभी ने देश में अमन, चैन,खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी।


**सम्मानित अतिथियों की उपस्थिति**

कार्यक्रम में कई गणमान्य लोग शामिल हुए,जिनमें प्रमुख रूप से जिला परिषद सदस्य महादेव राम,पूर्व जिला परिषद सदस्य मो. कयूम, मुखिया श्यामदेव यादव, झामुमो जिला अध्यक्ष वीरेंद्र पांडेय, बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी शमशाद आलम, उमेश यादव, अरविंद यादव और रवि शंकर यादव आदि मौजूद रहे। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य महादेव राम ने कहा कि रमजान का महीना पवित्रता और आपसी भाईचारे का संदेश देता है। हम सब मिलकर इस अवसर पर रोजा खोलते हैं, जिससे यह साबित होता है कि सभी धर्मों के लोग एक-दूसरे के पर्व में उल्लासपूर्वक शामिल होते हैं। पूर्व जिला परिषद सदस्य मो. कयूम ने कहा कि इस इफ्तार पार्टी में गंगा-जमुनी तहजीब की झलक देखने को मिली। इसी तरह हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई मिलकर सभी त्योहार मनाते आए हैं और आगे भी मनाते रहेंगे। मुखिया श्यामदेव यादव ने कहा कि इफ्तार पार्टी विभिन्न समुदायों के बीच एकता और भाईचारे का प्रतीक है। इससे हमारी साझा संस्कृति और विरासत और मजबूत होती है। जेएलकेएम प्रवक्ता रवि शंकर यादव ने कहा कि इफ्तार पार्टी अपने आप में एक मिसाल कायम करती है। जिस तरह हिंदू धर्म में छठ का विशेष महत्व है, उसी तरह इस्लाम में रमजान का महीना बेहद पाक और पवित्र माना जाता है। उन्होंने आयोजन समिति को आमंत्रण के लिए आभार जताया।

**सद्भावना को बढ़ावा देने की पहल**

आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में एकता और सद्भावना को बढ़ावा देते हैं। उपस्थित लोगों ने इस बात पर जोर दिया कि धार्मिक समरसता और आपसी भाईचारा ही देश की सबसे बड़ी ताकत है।

## 10 दिवसीय नि:शुल्क योग शिविर का किया गया आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में निःशुल्क 10 दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया गया।यह शिविर झुमरी तिलैया ग्रैंड सूर्या के लोन परिसर में किया जा रहा है। शिविर का समय 4:45 से 6:15 सुबह तक योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन गायत्री देवी के द्वारा किया जा रहा है। यह शिविर के प्रशिक्षक योगाचार्य सुषमा सुमन है। सुषमा सुमन ने कहा कि यह शिविर बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि योग से क्या-क्या लाभ होता है योग क्यों करना चाहिए आने वाले योग से क्या लाभ मिलने वाला है सभी बीमारियों के बारे में बताया जाएगा। चाहे योग हो आयुर्वेद हो एक्वा प्रेशर पॉइंट खाने पीने का दिनचर्या हो कौन सीजन में क्या खाना चाहिए कौन फल खाना चाहिए कौन सब्जी खाना चाहिए। इसके बारे में भी पूरी जानकारी दिया जा रहा है। आज शिविर का उद्घाटन हनुमान चालीसा का उच्चारण करके शिविर का उद्घाटन सुषमा सुमन की। योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि इस 10 दिन के योगाभ्यास में झारखंड बिहार के सुप्रसिद्ध डॉक्टर जयप्रकाश बरनवाल उपस्थित रहेंगे। उनके मार्गदर्शक में जन्म से लेकर बुढ़ापा तक कैसे स्वस्थ रहें इसके बारे में जानकारी देंगे।

## एडुमेटा द आई स्कूल का हुआ उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** झुमरीतिलैया स्थित ब्लॉक मैदान के बगल में एडुमेटा द आई स्कूल का विधायक डॉ नीरा यादव ने उद्घाटन किया। रविवार को आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ ही भारतीय संस्कार देना भी जरूरी है। आज बच्चे मोबाइल की लत नहीं छोड़ पाते हैं, ऐसे में जरूरी है खेल-खेल में उन्हें शिक्षा दी जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एडुमेटा द आई स्कूल बच्चों में अच्छे संस्कार भी भरेगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक सह मुख्य अतिथि डॉ नीरा यादव के साथ पेंशनर समाज के अध्यक्ष नारायण मोदी, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, वार्ड पार्षद आशीष भदानी, विधि महाविद्यालय की व्याख्याता डॉ राखी भदानी, निदेशक मधु कुमारी, रेड क्रॉस के चेयरमैन अजीत बरनवाल, सेनि शिक्षक भोला चौधरी, विहिप के मनोज चंद्रवंशी और अधिवक्ता सत्येंद्र गौतम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर प्ले स्कूल का उद्घाटन किया। द आई स्कूल कोडरमा की निदेशक मधु कुमारी ने बताया कि केयर, कमिटमेंट और क्रिएटिविटी इस स्कूल का टैग लाइन है। महज 2 साल से कम समय में कोडरमा में इसने अपनी अलग पहचान बनायी है और अब झुमरीतिलैया में भी ब्रांच शुरू किया गया है। झुमरीतिलैया ब्रांच की एडमिन संध्या आंचल ने बताया कि द आई स्कूल के पूरे देश मे लगभग एक हजार ब्रांच हैं, जिसमें खेल के साथ शिक्षा दी जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं ने विधायक डॉ नीरा यादव को पौधा देकर सम्मानित किया। मौके पर माहुरी समाज के अध्यक्ष अरुण कुमार सेठ, समाजसेवी विनोद भदानी, संजीव समीर, विशाल भदानी, अविनाश कुमार, मुन्ना भदानी, रवि कप्सीमे, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष देवनारायण मोदी, सुनील भदानी, अरशद खान, बिट्टू लोहानी, रोहित पहाड़ी, राजकिशोर प्रसाद, रोहित सिंह, संध्या आंचल, श्रुति राय, ज्योति कुमारी, आंचल, सोमनाथ सरकार, विकास समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## बिना यू डायस और मान्यता के चल रहे निजी विद्यालय, नहीं हो रही कार्रवाई




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चंदवारा :** प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा के अधिकार अधिनियम एवं विभागीय नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बड़े पैमाने पर निजी विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। विभागीय लापरवाही एवं उपेक्षित रवैया के कारण बिना यू डायस के प्राइवेट स्कूल व कोचिंग संचालित है। जिसका कोई लेखा जोखा विभाग को भी नहीं है। चंदवारा प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा के अधिकार अधिनियम एवं विभागीय नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बड़े पैमाने पर निजी विद्यालयों और आवासीय कोचिंग का संचालन किया जा रहा है। विभागीय लापरवाही एवं उपेक्षित रवैया के कारण बिना यू डायस और मान्यता मानक और मापदंड के प्राइवेट स्कूल खुल रहे हैं। शिक्षा विभाग के सख्त आदेशों के बावजूद भी इस पर विराम नहीं लग पा रहा है। कई स्कूल संचालकों ने तो आठवीं की मान्यता होने के बाद भी 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं संचालित कर रखी है। इसके अलावा भी क्षेत्र से बाहर सीबीएसई मान्यता प्राप्त विद्यालय चंदवारा प्रखंड क्षेत्र के कई अमान्यता प्राप्त विद्यालय के वर्ग 9 के बच्चों का विद्यालय में पंजीकृत कर उन्हें सीबीएसई परीक्षा में दिलवा रही है। वहीं विभाग के पास क्षेत्र में गलत तरीके व बिना यू डायस और बिना मान्यता के संचालित आवसीय कोचिंग व शिक्षण संस्थाओं की न तो सूची है और न ही ऐसे स्कूलों और कोचिंगो के खिलाफ कोई कार्यवाही की जा रही है। जबकि नए सत्र में भी अनेक स्थानों पर फर्जी शिक्षण संस्थाएं खुल रही है। चंदवारा प्रखंड क्षेत्र में शिक्षा के अधिकार अधिनियम एवं विभागीय नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए बड़े पैमाने पर निजी विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। विभागीय लापरवाही एवं उपेक्षित रवैया के कारण बिना मान्यता के प्राइवेट स्कूल खुल रहे हैं। शिक्षा विभाग के सख्त आदेशों के बावजूद भी इस पर विराम नहीं लग पा रहा है। कई स्कूल संचालकों ने तो आठवीं की मान्यता होने के बाद भी 9वीं से 12वीं तक की कक्षाएं संचालित कर रखी है।

## पचगांवां शाखा के सभापति शिवनारायण मेहता एवं मंत्री जयप्रकाश मेहता बने

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



कोडरमा : झारखंड कुशवाहा चासा सेवा समिति कोडरमा,प्रधान कार्यालय डोमचांच का 22 वां त्रैवार्षिक चुनाव का शाखा पचगावां का चुनाव 29 मार्च को रात्रि में उत्क्रमित मध्य विद्यालय, पचगावां प्रांगण में बबुनी मेहता की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समिति का मुख्य उद्देश्य शैक्षणिक,आर्थिक एवं सामाजिक उत्थान हेतु समर्पित है। 1959 ई से लगातार समिति लोगों की सुख-दुःख के सेवा में तत्पर है। चुनावी सभा के दौरान कई वक्ताओं ने संगठन की मजबूती पर अपना बहुमूल्य विचार दिया। मुख्य चुनाव प्रभारी बलराम भारती, सहायक चुनाव प्रभारी संजीत कुमार मेहता, केंद्रीय समिति के सभापति, उपसभापति, संरक्षक, अंकेक्षक, अंकेक्षक, महामंत्री, उप महामंत्री, क्षेत्रीय मंत्री, व्यवस्थापिका सभा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी एवं विभिन्न शाखा के मंत्री एवं सभापति की उपस्थिति में पचगावां शाखा समिति का चुनाव बड़े गहमा गहमी के साथ संपन्न हुआ। चुनाव में सर्वसम्मति से व्यवस्थापिका सभा सदस्य ममता कुमारी, हीरालाल मेहता, अयोध्या मेहता का चयन किया गया। वहीं शाखा सभापति शिवनारायण मेहता, उपसभापति मुन्नी देवी,मंत्री जयप्रकाश मेहता, उप मंत्री जय नंदन मेहता, कोषाध्यक्ष लोकनाथ मेहता, शिक्षा मंत्री देवनंदन मेहता, सदस्य के रूप मे चंपा देवी, बाबूलाल मेहता, पवन मेहता, सुभाष मेहता, जितेंद्र मेहता, शिवजी मेहता, राजू मेहता तथा गटी महतो संतोष मेहता,सहयोगी दिलीप मेहता का चयन सर्वसम्मत से किया गया। शाखा संगठन मजबूत के लिए शांति सुरक्षा दल का भी चयन किया गया। चयनित शाखा समिति के पदाधिकारी एवं शांति सुरक्षा दल के सभी सदस्यों को अपने-अपने पद की गोपनीयता का शपथ दिलाया गया।

# एड्डी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति धार्मिक न्यास बोर्ड रांची झारखंड से पंजीकृत हुआ : नितेश चंद्रवंशी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** सार्वजनिन दुर्गा पूजा समिति एड्डी बांग्ला झुमरी तिलैया जिला कोडरमा को झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड से पंजीकृत होकर मान्यता प्राप्त हुई। विगत कई महीनो से एड्डी बांग्ला दुर्गा पूजा समिति विवाद में चल रहा था। किसी व्यक्ति विशेष के द्वारा इस दुर्गा पूजा समिति परिसर को व्यक्तिगत संपत्ति बनाने का प्रयास किया जा रहा था। समाज के आसपास के लोगों ने इसका प्रतिकार किया और विरोध स्वरूप उपायुक्त कोडरमा को ज्ञापन सौंपा गया। उपायुक्त के निदेर्शानुसार अनुमंडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की गई। मामले की छानबीन की गई, सभी महत्वपूर्ण पुराने आरोपों पर विचार किया गया। उसके उपरांत अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा ने समिति को यह निर्देशित किया की समिति को ट्रस्ट के रूप में निर्माण करना है और झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड से संबंधता प्राप्त करनी है। अनुमंडल पदाधिकारी के निदेर्शानुसार एक सार्वजनिक ट्रस्ट का निर्माण किया गया जिसके अनुसार वर्ष 1924 से स्थापित सर्वजानीन दुर्गा पूजा समिति एड्डी बांग्ला झुमरी तिलैया के नाम से एक ट्रस्ट का निर्माण कोडरमा निबंधन कार्यालय से किया गया। जिसे कोडरमा निबंधन कार्यालय में ट्रस्ट संख्या 2025/ KOD/777/BK4/से निबंधित किया गया। इसके पश्चात ट्रस्ट को अनुमंडल पदाधिकारी के निदेर्शानुसार झारखंड राज्य हिंदू धार्मिक न्यास बोर्ड से पंजीकृत करने के लिए आवेदन किया गया और आवेदन के पश्चात पंजीयन संख्या 653400002/2025 द्वारा पंजीकृत किया गया। सर्वजनीन दुर्गा पूजा समिति एड्डी बांग्ला में वर्तमान में 11 सदस्य है है 'जो न्यासी के रूप में समिति की देखभाल करेंगे और उसके साथ-साथ आम सभा के साथ ट्रस्ट में अधिक से अधिक संख्या के साथ अधिकतम ट्रस्टियों को जोड़ा जाएगा। ट्रस्ट की गतिविधियां, कार्यकाल, बाय लॉज और सभी बैलेंस को आमसभा में प्रस्तुत की जाएगी। मुख्य न्यासीकर्ता नितेश चंद्रवंशी ने कहा की जब मुझे जानकारी हुई कि इस समिति में कुछ ठीक नहीं चल रहा है तो आसपास के सभी लोगों से जानकारी करने के पश्चात हर हाल में सार्वजनिक संपत्ति बनाए रखने के लिए हम सब ने इस ट्रस्ट का निर्माण किया। वर्तमान में इस समिति के ट्रस्ट के अध्यक्ष के रूप में आलोक सरकार, सचिव प्रकाश राम एवं कोषाध्यक्ष श्यामजीत कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। इस ट्रस्ट के निर्माण में अनूप जोशी, प्रदीप केडिया, आलोक कुमार सरकार, प्रकाश राम, श्यामजीत कुमार यादव, कमल दत्ता, अमित कुमार जायसवाल, सुदीप्तो घोष संतोष कुमार केसरी,मनोज कुमार साव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


संक्षिप्त खबरें

## मवेशियों से लदा पिकअप वाहन जब्त




**कोडरमा :** पुलिस अधीक्षक कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि एक पिकअप में अवैध रूप से मवेशियों को कोडरमा थाना क्षेत्र होते हुए बिहार परिवहन कर तस्करी के लिए ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना के सत्यापन हेतु पुलिस अधीक्षक, कोडरमा के द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए बागीटाँड़ चेकनाका के पास वाहन चेकिंग की जाने लगी। वाहन जाँच के क्रम में एक पिकअप वाहन संख्या- खल्12ङ 8069 को रोककर जाँच किया जाने लगा तो उक्त वाहन में कुल 08 बैल बरामद किए गए। साथ ही पशुओं की अवैध तस्करी को लेकर कुल दो (02) अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो से पूछताछ करने के संबंध में ज्ञात हुआ की अभियुक्तो के द्वारा बैलों को डोमचांच के बगरीडीह से पिकअप वाहन पर लोड कर गिरियक (बिहार) बुचड़खाना ले जा रहें थे।

## देवी मंडप में कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्रि की धूम



**कोडरमा :** रविवार से चैत्र नवरात्रि की शुरूआत हो चुकी है। वहीं झुमरी तिलैया के प्रसिद्ध देवी मंडप में पहले दिन भगवती जगदम्बा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा धूम धाम से की गई। इसी दिन से हिंदू नववर्ष की भी शुरूआत हो गई है, इसलिए इसका महत्व और भी बढ़ जाता है। खास बात यह है कि इस बार नवरात्रि पूरे 9 दिन नहीं बल्कि 8 दिन की होगी। क्योंकि इस बार चतुर्थी और पंचमी तिथि का संयोग एक ही दिन होने के कारण नवरात्रि आठ दिनों की होगी। वहीं रविवार को मां दुर्गा की पूजा अर्चना के साथ ही कलश स्थापित की गई। इस दौरान लोगों ने भक्ति भाव से मां की आराधना कर सुख शांति व समृद्धि की कामना की। वहीं मंदिर के मुख्य पुजारी आचार्य कृष्ण मुरारी पांडे ने बताया की इस बार देवी मंडप में कलश स्थापना का 100वां वर्षगांठ भी मनाया जा रहा है। देवी मंडप में 1925 से ही कलश स्थापित कर पूजा अर्चना की जा रही है। इस बार माता रानी का आगमन हाथी में हुआ है, जो काफी शुभ फल देने वाला है। मान्यता है कि नवरात्रि में मां के अलग अलग स्वरूपों की आराधना करने से वह प्रसन्न होती हैं। इससे साधक के भाग्य में वृद्धि के योग बनते हैं। इस दौरान मां दुर्गा की पूजा में दुर्गा सप्तशती का पाठ अवश्य करना चाहिए, इससे हर मनोकामनाएं पूरी होती हैं। साथ ही धन दौलत, करियर और नौकरी समेत सभी क्षेत्रों में लाभ की प्राप्ति के योग बनते हैं। वहीं मंदिर में पूजन के दौरान आचार्य बरुण पाण्डेय, सुरेश पाण्डेय, लक्ष्मी कान्त पाण्डेय, छोटे लाल पाण्डेय, हीरालाल पाण्डेय, आशीष पाण्डेय, धनंजय पाण्डेय, अक्षय पाण्डेय समेत दर्जनों की संख्या में भक्तों का तांता भी लगा रहा।

## ढाब थाना प्रभारी रवि प्रकाश पंडित व पुलिस कर्मी पर खनन माफिया के द्वारा किया गया हमला



**(डोमचांच कोडरमा) :** बीती रात जिले के डोमचांच प्रखंड के ढाब पंचायत के गोरियाडीह जंगल में में अवैध ग्रीन फेल्सपर पत्थर उत्खनन होने की गुप्त सूचना ढाब पुलिस को मिली थी। इसके बाद टीम गठित कर उक्त स्थल पर छापामारी की गई। छापामारी के दौरान पहले से मौजूद अवैध खनन से जुड़े 50 60 की संख्या मे महिला पुरुष के द्वारा पुलिस पर जानलेवा हमला किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी रवि प्रकाश पंडित व कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में थाना प्रभारी के द्वारा अन्य थाना में फोन कर घटना की जानकारी दी गई। घटना सूचना मिलने पर अगल-बगल थाना क्षेत्र के पुलिस पहुंचकर घटनास्थल के स्थिति पूरी जानकारी ली गई। पुलिस को देखते ही अवैध खनन से जुड़े लोग वहां से भाग निकले। इसके बाद रात्रि में स्थिति को पूर्ण रूप से नियंत्रित किया गया। इस घटना में पुलिस वाहन को खनन माफिया द्वारा क्षतिग्रस्त किया गया। पुलिस द्वारा घटना स्थल से 70 बोरा ग्रीन फेल्सपर पत्थर को जप्त किया। पुलिस पदाधिकारी के द्वारा उक्त घटना के विषय में जानकारी देते हुए कहा कि फिलहाल इस मामले में घटना संलिप्त और भी लोगों की पहचान करके प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2082 पर भव्य स्वर्वेद शोभायात्रा एवं सत्संग का हुआ आयोजन



**झुमरी तिलैया :** भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2082 के अवसर पर ब्रह्मविद्या विहंगम योग संत समाज द्वारा भव्य स्वर्वेद शोभायात्रा एवं सत्संग का आयोजन किया गया। यह आयोजन अध्यात्म,भक्ति और सत्संग की अनुपम छटा बिखेरने वाला रहा। शोभायात्रा की शुरूआत स्थानीय आश्रम से हुई और श्रद्धालु भक्तों के साथ झंडा चौक तक पहुंची। पुन: आश्रम में लौटकर भक्तों ने भक्ति रस में डूबकर सत्संग का आनंद लिया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने सद्गुरु सदाफल की जय विहंगम योगी करें पुकार,सद्गुरु मूर्ति हो तैयार तथा संकल्प दिव्य निभाएंगे, मूर्ति भव्य बनाएंगे जैसे जयघोषों से वातावरण को भक्तिमय कर दिया।शोभायात्रा के उपरांत आश्रम में भजन,वंदना, आरती एवं शांति पाठ का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भावपूर्ण भजनों का रसास्वादन किया। जिनमें प्रेमलता कपसीमे और बिंदु देवी ने अपने मधुर स्वरों से अंधभूत मारक विहंगम, मैं तुमको बतलाऊंगा, यदि विधिवत तुम साधन करियो, अमर लोक पहुंचाऊंगा गाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।भजन-कीर्तन के बाद प्रसाद वितरण किया गया। जिसके बाद श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। इस दिव्य आयोजन में सैकड़ों भक्तों ने महाप्रसाद का लाभ उठाया और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओत-प्रोत हो गए।कार्यक्रम में झुमरी तिलैया के समस्त गुरुभाइयों,बहनों और अध्यात्म प्रेमियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। मौके पर प्रधान संयोजक अरविंद भदानी ने कहा कि विहंगम योग आत्मा के उत्थान का मार्ग है। तो वहीं राजेंद्र मोदी ने कहा कि सद्गुरु की कृपा से हम सभी इस दिव्य आयोजन का हिस्सा बने हैं। हमारी आस्था और भक्ति हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

## एक नजर

### प्रयास फाउंडेशन ने मनाया इंटरनेशनल जीरो वेस्ट डे

**साहिबगंज:** प्रयास फाउंडेशन की ओर से इंटरनेशनल जीरो वेस्ट डे 2025 के उपलक्ष पर अपशिष्ट जनरेशन के कारकों रीसाइक्लिंग एवं रीयूज की संभावना और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को बढ़ावा देने के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए इंटरनेशनल वेस्ट डे मनाया। इस मौके पर रविवार को स्थानीय वान उडेन मुक बधिर स्कूल के पास स्थित बड़ी झरना से कूड़ा कचरा की साफ सफाई की गई। इस सफाई जागरूकता अभियान में ट्रस्टी जयजयराम, अभिषेक सिंह, कुमार संजीत, गौतम कुमार, वॉलिंटियर मिशिका, पीयूष, आदि शामिल थे।

### चैत्र नवरात्रि पर 8 दिनों तक 12 घंटे का अखंड जाप कार्यक्रम का होगा आयोजन

**साहिबगंज:** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा चैत्र नवरात्र अनुष्ठान को लेकर गायत्री शक्तिपीठ में रविवार को दर्जनों श्रद्धालुओं ने सामूहिक संकल्प लिया। तदोपरांत सबों के सुख शांति एवं समृद्धि की मंगल कामना के साथ सामूहिक हवन यज्ञ भी किया गया। मौके पर मौजूद व्यास पीठ से पुरोहित सत्यदेव सिंह ने नवरात्र अनुष्ठान की महत्ता पर प्रकाश डाला उन्होंने बताया कि नेम निष्ठा से किए गए इस लघु अनुष्ठान से भी व्यक्तिगत पारिवारिक एवं सामाजिक समस्याओं का निदान प्राप्त होता है। वहीं प्रियंका सोनी ने भी अनुष्ठान के दौरान ब्रह्मचर्य एवं संयमित जीवन जीने की मयार्दाओं को बताया। कार्यक्रम की शुरूआत महिला मंडल की रानी श्रीवास्तव ने मातृ वंदना के साथ किया। शक्तिपीठ के व्यवस्थापक हरिहर प्रसाद मंडल ने बताया कि नवरात्रि के पावन अवसर पर आज से अगले 8 दिनों तक सुबह 5 बजे से शाम 5 बजे तक गायत्री शक्तिपीठ में प्रतिदिन 12 घंटे का अखंड जाप कार्यक्रम संचालित होगा। मौके पर सरिता पोद्दार, ओमप्रकाश, निरंजन मंडल, सत्यदेव सिंह हरिहर प्रसाद मंडल, शिव शंकर निराला आदि मौजूद थे।

### ईद की तैयारी पूरी

**साहिबगंज:** मुस्लिम समुदाय का पर्व ईद का नमाज आज सोमवार को अदा की जाएगी। इसकी तैयारी पूरी हो गई है। ईद को लेकर शहर में बच्चे बूढ़े नौजवानों में उत्साह देखी गई। ईद का नमाज ईदगाह में मौलाना अदा करेंगे। ईदगाह की साफ सफाई की जा रही है। ईदगाह को दुल्हन की तरह सजाया संवारा जा रहा है। मुस्लिम समुदाय के सभी लोगों ने ईद की एक दूसरे को बधाई दी है। ईद की खरीदारी के लिए चांद रात में की गई।

### दाखिल-खारिज मामलों का शिविर में हुआ निबटारा

**जयनगर:** अंचल कार्यालय में शनिवार को विशेष शिविर लगाया गया। इसमें आम लोगों के दाखिल-खारिज, खाता-प्लॉट ऑनलाइन और रसीद निर्गत से जुड़े मामलों का निपटारा किया गया। अंचलाधिकारी सारांश जैन ने लोगों से अपील की कि वे ऑनलाइन आवेदन के साथ शपथ पत्र, खतियान और लगान रसीद जरूर दें। इससे म्यूटेशन का काम जल्दी पूरा किया जा सकेगा। अंचलाधिकारी ने सभी सीआई और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वे तय तारीखों पर वेरिफिकेशन पूरा करें। सभी वेरिफिकेशन मामलों को स्वीकृत कर आवेदकों को शुद्धि पत्र दिया गया। सारांश जैन ने कहा कि अंचल कार्यालय में राजस्व से जुड़े कार्यों में लोगों को कोई परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि लंबित म्यूटेशन मामलों का निपटारा विशेष शिविर लगाकर किया जाएगा। शिविर में अंचल निरीक्षक आलोक शर्मा, राजस्व कर्मी तालेबर राम, सनोज कुमार, रामदेव हंसदा समेत कई लोग मौजूद रहे।


# कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र शुरु

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़/अमडापाड़ा. :** जिले के अमड़ापाड़ा प्रखंड मुख्यालय से लगभग दस किलोमीटर दूर डुमरचीर गांव के आदमी जनजाति बहुल क्षेत्र पहाड़िया टोला स्थित वैष्णवी दुर्गा माता मंदिर में रविवार को चैत्र नवरात्र के पहले दिन कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो गया। आज चैत्र नवरात्र के पहले दिन पूरे विधि विधान के साथ मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। मौके पर पुरोहित सह जजमान विजय पहाड़ियां के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ वेदी पूजन-अर्चना किया गया। साथ ही सभी देवी देवता का आह्वान कर पूजन किया गया। साथ ही चैत्र नवरात्र व्रत का संकल्प किया गया। वहीं संकल्प के बाद पाठ को प्रारंभ किया गया। वहीं पूजन के बाद पुष्पांजलि व आरती की गई। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। जय माता दी के जयघोष से पूरा इलाका भक्तीमय माहौल में सराबोर हो गया।ज्ञात हो कि मंदिर में माता रानी की प्रतिमा बनाई गए हैं। मौके पर पुरोहित सह जजमान ने बताया कि यह पूजा मेरे पूर्वजों से होते आ रहा है। पहले मेरे पिताजी और मां करवाते थे। अब उनलोगों के गुजर जाने के बाद यह पूजा हम अपने से अकेले करते हैं। मेरे पिताजी यह पूजा लगभग 2001 से पुआल और बांस से बना झोपड़ी में मां दुर्गा की पूजा करते थे। अब माता रानी की असीम अनुकम्पा से समय के साथ-साथ मां के इस मंदिर का स्वरूप बदला है। लगभग वर्ष 2010 में जगत जननी मां दुर्गा की कृपा से पक्के का मंदिर का निर्माण कार्य पूर्ण कर मां दुर्गा को स्थान दिया गया है। बताते चले की चैत्र नवरात्र के पहले दिन से मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है। मान्यता यह है कि हिमालय की पुत्री होने के कारण माता रानी को शैल की पुत्री कहा जाता है और इनकी पूजा अर्चना करने से सुख समृद्धि में वृद्धि होती है।

## पश्चिमी सिंहभूम से पांच-पांच किलों का दो आईईडी बरामद



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिमी सिंहभूम :** पश्चिमी सिंहभूम पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ चलाये जा रहे सर्च अभियान के दौरान दो इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने रविवार को बताया कि छोटानागरा थानान्तर्गत वनग्राम डिकू पोंगा और हथना बेरा के बीच में जंगली- पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को लक्षित करने के उद्दे श्य से नक्सलियों की ओर से पूर्व में लगाये गये दो आईईडी बरामद कर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उसी स्थान पर बम निरोधक दस्ता के सहायता से डिफ्यूज कर दिया गया है। इलाके में नक्सल विरोधी अभियान जारी है। एसपी ने बताया कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछू, चमन, कांडे, अजय महतो, सागेन अगरिया और अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। इसी सूचना पर चार मार्च 2025 से पुलिस और सीआरपीएफ की अलग-अलग बटालियन अभियान चला रही है।

आईईडी क्या है इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस एक प्रकार का अपरंपरागत विस्फोटक हथियार है जो किसी भी रूप में हो सकता है और कई तरीकों से सक्रिय किया जा सकता है। वे सैनिकों और नागरिकों दोनों को निशाना बनाते हैं।

## जिले के लिए हीट वेव एडवाइजरी जारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** जिले में वर्तमान में हीट वेव की स्थिति बनी हुई है और अगले कई दिनों तक इसका असर जारी रहने की उम्मीद है। अधिकतम तापमान सामान्य से काफी ऊपर पहुँचने और बने रहने की संभावना है, जिससे स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। वर्तमान स्थिति रविवार को पाकुड़ में लगभग 35त्उ तापमान के साथ धूप वाला मौसम रहा। आज के लिए पूवार्नुमान 36त्उ अधिकतम और 20त्उ न्यूनतम तापमान का संकेत था, साथ ही धूप की स्थिति भी रहीं। आगामी 10 दिवसीय पूवार्नुमान से पता चलता है कि पाकुड़ में ज्यादातर शुष्क मौसम के साथ बहुत ज्यादा गर्मी की स्थिति रहेगी। तापमान में वृ?द्धि की उम्मीद है, जो आने वाले दिनों में 40 डिग्री सेल्सियस से भी अधिक हो सकता है। उदाहरण के लिए, पूवार्नुमान गुरुवार को 39 डिग्री सेल्सियस, शुक्रवार को 41 डिग्री सेल्सियस और अगले शनिवार (5 अप्रैल) तक संभावित रूप से 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने का संकेत देते हैं। आर्द्रता के स्तर में भिन्नता होने की उम्मीद है, लेकिन उच्च तापमान और संभावित आर्द्रता के संयोजन से गर्मी से संबंधित निम्न बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। हीट रैशः अत्यधिक पसीने के कारण त्वचा में जलन। हीट क्रैम्पः मांसपेशियों में दर्दनाक ऐंठन, आमतौर पर पैरों या पेट में। हीट थकावटः भारी पसीना, पीलापन, मांसपेशियों में ऐंठन, थकान, कमजोरी, चक्कर आना, सिरदर्द, मतली या उल्टी की विशेषता। नाड़ी तेज और कमजोर हो सकती है। हीट स्ट्रोकः एक गंभीर चिकित्सा आपातकाल जिसमें शरीर का अत्यधिक उच्च तापमान, लाल, गर्म और शुष्क त्वचा, तेज नाडी, चक्कर आना, भ्रम या बेहोशी जैसे लक्षण होते हैं। यदि तुरंत उपचार न किया जाए तो हीट स्ट्रोक घातक हो सकता है। सलाह और अनुशंसित कार्यः पाकुड़ जिले के निवासियों को दृढ़ता से सलाह दी जाती है कि वे खुद को और अपने परिवार को गर्मी से बचाने के लिए निम्नलिखित सावधानियां बरतेंः हाइड्रेटेड रहेंः दिन भर खूब पानी पिएं, भले ही आपको प्यास न लगे। यात्रा करते समय अपने साथ पानी रखें। पानी, नमक मिला हुआ फलों का जूस या ओरल रिहाइड्रेशन सॉल्यूशन लें। मीठे पेय, शराब, चाय और कॉफी से बचें, क्योंकि ये निर्जलीकरण का कारण बन सकते हैं। पीक हीट ऑवर्स से बचेंः दोपहर 12:00 बजे से शाम 3:00 बजे के बीच बाहर जाने से बचें, जब सूरज सबसे तेज होता है। दिन के ठंडे समय, जैसे कि सुबह जल्दी या देर शाम के लिए बाहरी गतिविधियों को शेड्यूल करें। उचित पोशाक पहनेंः हल्के रंग के, ढीले-ढाले सूती कपड़े पहनें। टोपी या छाता का उपयोग करके खुद को धूप से बचाएं, और धूप का चश्मा पहनें। बाहर जाते समय जूते या सैंडल पहनें। अगर आपको बाहर जाना ही है तो जितना हो सके छाया में रहें।

## स्वच्छता पखवाड़ा एवं गंगा आरती का आयोजन मुक्तेश्वर घाट पर हुआ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** नमामि गंगे अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन हेल्पिंग हैंड संस्था के सहयोग से मुक्तेश्वर घाट पर किया गया। इस अवसर पर घाट की सफाई की गई एवं जनजागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में गंगा आरती का आयोजन कर मां गंगा की स्वच्छता एवं संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में नमामि गंगे के डीपीओ अमित मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे। हेल्पिंग हैंड संस्था के ट्रस्टी दीपांशु कुमार के नेतृत्व में संस्था के सदस्यों और स्थानीय नागरिकों ने घाट की सफाई में सहयोग किया। उपस्थित सभी लोगों ने गंगा की निर्मलता एवं स्वच्छता बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया और इस अभियान को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।

**घाट की सफाई एवं जनजागरूकता अभियान**

स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान प्लास्टिक कचरा, गंदगी एवं अन्य अवशेषों को हटाया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को गंगा की स्वच्छता, जल प्रदूषण के दुष्प्रभाव एवं उसके संरक्षण के उपायों की जानकारी दी गई। लोगों से अपील की गई कि वे गंगा में कचरा न डालें और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें। नमामि गंगे अभियान के तहत यह पहल समाज में जागरूकता बढ़ाने और गंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से की गई, जिसे स्थानीय नागरिकों का पूरा समर्थन मिला।

**गंगा आरती एवं संकल्प**

कार्यक्रम के अंत में गंगा आरती का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों ने दीप प्रज्वलित कर मां गंगा की आराधना की। आरती के माध्यम से गंगा की पवित्रता एवं स्वच्छता बनाए रखने का संदेश दिया गया। सभी प्रतिभागियों ने यह संकल्प लिया कि वे गंगा को स्वच्छ रखने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएंगे। इस आयोजन ने स्थानीय नागरिकों के बीच गंगा की महत्ता एवं स्वच्छता को लेकर जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## तुरसाडीह में नौ दिवसीय श्री राम चरित मानस कथा का हुआ शुभारंभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़/हिरणपुर :** जिले के हिरणपुर प्रखण्ड में रविवार को माता लक्खी मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्री राम चरित मानस कथा (कथावाचक मानस मंजरी लक्ष्मी रानी जी) का शुभारंभ किया गया। राम चरित मानस कथा का शुभारंभ ग्राम में विशाल शोभा यात्रा निकाल कर की गई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कलश यात्रा सुबह 11:00 बजे माता लक्खी मंदिर से गाजेझबाजे के साथ रवाना हुई जो बेल पहाड़ी से टंगी पहाड़ के रास्ते चौकीढाब होते हुए कथा स्थल पर पहुंच कर संपन्न हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी यात्रा में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर धार्मिक भजनों की धुन बजती जा रही थी। मौके पर हिरणपुर पुलिस प्रशासन के ए एस आई किशोर कुमार टुडू, समिति के अध्यक्ष सूदन यादव, कमेटी के सदस्य लाला यादव, विकास यादव, संजय यादव, पलटन यादव, लालचंद यादव, सूरज यादव, राजकुमार यादव आदि मौजूद थे।

# झारखंड सरकार का कोयला पर सेस बढ़ाने से बिजली की उत्पादन लागत प्रति यूनिट 0.09 पैसे बढ़ेगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड सरकार द्वारा कोयले पर सेस बढ़ाने की वजह से बिजली के उत्पादन लागत में वृद्धि होगी। बिजली के उत्पादन लागत में वृद्धि होने का असर अंतिम रूप से बिजली उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। झारखंड सरकार ने कोयले पर प्रति टन वसूले जाने वाले सेस को 100 रुपये से बढ़ाकर 250 रुपये कर दिया है। इससे प्रति यूनिट बिजली उत्पादन लागत में 0.09 रुपये की वृद्धि हो सकती है। बिजली उत्पादन कंपनी से जुड़े विशेषज्ञों के अनुसार थर्मल पावर प्लांट से उत्पादन लागत कोयले की कीमत, ढुलाई, प्लांट की क्षमता सहित कुछ अन्य बातों पर निर्भर करता है। देश के थर्मल पावर प्लांटों में औसतन एक किलोवाट बिजली उत्पादन में 600 से 700 ग्राम कोयले की खपत होती है। इस तरह एक टन कोयले में 1400 से अधिकतम 1650 यूनिट तक बिजली का उत्पादन किया जा सकता है। राज्य सरकार द्वारा कोयले पर सेस 100 रुपये से बढ़ाकर 250 रुपये प्रति टन कर दिया गया है। इससे कोयले की कीमत में 150 रुपये प्रति टन की वृद्धि होगी। इससे बिजली की उत्पादन लागत बढ़ेगी। कोयले की कीमत प्रति टन 100 रुपये बढ़ने पर उत्पादन लागत में कितनी वृद्धि होगी। लागत वृद्धि की गणना के लिए फमूर्ले बढ़ा हुआ मूल्य/ उत्पादित बिजली = लागत, यानी 100 रुपये/ 1400-1650 यूनिट = 0.06 से 0.07 रुपये के इस्तेमाल से यह चलता है कोयले का मूल्य 100 रुपये बढ़ने से उत्पादन लागत प्रति यूनिट छह से सात पैसे तक बढ़ जाता है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रथम दिन चैत्र नवरात्र में मां शैलपुत्री की पूजा अर्चना की गई



**साहिबगंज:** कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्री का शुरूआत हुआ। नवरात्री के पहले दिन मां दुर्गा के पहले स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा हुई। शहर के भारतीय कला मंदिर सकरूगढ़ चैती दुर्गा मंदिर, रसूलपुर दहला चैती दुर्गा मंदिर, चौक बाजार दुर्गा मंदिर, जीरवाबाड़ी तुरी टोला चैती दुर्गा मंदिर सहित दुर्गा मंदिरों, घरों में वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत रूप से पूजा अर्चना करके कलश स्थापना करके दुर्गा पाठ किया। वही इससे पूर्व श्रद्धालु स्थानीय गंगा तट में आस्था की डुबकी लगाए। हिन्दू नववर्ष 2082 चैत्र नवरात्री को लेकर स्थानीय गंगा तटों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। स्नान करके श्रद्धालु शिवालय, मां बायसी मंदिर, चैती दुर्गा मंदिर, मां बड़ी दुर्गा मंदिर, बम काली मंदिर, तलबनना काली व दुर्गा मंदिर सहित मंदिरों में पूजा अर्चना करके नववर्ष का स्वागत किया। वही सुबह शाम वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजन आरती और दुर्गा गीत दुर्गा पाठ से शहर सहित जिला भक्तिमय हो गया है। बाजारों में काफी चहल पहल है।

### महाविद्यालय छात्रावास में बाहा, सरहूल एवं संताली साहित्य दिवस का हुआ आयोजन



**साहिबगंज:** महाविद्यालय के छात्रावास के छात्रों द्वारा बाहा, सरहूल पर्व एवं संथाली साहित्य दिवस का आयोजन महाविद्यालय के नंदन भवन में हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर जिला खनन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने संथाली संस्कृति एवं साहित्य से जुड़े विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल संथाली परंपरा के रंग में रंगा नजर आया। उपस्थित अतिथियों ने आदिवासी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत पर प्रकाश डालते हुए इस प्रकार के आयोजनों की महत्ता पर बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, छात्र एवं विभिन्न गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस आयोजन ने संथाली साहित्य एवं परंपराओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ छात्रों में उत्साह और एकता का संचार किया।

### छत से गिरकर बालक हुआ घायल



**साहिबगंज:** राजमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बालक छत से गिरकर घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार संजीव मंडल के ढाई वर्षीय पुत्र प्रिंस मंडल, मंगलहाट, राजमहल प्रखंड के रहने वाले दिन में खेलने के दौरान छत से गिरकर बुरी तरह घायल हो गया। जहां परिजनों ने आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने बालक का इलाज किया। इलाज करने के उपरांत बालक की स्थिति में सुधार थी।

### नदी पर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण कार्य का विधायक ने किया शिलान्यास



**पाकुड़/ लिट्टीपाड़ा :** जिले के लिट्टीपाड़ा विधायक हेमलाल मुर्मू ने रविवार को मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत लिट्टीपाड़ा प्रखण्ड अंतर्गत बंडू पंचायत के सुरमा से कितझोर के बीच नदी पर उच्च स्तरीय पुल के निर्माण और राज्य संपोषित योजना अंतर्गत हाथीगढ़ से पढरकोला तक पथ निर्माण हेतु शिलान्यास किया। उक्त कार्यक्रम में सुरमा कितझोर लहरबानी और हाथीगढ़ चौकीदाब के ग्रामीण उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।
कार्यक्रम में झामुमो पाकुड़ जिला अध्यक्ष अजीजुल इस्लाम, प्रखण्ड अध्यक्ष हिरणपुर और प्रखण्ड अध्यक्ष लिट्टीपाड़ा भी उपस्थित थे।

### घर से पैसा चोरी करने वाले लड़कों से पैसा मांगने पर मार कर किया घायल



**साहिबगंज:** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति को मार कर बुरी तरह घायल कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार मैस पहाड़िया उम्र 40 वर्षीय पिता स्वर्गीय पुडो पहाड़िया कसाहरि पहाड़ के रहने वाले ने बताया कि अपने घर में पांच रुपए, दस रुपए के नोट जमा कर के रखा था। कुछ लड़कों ने मिलकर उनके घर से पैसा चुरा लिया। वैसा पहाड़िया ने चोरी करने वाले लड़कों से जब पैसा मांगा तो उन लोगों ने अन्य और लोगों के साथ मिलकर अंजलि पहाड़ीन, सूरज पहाड़िया, काडे पहाड़िया, सरना पहाड़िया, दिलीप पहाड़िया, यह सभी मिलकर मैस पहाड़िया को मारकर बुरी तरह घायल कर दिया। जहां परिजनों ने इलाज के लिए आनन फानन में साहिबगंज सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने इलाज किया। घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

# चैत्र नवरात्रि में दुर्गा मंदिरों में उमड़ा जनसैलाब

## श्रद्धालु कर रहे मां दुर्गा की आराधना







**मुजफ्फरपुर।** कलश स्थापना के साथ चैत्र नवरात्र की शुरूआत हो गई है। मुजफ्फरपुर के अलग-अलग जगहों से मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। भक्त 'जय माता दी' नारों के जयकारा लगाते हुए दुर्गा मंदिरों में पहुंचने लगे हैं। शहर के सुप्रसिद्ध राज राजेश्वरी शक्तिपीठ देवी मंदिर और माता बंगलामुखी मंदिर में भक्तों की भीड़ देखने में बन रही है। अहले सुबह से माता के दर्शन और पूजन करने के लिए भक्तों का तांता लग रहा है। देवी दुर्गा के पहले रूप माता शैल्यपुत्री का आज पूजन किया जा रहा है। मुजफ्फरपुर में नवरात्रि के आज पहले दिन देवी मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। सभी भक्त मन में मनोकामना लिए माता के दर्शन के लिए मंदिरों में आ रहे हैं और माता का पूजन करते हुयें ध्यान करने में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में मुजफ्फरपुर के सुप्रसिद्ध राज राजेश्वरी शक्तिपीठ देवी मंदिर मंदिर और बंगलामुखी महामाया देवी सिद्धिपीठ मंदिर में भक्तों की भीड़ देखी जा रही है। चैत्र नवरात्रि और हिन्दू नववर्ष धूमधाम से मनाया जा रहा है और देवी दुर्गा की सभी मंदिर में ही आज सुबह से ही भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया है। चैत्र नवरात्र जिसे बासंतिक नवरात्र भी कहा जाता है, आज से इसकी शुरूआत हो गई है। भक्त आज अपनी आस्था और देवी के प्रति अपनी आस्था और सभी मनोकामना को लेकर पहुंच रहे हैं। वहीं मंदिर प्रशासन के द्वारा मंदिर में भक्त के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। मंदिर में दर्शन पूजन के लिए आने वाले भक्त को किसी भी तरह की परेशानी नहीं हो इसके लिए अलग से स्वयंसेवक को लगाया है, ताकि माता का दर्शन अच्छे से करवाया जा सके।राज राजेश्वरी शक्तिपीठ देवी मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित धर्मेंद्र तिवारी का कहना है कि हिन्दू पंचाग में शारदीय नवरात्र से भी अधिक महत्वपूर्ण यह नवरात्र होती है। इस समय में प्रकृति अपने सबसे अधिक विहंगम रूप में होती है। पेड़-पौधे और जीव-जंतु के लिए यह बेहद ही कल्याण प्रदान करने वाला होता है। यहां पर जो भी भक्त सच्चे मन से अपनी मनोकामना को लेकर आते हैं देवी दुर्गा उनकी सभी मनोकामना को पूरी करती है। कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौट सकता है। माता दुर्गा बहुत ही कृपा बरसाती है। माता बंगलामुखी मंदिर के प्रधान पुजारी ने बताया कि इस नवरात्र में भक्त पर असीम कृपा को बरसाती है और भक्त की सभी मनोकामना को पूरा कर देती है।आज से हिंदू नव वर्ष की शुरूआत होती है और उसका अपना विशेष महत्व है। इस मंदिर में माता के दर्शन पूजन के साथ लगातार हवन कराया जाता है ताकि माता की कृपा भक्त पर सदा बनी रहे और बरसती हुई रहे।यही नहीं हमारे यहां पर भक्तों के लिए विशेष प्रसाद का इंतजाम भी किए गए हैं।

## इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए खुलेंगे 100 चार्जिंग स्टेशन



पटना। शहर में बढ़ते ई-रिक्शा और फोर व्हीलर की संख्या को देखते हुए पटना जिला के विभिन्न इलाकों में करीब 100 चार्जिंग स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। बोरिंग रोड, पाटलिपुत्र गोलंबर, राजेन्द्र नगर, बिहटा, मसौढ़ी, नौबतपुर, पटना नगर निगम, दानापुर सहित विभिन्न प्रखंडों में स्टेशन खोलने के लिए विभाग के द्वारा एनओसी दिया जाएगा। निजी क्षेत्र में स्टेशन बनाने वाले लोगों को परिवहन विभाग की तरफ से 50 हजार से लेकर 10 लाख रुपए तक का राशि अनुदान में मिलेगा। पटना में करीब 20 हजार से अधिक इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या हो गई है। बिहार में इलेक्ट्रिक वाहनों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। परिवहन विभाग ने निर्णय लिया है कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर 10 से 15 किलोमीटर की दूरी पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। साथ ही शहर के विभिन्न मार्गों, पेट्रोल पंपों, बस टर्मिनल, बस डिपो, स्कूल-कॉलेज आदि जगहों पर चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। वर्तमान में राज्य के विभिन्न पेट्रोल पंप और अन्य जगहों पर 360 से अधिक इलेक्ट्रिक चार्जिंग की सुविधा है। करीब 640 जगहों पर एजेंसी चार्जिंग स्टेशन खुलेगा। सरकारी भवनों में लगेगा चार्जिंग स्टेशन : बिहार के सभी सरकारी भवनों में चार्जिंग स्टेशन की सुविधा मिलेगी। इसको लेकर

## नक्सली के चाचा की गला दबाकर हत्या



**गया।** बिहार के गया जिले में नक्सली इरफान उर्फ नितेश यादव के चाचा की अज्ञात अपराधियों ने गला दबाकर हत्या कर दी। घटना की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। यह मामला रविवार सुबह की है। हालांकि मामला भूमि विवाद से जोड़ कर देखा जा रहा है। गया जिले के लाल इलाके से चिन्हित गया जिले के डुमरिया प्रखंड के तरवाडीह गांव में उस समय सनसनी फैल गई जब एक नक्सली इरफान उर्फ नितेश यादव के चाचा की संदिग्ध परिस्थितियों में गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान नक्सली इरफान उर्फ नितेश यादव के चाचा डोमन यादव के रूप में हुई। घटना की सूचना के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। यह मामला रविवार सुबह की है। पुलिस के मुताबिक शुरूआती जांच में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। मृतक के शरीर पर संघर्ष के निशान भी पाए गए हैं, जिससे आशंका है कि हत्या आपसी रंजिश या अन्य विवाद के चलते की गई हो। घटना के संबंध में मृतक के पुत्र रामलाल यादव ने बताया कि रविवार की सुबह पिता डोमन यादव घर से निकले थे। पहले से घात लगाए अपराधियों ने उनकी गला दबाकर हत्या कर दी। शरीर के कई जगहों पर चोट के निशान भी मिले हैं। मारपीट के दौरान अपराधियों ने उनके दांत भी तोड़ दिए हैं। घर के महज 20 फीट की दूरी पर मृत पड़े हुए थे। उन्होंने बताया कि गांव के लोगों के बीच जमीन विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में हमारे पिता की हत्या की गई है। घटना के संबंध में इमामगंज के एसडीपीओ अमित कुमार ने बताया कि मामले की शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुग्रह नारायण मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। साथ ही जांच शुरू कर दी गई है और आसपास के इलाके में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। घटना स्थल से कुछ अहम सुराग भी मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले की जल्द खुलासा किया जाएगा। फिलहाल घटना में शामिल आरोपियों की पहचान के लिए पुलिस छानबीन कर रही है। शीघ्र वारदात में शामिल लोगों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त डायरी

### दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत, गंडक नदी में स्नान करने के दौरान हुआ हादसा



**बेगूसराय।** गंडक नदी में स्नान करने के दौरान दो चचेरे भाइयों की डूबने से मौत हो गई। घटना साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के कीर्ति टोल आहोक घाट गांव के समीप गंडक नदी की है। मृतकों की पहचान आहोक घाट निवासी रबिन यादव के पुत्र आरव कुमार (8) और अमरजीत यादव के पुत्र सूरज कुमार (6) के रूप में हुई है।घटना के संबंध में परिजनों का कहना है कि रबिन यादव के पिता का श्राद्ध कर्म के अवसर पर शनिवार को घर के समीप पाठ चल रहा था, जिसमें पूरे परिवार के लोग व्यस्त थे। इसी बीच आरव कुमार और सूरज कुमार घूमते हुए गंडक नदी के पास पहुंच गए और नदी में स्नान करने लगे। दोनों बच्चों को नदी की गहराई का कुछ अंदाज नहीं होने के कारण आरव कुमार और सूरज गहरे पानी में डूबने लगे। घटना के वक्त पास खड़ी एक बच्ची ने दोनो को डूबते देख तुरंत गांव की ओर भागी और घटना की सूचना परिजनों की दी, लेकिन जबतक ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचते, तब तक दोनों नदी में डूब चुके थे। स्थानीय गोताखोरों और ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद दोनों बच्चों के शव को बरामद कर लिया।दोनों भाइयों के डूबने की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव की बरामदगी की कोशिश में जुट गए। काफी खोजबीन के बाद आरव कुमार का शव गंडक नदी के किनारे शनिवार की शाम 6:00 बजे बरामद किया, जबकि सूरज कुमार का शव रविवार की सुबह 7:00 बजे बरामद हुआ है। वहीं इस मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। ग्रामीणों के अनुसार दोनों एक ही परिवार के बच्चे थे और दोनों आपस में चचेरे भाई थे। फिलहाल साहेबपुर कमाल थाने की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों बच्चे का शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### सुरभि हत्याकांड : एचआर हेड का नार्को टेस्ट होगा



**पटना।** अगमकुआं स्थित एशिया अस्पताल की संचालक सुरभि राज हत्याकांड में अभी आधा सच ही सामने आया है। पुलिस का दावा है कि सुरभि के पति रौशन राज और उसी अस्पताल की एक महिला स्टाफ के बीच प्रेम-प्रसंग की वजह से हत्या की गई है। हालांकि अभी तक पुलिस को पता नहीं चला है कि गोलियां किन लोगों ने मारी थीं। पुलिस हथियार भी बरामद नहीं कर सकी है। पुलिस हत्या के आरोप में जेल गए अस्पताल के एचआर हेड मसूद आलम का नार्को टेस्ट कराने की तैयारी कर रही है। मसूद ने बार-बार बयान बदला है। नार्को टेस्ट से पुलिस यह पता लगाएगी कि हत्या के पीछे हकीकत क्या है? सूत्रों के अनुसार, पटना एम्स में नार्को टेस्ट होगा। मसूद के बाद पुलिस रौशन राज का भी नार्को टेस्ट कराएगी। अन्य तीन आरोपियों में महिला स्टाफ, सुरभि के देवर रमेश कुमार और अस्पताल के सुपरवाइजर अनिल कुमार का भी नार्को टेस्ट हो सकता है। 22 मार्च को सुरभि की हत्या उनके चैंबर में कर दी गई थी। पुलिस उनके पति, देवर, एचआर हेड, महिला स्टाफ और सुपरवाइजर को जेल भेज चुकी है। पटना सिटी एसडीपीओ वन ने बताया कि जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ेगी, वैसे-वैसे सभी आरोपियों का नार्को टेस्ट होगा। अभी एचआर हेड का होगा। सूत्रों के अनुसार, एफएसएल ने सुरभि के चैंबर से सैंपल लिया है। इससे पता चलेगा कि घटना से पहले, घटना के वक्त और बाद में उनके चैंबर में कौन-कौन आया, कितनी देर रहा। एफएसएल की इसी रिपोर्ट से पुलिस इस नतीजे पर पहुंचेगी कि गोली मारने में कितने लोग शामिल हैं।

### छपरा में तेज रफ्तार पिकअप ने युवक को मारी टक्कर



**छपरा ।** रविवार सुबह साढ़ा बाजार समिति के पास एक तेज रफ्तार पिकअप ने युवक को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह हादसा छपरा-मसरख मुख्य मार्ग पर हुई है। मृतक की पहचान अवतार नगर थाना क्षेत्र निवासी मुकेश कुमार के रूप में हुई है। मृतक के भाई के अनुसार, मुकेश मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बाजार समिति के पास अपना नया घर बनवा रहा था। घर का काम निपटाकर वह सड़क किनारे खड़ा था। तभी बाजार समिति की ओर से आ रही तेज रफ्तार पिकअप ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मुकेश हवा में करीब 10 फीट ऊपर उछल कर गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पिकअप का नंबर नोट कर लिया। लेकिन चालक मौका पाकर वाहन सहित मसरख की ओर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने घायल मुकेश को छपरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। बेहतर इलाज के लिए उन्हें पटना पीएमसीएच रेफर किया गया। लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई।

## 31 को भूमि सर्वे पोर्टल बंद नहीं होगा, ऑनलाइन-ऑफलाइन दोनों काम जारी रहेगा

**संवाददाता**




**पटना।** 31 मार्च को जमीन सर्वे वाला पोर्टल बंद नहीं होगा। लोग ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से जमीन संबंधी दस्तावेज जमा कर सकेंगे। राज्य में 20 अगस्त से जमीन सर्वे के लिये लोग ह्रास्वघोषणाह्न कर रहे हैं क्योंकि 20 अगस्त 2024 तक सभी जिलों में सर्वे की उद्घोषणा कर दी गई थी। पहले एक महीने और फिर कैबिनेट से मार्च अंत तक स्वघोषणा जमा करने की छूट थी। पर अब तक राज्य के आधे रैयत भी स्वघोषणा नहीं कर पाये हैं।

बीते 6 माह में सरकार के पास 95 लाख स्वघोषणा दस्तावेज पहुंचे हैं। ऐसे में विभाग ने निर्णय लिया है कि 31 मार्च को पोर्टल बंद नहीं किया जाएगा। सभी जिलों से अद्यतन स्थिति की समीक्षा होगी। फिर निर्णय होगा कि ऑनलाइन स्वघोषणा कब बंद करनी है और ऑफलाइन दस्तावेज जमा कब तक करनी है। बीते 3 दिसंबर को रैयतों द्वारा अपने दस्तावेजों को जमा करने यानि स्वघोषणा की तिथि 30 दिन से बढ़ाकर 180 कार्यदिवस करने की कैबिनेट ने मंजूरी दी थी। इसके लिए बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त (संशोधन) नियमावली स्वीकृत की गई थी। हालांकि किस्तवार, जिसमें ग्राम की सीमा निर्धारित कर ग्राम का मानचित्र बनाया जायेगा एवं खानापुरी जिसमें प्रत्येक रैयत से उसकी भूमि के स्वामित्व संबंधी दस्तावेजों को प्राप्त कर उनके सत्यापन का कार्य कर खेसरा पंजी बनाने का काम शुरू होगा। जो दस्तावेजों को ऑनलाइन समर्पित नहीं कर पाएंगे वे अपने स्वामित्व संबंधी दस्तावेज ग्राम के शिविर/अमीन को उपलब्ध करा सकेंगें। रैयतों से दावा आपत्ति प्राप्त कर दो बार सुनवाई की जाएगी। फिर लगान तय कर दिसम्बर, 2026 तक सर्वे पूरा करना है। दरअसल स्वघोषणा में जितना कागजात उपलब्ध है उसे प्रपत्र-2 में भरना हैं।

जमीन खतियानी है तो वंशावली खुद से बनाकर जमा करना है। पर जमीन दस्तावेज संबंधी पोर्टल में सर्वर में परेशानी के कारण बीते महीनों में लोगों को स्वघोषणा में कई बार परेशानी का सामना करना पड़ा है। स्वघोषणा के साथ स्वामित्व संबंधी दस्तावेज और वंशावली जमा की जा रही है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने कहा कि 31 मार्च को जमीन सर्वे वाला पोर्टल बंद नहीं होगा। मामले की समीक्षा के बाद आगे निर्णय लिया जाएगा।

## नवादा में साइबर ठगों पर तगड़ा एक्शन



**नवादा ।** साइबर पुलिस ने साइबर ठगों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने रविवार को शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर डीएसपी प्रिया ज्योति के नेतृत्व में कार्रवाई की गई। पटना से पकड़े गए आरोपियों ने कुल 51 लाख की ठगी को अंजाम दिया है। पुलिस की छापेमारी में गिरफ्तार आरोपियों की पहचान वैशाली के निकेश कुमार (21) और विपुल कुमार (22) के रूप में हुई है। दोनों 'एवीवा इन्वेस्टर इमर्जिंग मार्केट इक्विटी फंड' नाम की फर्जी कंपनी बनाकर लोगों को ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा देते थे। पुलिस ने आरोपियों से 7 लाख 5 हजार 850 रुपए नकद बरामद किए हैं। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन, 12 एटीएम कार्ड, तीन आधार कार्ड, दो पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज भी जब्त किए गए हैं। साइबर डीएसपी प्रिया ज्योति के अनुसार, आरोपी फर्जी वेबसाइट के जरिए लोगों को झांसा देते थे। वे एक व्यक्ति से 2 से

## सीएम नीतीश कुमार ने पटना में किया जेवियर विश्वविद्यालय का उद्घाटन

**संवाददाता**



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना जेवियर विश्वविद्यालय का शिलापट्ट अनावरण और फीता काटकर उद्घाटन किया।

उद्घाटन के बाद सीएम नीतीश ने विश्वविद्यालय भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सेंट जेवियर कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं से भी मुलाकात की।इस दौरान शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुष्प गुच्छ भेंटकर अभिनंदन किया। वहीं, विश्वविद्यालय प्रबंधन ने अंगवस्त्र और प्रतीक चिह्न भेंट कर उन्हें सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि 36 एकड़ के हरे भरे परिसर में फैला पटना जेवियर विश्वविद्यालय एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान है जो चरित्र निर्माण, शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान नवाचार पर ध्यान केंद्रित करते हुए विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय कई विषयों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम प्रदान करता है। इसका उद्देश्य छात्रों को लगातार विकसित हो रहे वैश्विक परिदृश्य में नेतृत्व करने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए तैयार करना है। विश्वविद्यालय के उद्घाटन अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, अपर मुख्य सचिव, शिक्षा सह मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस सिद्धार्थ, जिलाधिकारी चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार, जेवियर विश्वविद्यालय, पटना के कुलाधिपति फादर विमल किशोर एसजे समेत अन्य अधिकारी, शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

### गृह मंत्री अमित शाह ने बताई 2025 और 2026 के लिए भाजपा की योजना

## बतायाः किस मॉडल पर जीतेंगे बिहार



**पटना।** समाज के अंतिम पायदान पर रहे लोगों को लालू शासन की विभीषिका याद दिलाएं, ताकि लोगों के बीच एक बार फिर से जंगलराज की याद ताजा हो जाए। यह एनडीए गठबंधन के लिए आगामी विधानसभा चुनाव में काफी फायदेमंद साबित होगा। यह निर्देश शनिवार की देर शाम दो दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए दिए। उन्होंने बिहार चुनाव 2025 के साथ कर्नाटक चुनाव 2026 के लिए भी भाजपा की तैयारियों पर बात की। रविवार को गोपालगंज जाने से पहले उन्होंने शनिवार शाम पटना पहुंचने के बाद उन्होंने पहले बिहार भाजपा के पदाधिकारियों के साथ डेढ़ घंटे बात की और फिर कोर कमिटी से अलग बात की। गोपालगंज से लौटकर वह मुख्यमंत्री आवास में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के नेताओं से बिहार चुनाव के लिए भाजपा की तैयारी पर बात करेंगे।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शनिवार की देर शाम दो दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे। शनिवार को उन्होंने पार्टी कार्यालय में भाजपा के सांसदों, विधायकों, एमएलसी सहित अन्य वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। वहीं रविवार की सुबह वह पटना के बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेकर सहकारिता आंदोलन से जुड़े करीब सात हजार लोगों को संबोधित करेंगे। इस दौरान वह सैकड़ों योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। बापू सभागार में कार्यक्रम की समाप्ति के बाद केंद्रीय गृह मंत्री गोपालगंज जाएंगे। गोपालगंज से लौटने के बाद वह मुख्यमंत्री आवास में एनडीए के घटक दल के नेताओं के साथ बैठक कर बिहार विधानसभा चुनाव के संबंध में चर्चा करेंगे।भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह शाह ने इस बैठक के दौरान बिहार सहित अगले साल कर्नाटक में होने वाले विधानसभा चुनावों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की हिंदू-विरोधी और भ्रष्टाचारी सरकार से अगले वर्ष विधानसभा चुनाव के दौरान वहां के नागरिकों को मुक्ति मिल जाएगी। बैठक के दौरान शाह ने कहा कि कांग्रेस की नब्ज उनके हाथों में है। कर्नाटक में हिंदुओं का विरोध किया जा रहा है, साथ ही वहां भ्रष्टाचार भी चरम पर है। लोकसभा क्षेत्रों के पुनः परिसीमन को लेकर विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम पर भी बैठक के दौरान अमित शाह ने अपना पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्रों के परिसीमन के दौरान दक्षिण भारत के राज्यों को कोई भी नुकसान नहीं पहुंचेगा।



# ...तो घर में जरूर रखें बांसुरी

भगवान श्रीकृष्ण को बांसुरी बहुत प्रिय है। बांसुरी कृष्णजी को प्रिय होने के कारण उसको प्रकृति का अनुपम वरदान है। ज्योतिष के अनुसार बांसुरी का इस्तेमाल अगर सोच समझकर किया जाए तो यह हमें कई प्रकार के दोषों से बचाती है। वास्तु और फेंगशुई के अनुसार, बांसुरी को अगर घर, दुकान में रखा जाए है तो इसके कई लाभ मिलते हैं। बांसुरी से होने वाले लाभ कौन-कौन से है, आइए जानते है।

- फेंगशुई विद्या के अनुसार, बांसुरी घर में रखना बहुत शुभ माना गया है। यह उन्नति और प्रगति दोनों देने में बहुत सहायक है। इस प्रकार बांसुरी प्रकृति का एक अनुपम वरदान है।
- बांसुरी बांस से बनी होती है तथा इसके पौधे को दिव्य माना जाता है। अत: घर में बांसुरी का प्रयोग करके कई तरह से लाभ उठाया जा सकता है।
- बांसुरी के संबंध में एक धार्मिक मान्यता है कि जब बांसुरी को हाथ में लेकर हिलाया जाता है तो बुरी आत्माएं दूर हो जाती हैं।
- जब बांसुरी को बजाया जाता है तो ऐसी मान्यता है कि घरों में शुभ चुम्बकीय प्रवाह का प्रवेश होता है।
- यदि सोच-समझकर इसका उपयोग किया जाए तो दोषों का बिना किसी तोड़-फोड़ के निवारण कर अशुभ फलों से बचा जा सकता है।
- ऐसा माना जाता है कि जो व्यक्ति अपनी नौकरी से परेशान रहता हैं, बांसुरी उसकी सारी मुश्किलें आसान कर सकता है।
- जो व्यक्ति काफी मेहनत के बाद भी अपने बिजनेस में सफलता हासिल नहीं कर पाते उनके लिए बांस से बनी यह बांसुरी उन्नति और समृद्धि दोनों देने में सक्षम है। अत: उन्हें भगवान श्रीकृष्ण का पूजन करते हुए अपने दुकान की छत्त पर दो बांसुरी चिपकानी चाहिए या टांग देनी चाहिए। यह बहुत ही सरल उपाय है जो आपको अपने बिजनेस में उन्नति के शिखर पर ले जाएगा।



# सूर्यास्त के बाद झाड़ू-पौंछा न करें

**धार्मिक ग्रंथों में ऐसी कई सार्वभौमिक सत्य बातें बताई गई हैं, जिनका अनसुरण कर हम अपना सौभाग्य लिख सकते हैं या प्रतिकूल ग्रहों को अनुकूल बना सकते हैं। आइए जानें ऐसी पांच चीजों के बारे में जो हमारे अच्छे व सुखद भविष्य की भी नींव रखती हैं।**

## थाली में न छोडें झूठा अन्न

शास्त्रानुसार कभी भी खाने की प्लेट में जूठा नहीं छोडना चाहिए और न ही कभी जूठे बर्तनों को यूं ही पढ़े रहने देना चाहिए। रात को सोने से पहले सभी जूठे बर्तन धो लेने चाहिए अन्यथा इससे घर में अशांति का वातावरण बनना शुरु हो जाएगा जो अंतत: घर के दुर्भाग्य में बदल जाएगा।

## बैड को रखें नीट एंड क्लीन

शास्त्रों के अनुसार बेडरूम सुव्यवस्थित तथा साफ-सुथरा होना चाहिए। खास तौर पर बिस्तर पर बिछी हुई चादर बिल्कुल साफ होनी चाहिए साथ ही कमरे में कचरा नहीं फैला होना चाहिए। ऐसा नहीं करने पर उस बिस्तर पर सोने वाले का सौभाग्य भी दुर्भाग्य में बदल जाता है।

## जगह-जगह थूकना लाता है दुर्भाग्य

कहीं भी थूक देना (विशेष तौर पर घर में, देव मंदिरों में, सार्वजनिक स्थानों पर) शास्त्रों में पूरी तरह गलत बताया गया है। इससे घर की लक्ष्मी रूठ कर चली जाती है। हमें यथासंभव अपने आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से घर की सुख-शांति खत्म हो जाती है और कंगाली घर में प्रवेश कर जाती है।

## बाथरूम को रखें साफ-सुथरा

बाथरुम को चन्द्रमा का स्थान माना गया है। जिन घरों में बाथरूम गंदा रहता है या अस्त-व्यस्त पड़ा रहता है, उन घरों के स्वामी की कुंडली में चन्द्रमा पर ग्रहण लग जाता है जिससे उस घर में रहने वालों की मानसिक शांति समाप्त हो जाती है तथा वहां धन की कमी होने लगती है।



# पूजा में भगवान श्रीगणेश जी का है सर्वश्रेष्ठ स्थान

हिन्दू धर्म शास्त्रों के अनुसार, किसी भी शुभ काम के करने से पहले गणेश पूजन आवश्यक हैं। इससे प्रसन्न होकर गणेश जी सारे काम निर्विघ्न कर देते हैं। हिन्दू संस्कृति और पूजा में भगवान श्रीगणेश जी को सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। प्रत्येक शुभ कार्य में सबसे पहले भगवान गणेश की ही पूजा की जाती अनिवार्य बताई गयी है। देवता भी अपने कार्यों की बिना किसी विघ्न से पूरा करने के लिए गणेश जी की अर्चना सबसे पहले करते हैं।

ऐसा कहा जाता है कि गणेश जी की पूजा में दूर्वा का सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण मानी जाती है और साथ ही यह मान्यता है कि गणपति को दूर्वा चढ़ाने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। ऐसे में दूर्वा को पूजन परंपरा से जोडकर उन्होंने दुर्लभ वनस्पतियों को बचाने का संदेश दिया है क्योंकि इससे हम धरती की रक्षा कर अपने लिए एक स्वच्छ वातावरण का निर्माण कर सकेंगे।

ऐसे में कहा जाता है गणपति की साधना-अराधना के लिए बताए गए 108 नाम के बारे में जिनके जप करने से भीतरी आध्यात्मिक शक्ति का विकास होता है। यह भी माना जाता है कि श्री गणेश जी के 21 नाम वालें मंत्रों और 21 पेड़ों के पत्तों को अर्पित करने पर उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है।

मान्यता है कि पूजन की इस परंपरा के पीछे जीवनदायक प्राण वायु प्रदान करने वाले वृक्षों को न काटने का गूढ़ रहस्य छिपाया गया है। वहीं इस बात को कहने का तात्पर्य गणपति की साधना-अराधना से जुड़े इन वृक्षों संरक्षण किया जाना चाहिए। श्री गणेश नाम वृक्षों के नाम आइए जानते हैं।



## इन मंत्रों का करें जाप

ओम सुमुखाय नम: शमी पत्र।
ओम गणाधीशाय नम: भृंगराज पत्र।
ओम उमापुत्राय नम: बेल पत्र।
ओम गजामुखाय नम: दूर्वापत्र।
ओम लम्बोदराय नम: बेर का पत्र।
ओम हर पुत्राय नम: धतूरे का पत्र।
ओम शूर्पकर्णाय नम: तुलसी के पत्र।
ओम वक्रतुण्डाय नम: सेम का पत्र।
ओम गुहाग्रजाय नम: अपामार्ग पत्र।
ओम एकदंताय नम: भटकटैया पत्र।
ओम हेरम्बाय नम: सिंदूर पत्र।
ओम चतुर्होत्रे नम: तेज पत्र।
ओम सर्वेश्वराय नम: अगस्त पत्र।
ओम विकटाय नम: कनेर पत्र।
ओम हेमतुण्डाय नम: केला पत्र।
ओम विनायकायनम: आक पत्र।
ओम कपिलाय नम: अर्जन पत्र।
ओम वटवे नम: देवदारू पत्र।
ओम भालचंद्रय नम: महुए के पत्र।
ओम सुराग्रजाय नम: गांधारी पत्र।
ओम सिद्धि विनायक नम: केतकी पत्र।

## परिवार और व्यक्ति के दुख दूर करते हैं यह सरल उपाय

बुधवार के दिन घर में सफेद रंग के गणपति की स्थापना करने से समस्त प्रकार की तंत्र शक्ति का नाश होता है।

धन प्राप्ति के लिए बुधवार के दिन गणेश को घी और गुड़ का भोग लगाएं। थोड़ी देर बाद घी व गुड़ गाय को खिला दें। ये उपाय करने से धन संबंधी समस्या का निदान हो जाता है।


परिवार में कलह कलेश हो तो बुधवार के दिन दूर्वा के गणेश जी की प्रतिकात्मक मूर्ति बनवाएं। इसे अपने घर के देवालय में स्थापित करें और प्रतिदिन इसकी विधि-विधान से पूजा करें। घर के मुख्य दरवाजे पर गणेशजी की प्रतिमा लगाने से घर में सुख-समृद्धि बनी रहती है। कोई भी नकारात्मक शक्ति घर में प्रवेश नहीं कर पाती है।

# तुलसी के पौधे को कभी भी दक्षिण में न लगाएं

हर व्यक्ति के जीवन में शांति और सम्पन्नता का होना जरूरी है और सम्पन्नता के लिए लक्ष्मी का प्रसन्न होना बेहद आवश्यतक है। वास्तु शास्त्र के अनुसार कुछ खास बातें नहीं की जाएं तो लक्ष्मी की कृपा और आशीर्वाद हमेशा बना रहता है।

- वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के दरवाजों को कभी भी ना खटखटाएं। घर के गेट पर बैल लगाएं या आवाज देकर मालिक को बुलाएं। गेटों को खटखटाने और बजाने से वास्तु दोष बढ़ता है। ऐसे में लक्ष्मी वहां ज्यादा दिनों तक टिकती नही है।
- वास्तु के अनुसार सर्वप्रिय देव श्रीगणेश की मालिक द्वारा आराधना जरूरी होती है। यदि घर का मालिक सुबह उठकर श्रीगणेशजी का ध्यान कर पूजा-अर्चना करता है तो घर के वास्तु दोष तुरंत दूर होते हैं।
- वास्तु के अनुसार तुलसी के पौधे को कभी भी दक्षिण में न लगाएं, इससे जीवन में अशुभता आने लगती है। तुलसी जी के पौधे को पूर्व या उत्तर में लगाना उचित रहता है।
- गंदे कपडे पहनने से भी वास्तु दोषों में बढोतरी होती है। कोशिश करें कि दो दिन के अलावा तीसरे दिन भी पुराने कपडे नहीं पहनें।
- घर की सफाई रात को करना भी वास्तु के अनुसार ठीक नहीं है। कहते हैं कि शाम को जो धूल एकत्रित होती है, वही लक्ष्मी जी की कृपा होती है।






# सकारात्मक ऊर्जा और तन-मन की शांति के लिए..

**धार्मिक ग्रंथों के अनुसार अच्छी सेहत और प्रसन्न तन-मन के लिए कुछ उपयोगी टिप्स दैनिक व्यवहार में लाकर आप एक सुंदर एवं स्वस्थ जीवन जी सकते हैं।**

- सूर्योदय से पूर्व उठने की आदत डालें, इससे सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है जो तन, मन और मस्तिष्क को शांत करती है।
- प्रात: काल आसपास के खुले स्थान, पार्क या भवन की छत पर जाकर पूर्व दिशा की ओर मुंह करके थोड़ा व्यायाम करें और लंबी सांस लें। इससे प्रकृति में सुबह के समय व्याप्त सकारात्मक ऊर्जा यानी आक्सीजन का भरपूर उपयोग करके आप शरीर को स्वस्थ रख सकते हैं।
- अच्छे स्वास्थ्य के लिए भोजन करते समय आपका मुख सदा पूर्व या उत्तर में रहे। कभी भी पलंग पर बैठकर, खड़े होकर या आड़े-तिरछे बैठकर भोजन न करें।
- भोजन या तो भूमि पर आसन बिछाकर करें या फिर डायनिंग टेबल का प्रयोग करें। विधिवत भोजन करने से शरीर चुस्त दुरूस्त रहता है।
- खाना खाते वक्त टेलीविजन नहीं देखें, इससे उत्पन्न होने वाली नकारात्मक ऊर्जा के प्रभाव से सभी ज्ञानेंद्रियों पर विपरीत असर पड़ता है। इससे पेट की बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। अत: भोजन करते समय टेलीविजन देखने की बजाए पारिवारिक दिनचर्या पर गपशप करें।
- दवाइयों को डायनिंग टेबल पर नहीं रखें, ये नकारात्मक ऊर्जा की प्रतीक होती है। ऐसा करके हम दवाइयों को भोजन का हिस्सा बनाने का निमंत्रण देते हैं, ऐसा नहीं करें।
- यदि घर में बच्चों या वृद्धों के लिए कुछ टॉनिक आदि का प्रयोग कर रहे हों, तो ऐसे टॉनिक की शीशियां व डिब्बे घर की पूर्व दिशा में बनी आलमारियों में रखें और किसी बीमारी से संबंधित दवाइयों को दक्षिण या पश्चिम में रखें।
- भोजन पूर्व की तरफ मुंह करके ही बनाएं। यह सेहत के लिए उत्तम और सुखदायी होता है। रसोईघर आग्नेय कोण में ही बनाएं। रसोईघर की व्यवस्था उत्तर-पूर्व में न करें। यह धन और स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। ज्वलनशील पदार्थों को भी दक्षिण-पूर्व में रखें।
- रसोईघर की दीवारों का रंग हल्का पीला, नारंगी या हल्का लाल रखें। जिससे भोजन सुप्पाच्य होकर भूख बढ़ाने में सहायक साबित होगा। जब एक साथ मिलकर सभी खाना खा रहे हों, तो घर के मुखिया का मुंह पूर्व में तथा अन्य सदस्यों का मुंह उत्तर या पश्चिम में होना चाहिए। दक्षिणामुख कभी नहीं बैठें। इससे पाचन क्रिया ठीक रहती है। हाथ आदि साफ कर प्रसन्नतापूर्वक खाने से आरोग्यता बढ़ती है।



# गोमेद एक खूबसूरत रत्न जीवन को भी बना देता है सुंदर

ज्योतिष विज्ञान में गोमेद को एक खूबसूरत रत्न माना गया है, जो जीवन को सुंदर बना देता है। गोमेद सबसे लाभदायक रत्नों में से एक माना गया है। गोमेद राहु ग्रह से संबंधित रत्न माना गया है। ज्योतिष शास्त्र में राहु को पाप ग्रह माना जाता है अत- ज्योतिषाचार्यो द्वारा राहु के दुष्प्रभावों को समाप्त करने के लिए गोमेद रत्न धारण करने की सलाह दी जाती है। ध्यान रखने योग्य यह है कि गोमेद के साथ माणिक्य, मूंगा और पुखराज नहीं पहनना चाहिए।

यह रत्न जहां रुके कार्यो पूर्ण करने का कार्य करता है, वहीं जीवन के हर क्षेत्र में सफलता देता है। ज्योतिषियों की मानें तो जन्म कुंडली की दशाओं को जानकर ही इस रत्न को धारण करना उचित रहता है। इतना ही नहीं गोमेद ब्लड कैंसर, कम सुनाई देना, आंखों तथा जोड़ों के दर्द जैसी बीमारियों से भी निजात दिलाता है। गोमेद एक चमकदार और अपारदर्शी रत्न है। यह गहरे भूरे अथवा लाल रंग की तरह होता है। इसे गारनेट समूह का रत्न माना जाता है। यह दुनिया में कई स्थानों पर पाया जाता है। गोमेद मुख्य रूप से यह भारत, श्रीलंका और ब्राजील में आसानी से मिल जाता है तथा साउथ अफीका, थाईलैंड और ऑस्ट्रेलिया में भी यह रत्न पाया जाता है। राहु ग्रह से संबंधित इस रत्न को हिन्दी में गोमेद और अंग्रेजी में हैसोनाइट स्टोन कहते हैं। गोमेद रत्न 6 रत्ती से कम का धारण नहीं करना चाहिए। यह रत्न शनि की होरा में शुक्ल पक्ष के किसी भी शनिवार को पहनना अतिशुभ माना गया है। यदि शनिवार के दिन शतभिषा, स्वाती या आर्द्रा नक्षत्र में इसे धारण किया जाए तो गोमेद की शुभता अधिक बढ़ जाती है।

## रत्न धारण करने की विधि

गोमेद रत्न की अंगूठी को सबसे पहले गंगा जल, दूध, शहद और मिश्री के घोल में डालकर एक रात उसमें ही रहने दें। तत्पश्चात ऊँ रां राहवे नम- मंत्र का 108 बार जाप करके कनिष्का में धारण करना चाहिए।

## किस अंगुली में धारण करें

इसे चांदी या अष्टधातु की अंगूठी में जड़वा कर पहनना उचित रहता है। राहु का रत्न गोमेद को कनिष्का ऊंगली में पहनना चाहिए, क्योंकि मिथुन राशि में उच्च का होने से बुध की अंगुली कनिष्का में पहनना शुभ फलदायी रहता है। यह राहु के अशुभ प्रभाव को दूर करता है। गोमेद धारण करने से राहु की दशा-महादशा को दुष्प्रभावों से निजात मिलती है। यह रत्न शत्रुओं पर विजय दिलाने वाला भी माना जाता है, इतना ही नहीं इसे धारण करने से सकारात्मक विचार, एकाग्रता और आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

## कौन धारण करें

इसे राजनीतिज्ञ, जासूसी, जुआ, सट्टा खेलने वाले तथा तंत्र या मंत्र विद्या से जुड़े व्यक्ति पहनते हैं। कौन ना पहने ये रत्न- जिस व्यक्ति की कुंडली में राहु 5वें, 8वें 9वें 11वें या 12वें स्थान पर हो उन्हें गोमेद धारण नहीं करना चाहिए। इससे नुकसान होने की संभावना बढ़ जाती है तथा जिनका व्यापार-व्यवसाय राहु ग्रह से संबंधित हो उन्हें भी यह रत्न नहीं पहनना चाहिए।

# पीतल का शेर देगा आपको आत्मविश्वास...

**घर का सामान आपके जीवन, धन-संपत्ति और खुशहाली के साथ-साथ आपके व्यक्तित्व पर भी गहरा प्रभाव डालता है। वास्तुशास्त्र के कुछ मौलिक सिद्धांत तो लगभग सभी लोगों को मालूम होते भी हैं, मसलन दक्षिण दिशा में मुख्य द्वार नहीं बनाना चाहिए, उत्तर दिशा में तिजोरी रखना और घर में गंदगी इकट्ठी ना होने देना...वगैरह-वगैरह।**

लेकिन कुछ वास्तु टिप्स ऐसे होते हैं, जो आपके व्यक्तित्व पर भी बहुत गहर असर छोड़ते हैं। अगर आप उदास रहते हैं या फिर आपको लगता है कि आत्मविश्वास की कमी के कारण आप अपने उद्देश्य को प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं या आपको अन्य लोगों के समक्ष अपनी बात रखने में हिचक होती है तो हम आपको एक ऐसा वास्तु उपाय बताने जा रहे हैं जो आपके लिए बेहद कारगर सिद्ध हो सकता है। पीतल धातु से बना शेर, ना सिर्फ आपके घर की शोभा को बढ़ाता है बल्कि आपके भीतर छिपी हीन भावना या आत्मविश्वास की कमी को भी समाप्त करता है।

वास्तुशास्त्र के विशेषज्ञों के अनुसार अगर पीतल धातु से बने शेर को घर की पूर्वी दिशा में स्थापित करते हैं तो यह आपके सेल्फ कॉफिडेंस में गजब का उछाल लाता है। बस एक बात का ध्यान रखें कि जब आप शेर को अपने घर में स्थापित करें तो उसका मुख घर के केन्द्र में होना चाहिए।

# सनराइजर्स हैदराबाद पर दिल्ली कैपिटल्स की धमाकेदार जीत, डुप्लेसी और स्टार्क ने मचाया गदर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2025 का 10वां मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया। वहीं इस मुकाबले दिल्ली ने हैदराबाद को 7 विकेट से रौंद दिया। इसी के साथ दिल्ली की ये लगातार दूसरी जीत है। स्रा ने विशाखापट्टनम के मैदान पर 164 रनों का टारगेट दिया, जिसे डीसी ने 16 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर आसानी से चेज कर लिया। उपकप्तान फाफ डुप्लेसी ने गर्दा उड़ाया। उन्होंने 27 गेंदों में तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से 50 रन बनाए।

डुप्लेसी ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत दिलाई। उन्होंने जैक फ्रेजर-मैकगर्क (चार चौके, दो छक्के की मदद से 32 गेंदों में 38 रन) के संग पहले विकेट के लिए 81 रनों की पार्टनरशिप की। केएल राहुल ने 5 गेंदों में 15 रनों का योगदान दिया। अभिषेक पोरेल 18 गेंदों में 34 और ट्रिस्टन स्टब्स 14 गेंदों में 21 के लिए 81 रनों की पार्टनरशिप की। केएल राहुल ने 5 गेंदों में 15 रनों का योगदान दिया। अभिषेक पोरेल 18 गेंदों में 34 और ट्रिस्टन स्टब्स 14 गेंदों में 21 रन बनाकर नाबाद रहे। पोरेल ने दो चौके और इतने ही सिक्स लगाए। स्टब्स ने तीन चौके ठोके। हैदराबाद के लिए तीनों विकेट जीशान अंसारी ने झटके।

वहीं टॉस जीतने के बाद हैदराबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 18.3 ओवर में 163 रन ही बना पाई। डीसी ने तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने धमाल मचाया। उन्होंने पहली बार आईपीएल में पंजा खोला। उन्होंने 3.4 ओवर में 35 रन देकर पांच विकेट अपने नाम किए। स्पिनर कुलदीप यादव ने तीन जबकि मोहित शर्मा ने एक विकेट झटका। हैदराबाद के लिए सबसे ज्यादा रन अनिकेत वर्मा ने बनाए। उन्होंने 41 गेंदों में पांच चौकों और 6 छक्कों के दम पर 74 रनों की पारी खेली। ये अनिकेत की पहली आईपीएल फिफ्टी थी। हैदराबाद की शुरुआत अच्छी नहीं रही ओपनर अभिषेक शर्मा 1 रन बनाकर रन आउट हो गए।

स्टार्क ने तीसरे ओवर में ईशान किशन (2) और नीतीश कुमार रेड्डी (0) को पवेलियन की राह दिखाई। स्टार्क ने पांचवें ओवर में ट्रेविस हेड के रूप में बड़ा विकेट झटका। उनके बल्ले से 12 गेंदों में 22 रन निकले, जिसमें चौके भी शामिल हैं। हैदराबाद के 27 रनों पर चार विकेट गिर गए थे इसके बाद अनिकेत ने बखूबी मोर्चा संभाला। हेनरिक क्लासेन (19 गेंदों में 32, दो चौके, दो सिक्स) के साथ मिलकर उन्होंने पांचवें विकेट के लिए 77 रनों की साझेदारी की। मोहित ने 11वें ओवर में क्लासेन का शिकार किया। वियान मुल्डर (9), हर्षल पटेल (5),



अभिनव मनोहर और पैट कमिंस दहाई अंक तक नहीं पहुंच पाए।

# हार्दिक पांड्या को लगा झटका, एक गलती से 12 लाख रुपए की 'चपत' लगी




**अहमदाबाद (एजेंसी)।** मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पांड्या पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में उनकी टीम की धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियन्स को शनिवार को नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टाइटंस के खिलाफ 36 रन से हार का सामना करना पड़ा।

आईपीएल ने रविवार को एक बयान में कहा, 'मुंबई इंडियन्स के कप्तान हार्दिक पंड्या पर अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के नौवें मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए जुर्माना लगाया गया है।' बयान के अनुसार, 'यह आईपीएल की आचार संहिता के न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित नियम 2.2 के तहत उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए पंड्या पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।'

गुजरात ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अहमदाबाद की काली मिट्टी वाली पिच पर 196 रन बनाए। मुंबई इंडियन्स को लक्ष्य का पीछा करते हुए संघर्ष करना पड़ा और अंततः टीम छह विकेट पर 160 रन ही बना सकी। गुजरात ने मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत दर्ज की। यह मुंबई इंडियन्स की लगातार दूसरी हार थी और टीम ने अभी अंकों का खाता नहीं खोला है।

# बल्लेबाजों को नहीं रहा गेंजबादों का डर, पावरप्ले में बना रहे बड़ा स्कोर

**-पार्थिव पटेल ने कहा- साइडआर्म थ्रो विशेषज्ञ कर रहे बल्लेबाजों की मदद**

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने कहा कि बल्लेबाजों में खौफ नहीं है इसलिए आईपीएल के इस सीजन में पावरप्ले के दौरान बड़े स्कोर बन रहे हैं। पटेल ने कहा कि जब वह खेलते थे उन दिनों में आईपीएल टीमों का पावरप्ले में स्कोर 45 रन के आसपास होता था और साइडआर्म थ्रो विशेषज्ञों ने भी बल्लेबाजों की रफ्तार से सामंजस्य बिठाने में मदद की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पार्थिव पटेल ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं। रणनीति बहुत बड़े स्तर पर बनाई जाती है। कुछ साल पहले जब मैं खेल रहा था तब पावरप्ले का स्कोर 45 के आसपास अच्छा माना जाता था। उन्होंने कहा कि उसके बाद 50 और फिर 55 से 60 तक हो गया। अगर आप चेन्नई में खेल रहे हैं तो 150 अच्छा स्कोर है और वहां टीम से पावरप्ले में 70 या 80 रन की उम्मीद नहीं की जाती है। उन्होंने कहा कि अगर सभी मैचों को देखें तो 70 रन मानदंड है। आप किन्हीं भी हालात में खेले लेकिन बेंचमार्क 45 से ऊपर चला गया है। पटेल ने कहा कि अब बल्लेबाज गेंदबाजों से डरते नहीं हैं। वे बेखौफ होकर खेलते हैं। उनकी मदद के लिए विशेषज्ञ मौजूद हैं। हर कोई चौके-छक्के लगाने में सक्षम है। साइडआर्म विशेषज्ञों से भारत के घरेलू क्रिकेटरों को काफी मदद मिली है क्योंकि आम तौर पर आप 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार की गेंद का सामना नहीं करते। पटेल ने बीते दिनों गुजरात टाइटन्स द्वारा जोस बटलर को खरीदने पर अपने विचार व्यक्त भी किए थे। उन्होंने कहा था कि हम जोस बटलर को बोली में अपनी टीम में पाकर खुश हैं। उनका अनुभव और आक्रामक बल्लेबाजी हमारे लिए बड़ी संपत्ति होगी। यह टिप्पणी आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी के बाद आई, जिसमें बटलर को खरीदा गया था, जिसमें विस्फोटक बल्लेबाज के साथ टीम की संभावनाओं के बारे में पार्थिव की आशावादिता को दर्शाया गया है।



# 22 शतक व 1000 से ज्यादा छक्के लगाने वाले को आईपीएल में नहीं खरीदा

**- महान खिलाड़ी गेल को इंडियन प्रीमियर लीग में झेलनी पड़ी बेइज्जती**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग में यूं तो एक से बढ़कर एक तूफानी बल्लेबाज अपने खेल से लोगों को दीवाना बना चुके हैं लेकिन एक नाम ऐसा है जिसे भूलाया नहीं जा सकता। यूनिवर्स बॉल के नाम से मशहूर वेस्टइंडीज के क्रिस गेल को विस्फोटक बल्लेबाजों में सबसे ऊपर गिना जाता है। टी20 फॉर्मेट में तो इस खिलाड़ी ने गेंदबाजों की हेकड़ी निकाली दी। 22 शतक के दम पर 14 हजार से ज्यादा रन इसकी खेल की गवाही देते हैं लेकिन इस महान खिलाड़ी को भी इंडियन प्रीमियर लीग में बेइज्जती झेलनी पड़ी। क्रिस गेल जैसे तूफानी खिलाड़ी को भी फ्रेंचाइजी ने खरीदने से इनकर कर दिया था।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गेल के रिकार्ड पर एक नजर डाले तो उन्होंने 2009 से 2021 तक आईपीएल में 142 मैच खेला हैं। आईपीएल में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड भी गेल के नाम दर्ज है जो आज तक इसे कोई भी बल्लेबाज नहीं तोड़ पाया है। 23 अप्रैल 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम से खेलते हुए पुणे वॉरियर्स के खिलाफ गेल ने महज 66 बॉल पर 175 रन की नाबाद पारी खेली थी। इसमें 13 चौके और कुल 16 छक्के क्रिस गेल के बल्ले से देखने को मिले थे। इस पारी का जवाब आज तक आईपीएल को नहीं मिल पाया है। गेल जैसे ऊंचे कद के खिलाड़ी को इंडियन प्रीमियर लीग में एक नहीं बल्कि दो बार बेइज्जत होना पड़ा है।

साल 2011 के मेगा ऑक्शन के लिए कोलकाता नाइटराइडर्स ने उनको रिलीज कर दिया था। किसी भी टीम ने गेल के लिए बोली नहीं लगाई और वह अनसोल्ड रहे। डर्क नेनिस के चोटिल होने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने उनको अपनी टीम में बतौर रिप्लेसमेंट शामिल किया था। 12 मुकाबले में गेल ने इस सीजन दो शतक जमाते हुए 608 रन ठोके और सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए थे। 2017 में क्रिस गेल आरसीबी टीम से खेले लेकिन इसके बाद उनको रिलीज कर दिया गया। 2018 के ऑक्शन में दो बार उनका नाम आया लेकिन किसी ने नहीं खरीदा। आखिर में पंजाब किंग्स ने उनको बेस प्राइस पर अपने साथ जोड़ लिया। हालांकि यहां भी उनको प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला। विस्फोटक ओपनर को तीसरे नंबर पर भेजा गया। हद तो तब हो गई जब गेल को उनके जन्मदिन पर प्लेइंग इलेवन में जगह नहीं मिली। गेल का टी20 रिकॉर्ड गजब का है और वह सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने साल 2005 से 2022 के बीच कुल 463 टी20 मुकाबले खेले जिसमें 22 शतक लगाने के साथ 14562 रन बनाए। इस दौरान क्रिस गेल के बल्ले से रिकॉर्ड 1056 छक्के निकले। दूसरे नंबर पर वेस्टइंडीज के ही कीरोन पोलार्ड है जिसके खाते में 695 मैच में 908 छक्के हैं। भारत के रोहित शर्मा का नाम सूची में 8वें नंबर है। उन्होंने 449 टी20 मैच खेलकर कुल 525 छक्के लगाए हैं।




# शुभमन ने बताया मुम्बई के खिलाफ जीत का राज

अहमदाबाद । गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मिली जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि काले मिट्टी की पिच पर खेलने की रणनीति उन्होंने पहले ही बना ली थी । इस मैच में मुंबई इंडियंस की टीम 6 विकेट पर 160 रन ही बना पायी । ऐसे में गुजरात टाइटंस ने आसानी से मैच जीत लिया । इस प्रकार इस सत्र में गुजरात को पहली जीत मिली । के मौजूदा सीजन में गुजरात टाइटंस की पहली जीत और मुंबई इंडियंस की दूसरी हार है । इस हार से मुम्बई के कप्तान हार्दिक पंड्या को करारा झटका लगा है क्योंकि वह पहले गुजरात के कप्तान थे पर टीम छोड़कर मुम्बई पहुंच गये । पिछले सत्र में दर्शकों ने उनपर जमकर निशाना साधा था । इस मैच में जीत को लेकर शुभमन ने कहा कि ऐसी पिच पर बाउंड्री लगाना कठिन होता है । यही नहीं हार्दिक पांड्या ने भी माना है कि काली मिट्टी पर बल्लेबाजी करते समय बाउंड्री लगाना कठिन होता है । इसी कारण टीम ने पावर प्ले में आक्रामक बल्लेबाजी की ।' गुजरात टाइटंस के तेज गेंदबाजों ने भी मैच में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे भी अंतर पड़ा और मुम्बई दबाव में आ गयी । इससे अनुभवी स्पिनर राशिद खान को केवल दो ओवर ही फेंकने पड़े ।




# अनिकेत सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले तीसरे बल्लेबाज बने




विशाखापत्तनम । सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अनिकेत वर्मा ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में 37 गेंदों पर ही 71 रन बना दिये । अनिकेत ने अपनी इस पारी में 5 चौके और 6 छक्के लगाये । अनिकेत का इस सत्र में अब तक का प्रदर्शन शानदार रहा है । वह आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की की सूची में तीसरे स्थान पर आ गए हैं । पहले नंबर पर 2 मैचों में रिकॉर्ड 13 छक्के लगाकर निकोल्स पूरन बने हुए हैं । पूरन ओरेंज कैप की दौड़ में 145 रन बनाकर शामिल हैं । वहीं दूसरे नंबर पर अनिकेत वर्मा है जिन्होंने अब तक खेले 3 मैचों में 11 छक्के लगाए हैं । वहीं सूची में तीसरे नंबर पर श्रेयस अय्यर है जिन्होंने अब तक 9 छक्के लगाये हैं । अनिकेत ने राजस्थान के खिलाफ उन्होंने डेब्यू मैच की दूसरी ही गेंद पर छक्का लगाया । इसके बाद लखनऊ सुपर जायंटस के खिलाफ मैच में चा छक्के लगाये । वहीं अब दिल्ली के खिलाफ छह छक्के लगाये । इस बल्लेबाज ने अब तक 137 रन बनाये हैं और उनका स्ट्राइक रेट 220 से भी ऊपर है ।

# बुमराह की वापसी न होने से कोच जयवर्धने का टूटा सब्र, कही यह बात

**मेलबर्न (एजेंसी)।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को कहा कि भारतीय पुरुष टीम इस साल के अंत में तीन एकदिवसीय और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। मेहमान टीम 19 अक्टूबर से आठ नवंबर के बीच सफेद गेंद के मैच खेलेगी। 50 ओवर के मैच जहां दिन-रात के होंगे तो वहीं टी20 मुकाबले रात के मैच होंगे।

आगामी 2025-26 सत्र के दौरान पहली बार ऑस्ट्रेलिया के सभी आठ राज्यों और क्षेत्रों में पुरुषों के अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों का आयोजन होगा। कैनबरा और होबार्ट दोनों पांच मैच की टी20 श्रृंखला के दौरान भारत की मेजबानी करने के लिए तैयार हैं। विश्व कप 2023 के फाइनल में जगह बनाने वाले भारत और ऑस्ट्रेलिया इससे पहले पर्थ, एडीलेड और सिडनी में भी 50 ओवर के मैच खेलेंगे।

भारत 2024-25 में पांच टेस्ट मैच की बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के बाद ऑस्ट्रेलिया लौटेगा। बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान ऑस्ट्रेलिया में दर्शकों की संख्या के नए रिकॉर्ड बने थे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी टॉड ग्रीनबर्ग ने कहा, 'हमने पिछली गर्मियों में मैदान पर दर्शकों की संख्या, टीवी पर दर्शकों की संख्या और डिजिटल जुड़ाव के कई रिकॉर्ड तोड़े और हमें विश्वास है कि यह अविश्वसनीय गति पूरे सत्र में जारी रहेगी।'

उन्होंने कहा, 'हम अपनी सभी सरकारों, आयोजन स्थलों, प्रसारण और वाणिज्यिक भागीदारों के सहयोग और समर्थन के लिए बेहद आभारी हैं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि ऑस्ट्रेलिया का राष्ट्रीय खेल स्टेडियमों में शानदार अनुभव प्रदान करता रहे और पूरे देश में भागीदारी को बढ़ावा दे।'

**शेड्यूल इस प्रकार है**

**एकदिवसीय श्रृंखला**

19 अक्टूबर : पर्थ स्टेडियम, पर्थ (दिन-रात्रि)

23 अक्टूबर : एडीलेड ओवल, एडीलेड (दिन-रात्रि)

25 अक्टूबर : एससीजी, सिडनी (दिन-रात्रि)

**टी20 श्रृंखला**

29 अक्टूबर : मनुका ओवल, कैनबरा

31 अक्टूबर : एमसीजी, मेलबर्न

2 नवंबर : बेलरीव ओवल, होबार्ट

6 नवंबर : गोल्ड कोस्ट स्टेडियम, गोल्ड कोस्ट

8 नवंबर : द गाबा, ब्रिस्बेन




# पाक टीम के खराब प्रदर्शन पर भड़के बासित

इस्लामाबाद । पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले ही एक दिवसीय में टीम की करारी हार के बाद कहा कि अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजना गलत था । इस मैच में पाक टीम कीवी टीम से मिले 345 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हए 271 रनों पर ही सिमट गयी थी । बासित ने कहा कि पाक टीम टीम के खराब प्रदर्शन के पीछे वह लोग हैं जिन्होंने पहले बाबर को पारी की शुरुआत के लिए भेजा फिर उसे तीसरे नंबर पर उतारा गया। उन्होंने कहा, बाबर तीसरे नंबर पर क्यों खेला ? वह चैंपियंस ट्रॉफी में पारी की शुरुआत करने उतरा था । वह लोग अब कहां है जिन्होंने कहा था कि उसे पारी शुरु करनी चाहिये । ऐसे लोगों को बाहर किये जाने की जरुरत है । साथ ही कहा कि अब टीम के खराब प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेने कोई नहीं आयेगा । जो लोग क्रिकेट के विशेषज्ञ बनने की कोशिश करते हैं, उन्हें भगाना चाहिये । बासित ने कहा कि जिस प्रकार पिछले कुछ समय में पाक क्रिकेट नीचे आया है । उसके लिए वही लोग जिम्मेदार हैं जिन्होंने बाबर और मोहम्मद रिजवान को सलामी बल्लेबाज बनाया । ऐसे लोग पाक क्रिकेट को बर्बाद कर रहे हैं । टीम एक फेंचाइजी बनकर रह गई है ।



# रामनवमी के कारण 6 को नहीं 8 अप्रैल को होगा, केकेआर और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच मैंच

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच 6 अप्रैल को ईडन गार्डस पर होने वाले मैच के दिन में बदलाव किया है । बीसीसीआई ने छह अप्रैल को रामनवमी होने के कारण मैच को 8 अप्रैल को कराने का फैसला किया है । बीसीसीआई (बीसीसीआई) ने कहा, बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) से मैच के कार्यक्रम में बदलाव का अनुरोध किया था क्योंकि त्यौहार के कारण शहर भर में पुलिस की भारी तैनाती होगी । अधिकारियों ने यह मैच आठ अप्रैल को 3.30 से कराने का अनुरोध किया था जिसे मान लिया गया है । अब आठ अप्रैल को दो मैच होने है । दोपहर में केकेआर और एलएसजी का मैच जबकि शाम को न्यू चंडीगढ में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स का मैच खेला जाएगा । आईपीएल में 6 अप्रैल रविवार को अब एक ही मैच होगा । जिसमें सनराइजर्स हैदराबाद अपने घरेलू मैदान पर गुजरात टाइटन्स का सामना करेगी । यह मैच शाम 7 :30 बजे (मैच नंबर 20) खेला जाएगा, जैसा कि पहले से तय था । मंगलवार, 8 अप्रैल को दो मैच खेले जाने है । पहले मैच में दोपहर को कोलकाता में केकेआर और एलएसजी के बीच मुकाबला होगा, और शाम को पंजाब किंग्स अपने घरेलू मैदान न्यू चंडीगढ़ में चेन्नई सुपर किंग्स का सामना करेगी (मैच नंबर 22), जैसा कि पहले से तय था ।

# सानिया मिर्जा की बहन अनम के दावत-ए-रमजान में चली गोलियां



स्पोर्ट्स डेस्क । टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा की बहन अनम मिर्जा द्वारा आयोजित दावत-ए-रमजान एक्सपो में शनिवार को गोलियां चली । रिपोर्ट्स के मुताबिक दो दुकानदारों के बीच विवाद के बाद हवाई फायर हुए । हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी सामने नहीं आई है। हैदराबाद के गुडीमलकापुर इलाके में गोलीबारी के बाद तनाव का माहौल बन गया । यह घटना दो दुकानदारों के बीच विवाद बढ़ने के बाद हुई जिसके बाद उनमें से एक ने हवा में गोलियां चला दीं । सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और इसे लेकर कार्रवाई की । एसीपी कुलसुमपुरा के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) मोहम्मद मुनव्वर के अनुसार एक्सपो में परफ्यूम खरीदने आए फरहान और आयोजकों के बीच झड़प हो गई। एसीपी ने कहा, 'एक तीखी बहस के बाद फरहान और उसके दोस्तों ने अतीकुद्दीन सहित कुछ लोगों पर हमला कर दिया। अचानक, उसने अपनी लाइसेंसी बंदूक निकाली और हवा में दो राउंड फायर किए।' इस घटना के सिलसिले में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है और पुलिस गोलीबारी के पीछे के कारणों की जांच कर रही है । अनम मिर्जा की इंस्टाग्राम प्रोफाइल के अनुसार, वह 2012 से एक फैशन क्यूरेटर हैं और उनका यूट्यूब चैनल भी है ।

# रूट की साथी खिलाड़ियों को नसीहत, भारत के खिलाफ प्रदर्शन में निरंतरता रखनी होगी

**-भारतीय टीम जून में इंग्लैंड के दौरे पर जाएगी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया के ज्यादातर क्रिकेटर जब आईपीएल में व्यस्त हैं, तब जो रूट टेस्ट सीरीज की प्लानिंग बनाने में लगे है। इंग्लैंड के जो रूट ने भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज के लिए अपने खिलाड़ियों को नसीहतें दे डाली है। उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ प्रदर्शन में निरंतरता रखनी होगी क्योंकि इसतरह के मजबूत प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ कोई छुपने की जगह नहीं होती। रूट की गिनती मॉडर्न ग्रेट्स में होती है। उन्हें इस शताब्दी के फैब फोर में विराट कोहली, स्टीव स्मिथ और केन विलियम्सन के साथ शामिल किया जाता है।

भारतीय टीम को जून में इंग्लैंड के दौरे पर जाना है। दोनों टीमें 5 मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेंगी। यह सीरीज 2025-27 वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप का हिस्सा होगी। सीरीज का पहला मैच 20 जून से हेडिंग्ले में खेला जाएगा। इंग्लैंड के लिए सबसे अधिक रन बनाने वाले रूट ने कहा, भारत के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज में कोई छुपने की जगह नहीं है। यह एक लंबी और मुश्किल सीरीज होगी। इसमें जिताने के लिए हमें निरंतरता बनाए रखनी होगी।

बात दें कि रूट ने 2017 से 2022 तक इंग्लैंड टेस्ट टीम की कप्तानी की है। उन्होंने इस दौरान अपनी टीम को 64 मैचों में से 27 में जीत दिलाई। उन्होंने एशेज में हार के बाद कप्तानी छोड़ दी थी। लेकिन वे टीम के नंबर-1 बल्लेबाज बने हुए हैं। रूट ने हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी में तीन पारियों में 225 रन बनाए थे। रूट ने कहा, 'चैंपियंस ट्रॉफी निराशाजनक थी। हम अपनी क्षमता के अनुसार नहीं खेल सके। लेकिन अब हमें आगे बढ़ना है। अब भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज अच्छा मौका है कि हम फिर से टीम के रूप में आगे बढ़ें और उन ऊंचाइयों पर जाएं, जिसमें हम सक्षम हैं। रूट ने जॉस बटलर के इस्तीफे के बाद वनडे में इंग्लैंड की कप्तानी करने से इंकार कर दिया। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि अब वह समय बीत चुका है। मैंने इंग्लैंड के कप्तान के रूप में अपना समय पूरा कर लिया है। हां, मुझे यकीन है कि जिसे भी यह मौका मिलेगा, वह गर्व महसूस करेगा और शानदार काम करेगा।



# बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर दलितों को साधने में जुटी पार्टियां

## –अब जेडीयू बाबा साहेब की जयंती को भव्य तरीके से मनाएगी, कांग्रेस का ढूंढा तोड़

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में विधानसभा चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है यहां के राजनीतिक दल दलित वोटों को साधने में लग गए हैं। कांग्रेस दलित को अध्यक्ष बनाकर अपना कार्ड खेल चुकी है। वहीं अब सत्ताधारी जेडीयू भी कांग्रेस के इस दांव का तोड़ ढूंढ रही है। जेडीयू ने बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की जयंती को भव्य तरीके से मनाने की योजना तैयार की है। मंत्री और जेडीयू के वरिष्ठ नेता अशोक चौधरी ने बताया कि बाबासाहेब के विचारों के प्रचार प्रसार के लिए उनकी जयंती भव्य तरीके से मनाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि 13 अप्रैल को बापू सभागार में कार्यक्रम होगा। इसके बाद 14 अप्रैल को दलित बस्तियों में दीपोत्सव होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले दलित वोटरों को एनडीए की तरफ लाना है। हमारे सीएम नीतीश कुमार ने दलितों के उत्थान को लेकर बहुत काम किया है। उन्होंने जितना काम किया और कोई नहीं कर पाया। उन्होंने दलितों का वर्गीकरण, कास्ट सर्वे जैसे काम किए जो कि पिछड़ों के उत्थान के लिए जरूरी थे।

बता दें कांग्रेस भी दलितों को लुभाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। उसने हाल ही में अखिलेश प्रसाद को हटाकर राजेश कुमार राम को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। राम जाटव समुदाय से आते हैं। राज्य में जाटव समुदाय की आबादी 5.25 फीसदी है। वहीं इससे पहले अशोक चौधरी ही कांग्रेस के एससी अध्यक्ष थे जो कि अब जेडीयू में हैं।

बीते साल कांग्रेस ने भी अनुसूचित जाति के नेता जगलाल चौधरी की 130वीं जयंती मनाई थी। इसमें राहुल गांधी भी शामिल हुए थे। बिहार में कुल 19.65 फीसदी एससी आबादी है। विधानसभा में 38 सीटें अनुसूचित जातियों के लिए आरक्षित हैं। 2020 में 38 में से 19 सीटों पर एनडीए को कामयाबी मिली थी। आरजेडी को 10 सीटों पर जीत मिली थी वहीं बीजेपी और जेडीयू को 8-8 सीटें मिली थी। कांग्रेस और सीपीआई (एमएल) को चार-चार और हम को तीन सीटें मिली थी।

राज्य में सबसे ज्यादा पासवानों की आबादी है। इनकी आबादी 5.3 फीसदी के आसपास है। एलजेपी (रामविलास) के वोट इसमें काफी हैं। एलजेपी भी एनडीए का ही हिस्सा है। वहीं 2020 में




चिराग पासवान अकेले ही चुनाव लड़े थे। हालांकि इस बार एनडीए को चिराग पासवान का भी फायदा मिलेगा। चिराग मोदी सरकार में मंत्री हैं। वहीं हम नेता जीतनराम मांझी भी केंद्रीय मंत्री हैं। बिहार में 3 फीसदी के आसपास मुसहरों के भी वोट हैं।

## जम्मू कश्मीर वक्फ बोर्ड के कर्मचारी हुए खुश, वेतन और मानदेय बढ़ा

### –बोर्ड में एक हजार से ज्यादा नियमित और अनियमित कर्मचारी करते हैं काम

जम्मू। प्रदेश में वक्फ बोर्ड के कर्मचारियों के वेतन और मानदेय में बढ़ोतरी हो गई है। वक्फ में कार्यरत समेकित, मस्टर शीट और स्टाप गैप अरेंजमेंट के कर्मियों के वेतन में 400 फीसदी तक तो इमाम और खतीब समेत कई नियमित कर्मियों के वेतन में 20 फीसदी की बढ़ोतरी की गई है। इंजीनियरिंग स्टाफ का मासिक यात्रा भत्ता भी तीन हजार रुपए कर दिया गया है। बता दें जम्मू कश्मीर वक्फ बोर्ड में सालों से कार्यरत समेकित, मस्टर शीट और स्टाप गैप अरेंजमेंट के कर्मियों में से ज्यादातर को मात्र तीन हजार रुपए मासिक मानदेय मिल रहा था। संबंधित अधिकारियों ने बताया कि जम्मू कश्मीर वक्फ बोर्ड की अध्यक्ष ने बोर्ड में कार्यरत कई श्रेणियों के कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी का आदेश दिया है। समेकित, मस्टर शीट और स्टाप गैप अरेंजमेंट के तहत नियुक्त कर्मियों को कुशल, अर्धकुशल और अकुशल कर्मचारियों की श्रेणी में बांटा गया है। इनका वेतन क्रमशः 18 हजार, 16 हजार और 15 हजार रुपए प्रति माह तय किया गया है। सूत्रों के मुताबिक यह कदम वर्तमान बोर्ड के अथक प्रयासों का परिणाम है, जिससे संगठन की आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है और इसका उद्देश्य कश्मीर संभाग में दशकों से कम सैलरी पर काम कर रहे एक हजार से ज्यादा कर्मचारियों के जीवन स्तर में सुधार करना है। बोर्ड के नियमित कर्मियों जिनमें इमाम और खतीब शामिल हैं, उनके अलावा पारिवारिक पेंशनधाकरों के वेतन व पेंशन में 20 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गई है।

## प्रज्ञा ठाकुर मालेगांव में हिंदू वीर पुरस्कार से सम्मानित

मुंबई (एजेंसी)। मालेगांव बम धमाके की मुख्य आरोपी तथा भोपाल की पूर्व सांसद प्रज्ञा ठाकुर को मालेगांव में गुड़ी पड़वा के अवसर पर हिंदू वीर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। विराट हिंदू संत सम्मेलन द्वारा यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम का विरोध महाराष्ट्र सरकार ने किया। इसके विरोध में आयोजक हाईकोर्ट चले गए। हाईकोर्ट ने प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया। सरकार ने नागपुर में औरंगजेब विवाद के बाद माहौल खराब होने की बात कहकर इस कार्यक्रम की अनुमति नहीं दी थी। 25 मार्च को नासिक के कार्यकारी मजिस्ट्रेट ने जब आयोजन की मजूँरी नही दी। तो आयोजक हाईकोर्ट पहुंच गए। मुंबई हाईकोर्ट ने नासिक के कार्यकारी मजिस्ट्रेट का आदेश निरस्त करते हुए कार्यक्रम की मंजूरी दी है। मुंबई हाईकोर्ट की खंडपीठ का कहना था, आजादी के 78 साल हो जाने के बाद समाज की समझदारी बढ़ी है। आजादी और सह-अस्तित्व के मायने को देखते हुए इस तरह के आयोजन पर रोक नही लगाई जा सकती है। मुंबई हाईकोर्ट के न्यायाधीश रविंद्र घुघे और न्यायाधीश अश्विन भोवे की खंडपीठ ने जियो और जीने दो को आधार मानकर कार्यक्रम करने की अनुमति दी है। हाईकोर्ट ने निर्देश दिया है, कोई भी वक्ता ऐसा कोई भाषण नहीं दे। जिससे दूसरे धर्म के लोगों को ठेस पहुंचे। बम कांड की आरोपी प्रज्ञा ठाकुर अभी जमानत पर हैं। उनका सम्मान वही किया जा रहा है, जहां बम धमाका हुआ था। अभी भी यह मामला न्यायालय के पास विचाराधीन है।

## टोल टैक्स बढ़ने के कारण दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल के बीच सफर होगा महंगा

नई दिल्ली (एजेंसी)। एक अप्रैल से टोल रेट में पांच रुपये से लेकर 40 रुपये तक की बढ़ोतरी की गई है। इससे हरियाणा में हाईवे और एक्सप्रेसवे पर स्थित 24 टोल प्लाजा पर टोल टैक्स बढ़ जाएगा। इससे दिल्ली से हरियाणा, पंजाब, हिमाचल, और जम्मू-कश्मीर जाने वाले वाहन चालकों का खर्च बढ़ जाएगा। यह बढ़ोतरी इस बात पर निर्भर करेगी कि आप कौनसा वाहन लेकर जा रहे हैं। जिन टोल प्लाजा पर टोल रेट बढ़ा है उनमें गुरुग्राम के खेड़की दौला टोल प्लाजा, फरीदाबाद-पलवल के बीच में पड़ने वाला गदपुरी टोल प्लाजा, दिल्ली-पटियाला नेशनल हाईवे पर जींद में खटकड़ टोल प्लाजा, करनाल का घरौंडा टोल प्लाजा, केएमपी एक्सप्रेसवे पर बादली और मांडोठी टोल और हिसार का लांघड़ी टोल प्लाजा प्रमुख है। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की तरफ से हर साल रेटों में इजाफा किया जाता है। वाहन चालकों को नए रेटों की जानकारी को लेकर कोई असमंजस न हो, इसे लेकर नई रेट सूची को टोल बूथों पर लगा दिया गया है। टोल रेट बढ़ने से आम आदमी में नाराजगी है। वाहन चालकों का कहना है कि हर साल टोल रेट में भारी इजाफा उनकी जेब पर भार बढ़ा रहा है।

## यूपी में नवरात्र और ईद-उल-फितर पर संवेदनशील जगहों पर लगाई रूफटॉप ड्यूटी

### –डीजीपी ने बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों के आसपास पैदल गश्त के दिए निर्देश

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने नवरात्र और ईद-उल-फितर को लेकर संवेदनशील स्थानों पर जरुरी साजो सामान के साथ रूफटॉप ड्यूटी तैनात करने का निर्देश दिया है। डीजीपी ने शनिवार को राज्य के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को जारी निर्देशों में कहा कि संवेदनशील स्थानों पर जरुरी उपकरणों के साथ 'रूफटॉप ड्यूटी' तैनात की जाए और सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों की पहचान करके उचित पुलिस व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों और महत्वपूर्ण व्यापारिक प्रतिष्ठानों के आसपास पैदल गश्त की जाए और तोड़फोड़-रोधी जांच नियमित रूप से की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बाजारों में अग्निशमन के पर्याप्त प्रबंध किए जाएं और नमाज के दौरान ईदगाहों व अन्य मस्जिदों के पास मार्गों पर जानवरों को घूमने की इजाजत नहीं दी जानी चाहिए। यह भी निर्देश दिए कि ईद-उल-फितर एवं रामनवमी के अवसर पर जनपद को सेक्टर एवं जोन में विभाजित कर संवेदनशील स्थानों पर पुलिस पिकेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं राजपत्रित अधिकारियों के साथ मजिस्ट्रेट एवं पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि रामनवमी पर रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों, बाजारों, भीड़-भाड़ वाले स्थानों, समारोह स्थलों, मनोरंजन केन्द्रों आदि पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जाए।

## कठुआ में अभी भी मौजूद हैं पांच आतंकी, 10 संदिग्ध हिरासत में

कठुआ(एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के कठुआ में आतंकियों से तीन दिन से चल रही मुठभेड़ चुनौतीपूर्ण बन गई है। अब तक माना जा रहा था कि तीन आतंकी हैं, लेकिन शनिवार को जब सुरक्षा बलों ने घेराबंदी और बढ़ाई तो पता चला कि अभी भी 5 आतंकी हैं, जो राजबाग इलाके के सफियान जाखोले गांव में छिप हैं। पुलिस के मुताबिक सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेर रखा है। वे जाखोले की ऊंची पहाड़ियों पर हैं, जहां घने जंगल और गुफाएं हैं। पांचों आतंकी विदेशी बताए जा रहे हैं। सुरक्षा बलों ने 10 संदिग्ध मददगारों को हिरासत में लिया है। इन्होंने बताया है कि पांचों आतंकी वही हैं, जिन्हें 23 मार्च को हीरानगर सेक्टर में इंटरनेशनल बॉर्डर के पास सानियाल गांव में पुलिस ने रोका था। मुठभेड़ में अब तक 2 आतंकी मारे जा चुके हैं। 28 मार्च को ऑपरेशन ग्रुप के जवान तारिक अहमद, जसवंत सिंह, जगबीर सिंह और बलविंदर सिंह इस मुठभेड़ में शहीद हो गए थे। वहीं, घायल धीरज सिंह समेत तीन जवानों का इलाज जारी है।

## दिल्ली की सरोजिनी नगर मार्केट में नकली नोट चलाने के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार

कठुआ(एजेंसी)। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली की सरोजिनी नगर मार्केट में जाली नोट चलाने के आरोप में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने आरोपी महिलाओं के पास से 100 रुपये मूल्य के 33 नकली नोट (एफआईसीएन) भी जब्त किए।

## ईद उल फितर का चांद नजर आया कल देश भर में मनाई जाएगी ईद

एजेंसी

**नई दिल्ली :** ईद उल फितर का चांद रविवार को नजर आ गया है। राजधानी दिल्ली सहित देशभर में चांद के दिखाई देने की तस्दीक की गई है। जामा मस्जिद के नायब शाही इमाम शाबान बुखारी ने घोषणा करते हुए कहा कि कल यानी सोमवार के दिन ईद का पर्व मनाया जाएगा।

शाही जामा मस्जिद की मर्कजी रुयत-ए-हिलाल कमेटी, शाही मस्जिद फतेहपुरी की मर्कजी रुयत-ए-हिलाल कमेटी, इमारत-ए-शरिया हिन्द की मर्कजी रुयत-ए-हिलाल कमेटी, मर्कजी जमीअत अहले हदीस की मर्कजी रुयत-ए-हिलाल कमेटी ने आज मगरिब की नमाज के बाद चांद देखने की कोशिश की और उन्हें चाद दिखाई पड़ा। इसके अलावा देश भर के अन्य भागों से भी चांद के दिखाई देने की तस्दीक हुई है। जामा मस्जिद के सैयद शाबान बुखारी ने चांद दिखाई देने की तस्दीक करते हुए घोषणा की कि आज रमजान की 29 तारीख यानी 30 मार्च को ईद का चांद देशभर में नजर आ गया है, इसलिए कल सोमवार 31 मार्च को देशभर में ईद उल फितर का पर्व मनाया जाएगा

उन्होंने सभी देशवासियों को ईद उल फितर की मुबारकबाद भी दी है। मस्जिद फतेहपुरी के इमाम डॉ मुफ्ती मुकर्रम अहमद ने भी ईद के चांद के निकलने की तस्दीक करते हुए कल ईद मनाए जाने की घोषणा की है। इमारत-ए-शरिया हिंद के केंद्रीय दफ्तर मस्जिद अब्दुल नबी में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें ईद का चांद देखने का एहतेमाल किया गया।

## कल से जीएसटी में होंगे महत्वपूर्ण बदलाव

एडवोकेट अश्वनी सैन

**नयी दिल्ली :** नए नियमों के तहत, इनपुट सर्विस डिस्ट्रीब्यूटर (आइएसडी) प्रणाली का उपयोग अब सभी संबंधित व्यवसायों के लिए अनिवार्य होगा। यह प्रणाली उन व्यवसायों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है जो विभिन्न राज्यों में संचालन करते हैं, क्योंकि यह उन्हें साझा इनपुट सेवाओं के लिए इनवॉइस को केंद्रीकृत करने और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) को अपनी शाखाओं के बीच सही ढंग से वितरित करने की अनुमति देती है।

### इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) का सही वितरण

पहले, व्यवसायों के पास आइटीसी के वितरण के लिए आइएसडी प्रणाली या क्रॉस चार्जिंग मेथड का विकल्प था। हालांकि, 1 अप्रैल 2025 से, आइएसडी प्रणाली का उपयोग न करने पर संबंधित स्थानों के लिए आइटीसी का दावा नहीं किया जा सकेगा। गलत वितरण की स्थिति में, कर प्राधिकरण ब्याज सहित राशि बसूल सकते हैं, और 10,000 रुपये या गलत वितरित आइटीसी की राशि, जो भी अधिक हो, का जुमार्ना लगा सकते हैं।

### बैंकिंग और कर नियमों में अन्य बदलाव

1 अप्रैल 2025 से बैंकिंग और कर से जुड़े कई अन्य नियम भी बदल जाएंगे, जिनका सीधा असर आम जनता की जेच पर पड़ेगा। इनमें एटीएम निकासी शुल्क, यूपीआई ट्रांजेक्शन लिमिट, क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड्स, बचत खाते में न्यूनतम बैलेंस, चेक पेमेंट, डीमैट अकाउंट केवाईसी और पैन-आधार लिंकिंग से जुड़े नए नियम शामिल हैं।

### व्यवसायों के लिए सुझाव

इन परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए, सभी व्यवसायों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी कर प्रक्रियाओं की समीक्षा करें और सुनिश्चित करें कि वे नए आइएसडी प्रणाली और अन्य लागू नियमों के अनुरूप है। यह न केवल उन्हें संभावित दंड से बचाएगा, बल्कि उनके कर अनुपालन को भी मजबूत करेगा।

### होटल में रेस्टोरेंट में खाने के संबंध में नया नियम

यह कि 1 अप्रैल 2025 से होटल के रेस्टॉरेंट में खाना महंगा हो सकता है। यह कि 1 अप्रैल 2025 से ₹7500 से कम किराए वाले रूम के होटल के लिए 18% जीएसटी के साथ इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) लेने की सुविधा उपलब्ध होगी। यह कि अभी जिन होटल में कमरे का किराया ₹7500 से बाम है, वहां रेस्टोरेंट में खाने पर 5% जीएसटी लगाया जाता है।

यह कि यदि होटल बाले ने 18% जीएसटी के साथ इनपुट टैक्स क्रेडिट (आइटीसी) की सुविधा अपनाते हैं, तो रेस्टोरेंट में खाना महंगा हो जाएगा।

### पुरानी सामान्य एवं इलेक्ट्रिक कार के संबंध में नया नियम

यह कि 1 अप्रैल 2025 से पुरानी सामान्य एवं इलेक्ट्रिक कार की बिक्री पर 12% की जगह 18% जीएमटी लगाया जाएगा। तथा सेकंड हैंड कारों की बिक्री करने वाली एजेंसी के लिए यह नियम आगू होगा।

## केंद्रीय मंत्री अठावले का दावा कहा- लालू से ज्यादा फिट हैं नीतीश, 10 साल रहेगी उनकी सत्ता

**पटना (एजेंसी)।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले बिहार के तीन दिवसीय दौरे पर आए। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया और कहा कि जद (यू) अध्यक्ष का स्वास्थ्य अच्छा है और वह कम से कम पांच से दस साल तक सत्ता में रहेंगे। वहीं उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जवाहर लाल नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ेंगे और लगातार चौथी बार सत्ता बरकरार रखेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी ने लगातार तीसरी बार सत्ता में लौटकर नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। मुझे विश्वास है कि वह रिकॉर्ड तोड़ देंगे और लगातार चौथी बार सत्ता में आएंगे। दलित नेता ने कहा, एक बौद्ध के रूप में, मैं बिहार का बहुत सम्मान करता हूं, वह भूमि जहां बुद्ध ने 2,500 साल से भी पहले ज्ञान प्राप्त किया था। महाबोधि मंदिर परिसर, जो यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल है, पर पूर्ण नियंत्रण की मांग कर रहे बौद्धों के साथ एकजुटता दिखाते हुए बोधगया का दौरा करने के एक दिन बाद अठावले ने कहा कि उन्होंने इस मुद्दे को मुख्यमंत्री के समक्ष भी उठाया है। उन्होंने कहा कि मैंने नीतीश जी से



बौद्धों की चिंताओं का समाधान करने का आग्रह किया है, जो एक महीने से बोधगया में विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मैंने खुद प्रदर्शनकारियों से मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को मामले की जांच करने का निर्देश दिया है।

### सांप्रदायिक तनाव के लिए छावा जिम्मेदार

आठवले ने अपने गृह राज्य महाराष्ट्र में हाल में हुए सांप्रदायिक तनाव के लिए ब्लॉकबस्टर फिल्म छावा को जिम्मेदार ठहराया और औरंगाबाद में स्थित औरंगजेब के मकबरे को हटाने की मांग को बंद करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, मुझे नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली टीम का हिस्सा होने पर गर्व है, जिनके कार्यकाल में हम दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर हैं।

## जस्टिस वर्मा के चक्कर में चर्चा में आया 17 साल पुराना जस्टिस निर्मल का केस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली हाईकोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा का नाम कथित कैश कांड को लेकर सुर्खियों में है। आरोप है कि जस्टिस वर्मा में अपने सरकारी बंगले के आउटहाउस में करोड़ों रुपए की नकदी रखी थी, जो उनके घर पर लगी आग में जल गई। सुप्रीम कोर्ट ने इन आरोपों को गंभीरता से लेते हुए जांच बैठा दी है और उनका इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया है।




हालांकि इस बीच एक और जज का 17 साल पुराना कैश कांड चर्चा में आ गया। यह मामला तत्कालीन पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट जज निर्मल यादव से जुड़ा था, जिन पर 15 लाख रुपए की रिश्वत लेने का आरोप था। न्यायिक व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करने वाले इस मामले पर आज हाईकोर्ट का फैसला आने वाला है। यह घटना 13 अगस्त 2008 की है, जब एक प्लास्टिक बैग में रखे 15 लाख रुपए गलती से जस्टिस निर्मल यादव की जगह हाईकोर्ट की ही दूसरी जज, जस्टिस निर्मलजीत कौर के घर पहुंच गए थे। यह रकम कथित तौर पर एक जमीन सौदे में पक्षपात के बदले रिश्वत के रूप में भेजी गई थी।

जस्टिस निर्मलजीत कौर के पीए अमरीक सिंह ने जब यह रकम देखी, तो तुरंत इसकी सूचना अधिकारियों को दी। बात हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तक पहुंची और मामला चंडीगढ़ पुलिस के पास चला गया। हालांकि, कुछ ही दिनों बाद तत्कालीन चंडीगढ़ प्रशासक, जनरल (रिटायर्ड) एसएफरोड्रिग्स ने इसे सीबीआई को सौंप दिया। 28 अगस्त 2008 को सीबीआई ने इस मामले में नई एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। इस मामले में जस्टिस निर्मल यादव के अलावा दिल्ली के होटल कारोबारी रविंदर सिंह भसीन, प्रॉपर्टी डीलर राजीव गुप्ता और निर्मल सिंह भी आरोपी बनाए गए थे।

वहीं, इस मामले के एक अन्य आरोपी, हरियाणा के पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल संजीव बंसल की बाद में मौत हो गई थी। सीबीआई कोर्ट में इस मामले की 300 से ज्यादा सुनवाई हो चुकी है और कुल 76 गवाहों के बयान दर्ज किए गए। हालांकि, इनमें से 10 गवाह मुकदमे के दौरान अपने बयान से पलट गए।

अपने बचाव में जस्टिस यादव ने कोर्ट में कहा, 'मैंने कोई अपराध नहीं किया है और पूरे मुकदमे के दौरान मेरे खिलाफ कुछ भी ठोस नहीं मिला। हालांकि, सीबीआई ने लगातार इस बात पर जोर दिया कि रिश्वत की रकम जस्टिस यादव के लिए ही भेजी गई थी और यह पूरा मामला भ्रष्टाचार से जुड़ा हुआ था। चंडीगढ़ की सीबीआई विशेष अदालत इस चर्चित मामले में आज अपना फैसला सुनाने जा रही है। विशेष सीबीआई जज अल्का मलिक ने गुरुवार को दोनों पक्षों की अंतिम बहस सुनने के बाद इस पर निर्णय सुरक्षित रख लिया था।




नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**